# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 16 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-120 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### टीवी शो 'कुमकुम भाग्य' की एक्ट्रेस संचिता उगले का निधन

**नई दिल्ली।** संचिता ने कई टीवी शो और फिल्मों में काम किया है।



वह लोकप्रिय टीवी शो, 'वागले की दुनिया' जैसे कई शो का हिस्सा रह चुकी थीं। उन्होंने फिल्म 'छावा' में भी काम किया था, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आए थे। पुलिस के अनुसार,संचिता अपने माता-पिता और बहन के साथ मुंबई के नालासोपारा में रहती थीं। घटना के समय वह घर पर अकेली थीं। शुरूआती जांच में सामने आया है कि उन्होंने साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगाई। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच जारी है।

### मप्र में तेज रफ्तार बोलेरो पलटी, पांच की मौत

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में मटकुली-पिपरिया मार्ग पर सोमवार शाम को तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में बोलेरो सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में पति-पत्नी और एक आठ साल बच्चा भी शामिल है। पिपरिया थाना पुलिस के अनुसार, बोलेरो सवार लोग तामिया से होशंगाबाद जा रहे थे। मटकुली रोड पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व स्थित डोकरीखेड़ा गांव के समीप सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

### 19 जिलों में आज बारिश वज्रपात को लेकर अलर्ट

**पटना।** बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून की दस्तक के साथ ही मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को प्रदेश के 19 जिलों में बारिश, तेज हवा और वज्रपात (बिजली गिरने) को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है. विभाग के मुताबिक इन चिन्हित जिलों में अचानक मौसम बदल सकता है और तेज हवाओं के झोंकों के साथ मध्यम से भारी बारिश दर्ज की जा सकती है।

### विधायक अनंत सिंह को मिली अग्रिम जमानत

**पटना।** गोपालगंज की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को अनंत सिंह और भोजपुरी गायक



गुंजन सिंह को अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला बिहार में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर हथियार लहराने और अश्लील गाने गाने से जुड़ा एक हाई-प्रोफाइल केस है। यह मामला मीरगंज पुलिस स्टेशन के इलाके में आने वाले सेमराव गांव में 2 मई को आयोजित उपनयन संस्कार (जनेऊ संस्कार) से जुड़ा है। इस कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया।

# गयाजी के खिजरसराय में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रौद्योगिकी केंद्र का किया शिलान्यास व भूमि पूजन

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने सोमवार को संयुक्त रूप से गयाजी जिला स्थित खिजरसराय में प्रौद्योगिकी केंद्र का रिमोट का बटन दबाकर शिलान्यास किया तथा भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान गयाजी-इस्लामपुर-खिजरसराय पथ के 20वें किमी से टेक्नोलॉजी सेंटर (देवगांव) तक पथ का

**बिहार में बंद होंगे सारे कोचिंग सेंटर : मुख्यमंत्री**

**खिजरसराय, आरा और पटना में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल**

चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि आज पीएम मोदी के नेतृत्ववाली सरकार की तीन योजनाओं की तीन जगहों खिजरसराय, आरा और पटना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिल रहा है। यहां 170 करोड़ की योजनावाली प्रौद्योगिकी केंद्र का शिलान्यास कर काफी खुशी हो रही है।



इस प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमीन उपलब्ध कराई थी। पहले एमएसएमई मंत्रालय को लोग ठीक से जानते भी नहीं थे, लेकिन पीएम मोदी की सरकार के दौरान इस विभाग में काफी काम हुये हैं। जीतन राम मांझी ने भी इस विभाग के मंत्री रहते हुए काफी कार्य किए हैं। बिहार में वर्ष 2022 में एमएसएमई की संख्या 6 लाख ही थी, जो अब बढ़कर 46 लाख से अधिक हो गयी है। इसमें 1 करोड़ 87 लाख लोगों को सीधा रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीतन राम मांझी को खिजरसराय और अतरी को मुख्यधारा में लाने के लिए

**मुख्य बिंदु**

- अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के लिए 40 एकड़ जमीन सरकार उपलब्ध कराएगी
- बिहार में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 46 लाख से अधिक
- 1.87 करोड़ लोगों को मिल रहा सीधा रोजगार

धन्यवाद देते हैं। हम भगवान श्रीराम के वंशज लव-कुश हैं। माता सीता के श्राप से फल्गू नदी को मुक्त कराएंगे। इंद्रपुरी जलाशय, सोन नदी और बाण सागर समझौता से प्राप्त पानी को हर हालत में फल्गु नदी में लाने का काम किया जाएगा। खिजरसराय में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम खोलने के लिए 40 एकड़ जमीन राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि हम बिहार में ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं कि बिहारी लौटकर बिहार आएंगे और बिहार को सुंदर एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई भारत सरकार के विकास आयुक्त सह अपर सचिव रजनीश कुमार ने मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री श्री मांझी के साथ ही बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, श्रेयसी सिंह, विधायक रोनित कुमार, सचिव, एमएसएमई भारत सरकार, भरत खेड़ा, विकास आयुक्त सह अपर सचिव रजनीश कुमार ने भी संबोधित किया। उधर खान सर और रौशन आनंद विवाद प्रकरण के बीचे कोचिंग संस्थानों पर नकेले कसने की मांग जोर पकड़ने लगी है. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के बाद अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था करने जा रहे हैं कि ये कोचिंग सेंटर बंद हो जाएंगे.गयाजी में प्रौद्योगिक केन्द्र का शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए लगातार कदम उठा रही है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकारी स्कूल में पठन-पाठन इस तरह कि होगी कि किसी को कोचिंग जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

## सीएम ने भोजपुर के वाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का किया शिलान्यास

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के नवादाबेन पंचायत स्थित वाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में 31.21 करोड़ रुपए की लागत से 32 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। अधिकारियों ने लेआउट प्लान के माध्यम से इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क में बनने वाली संरचना तथा विकसित होने वाले क्षेत्र के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों, मत्स्यपालकों को चाबी एवं कीट प्रदान की। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत विकसित होने वाले इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क में कार्प हैचरी, स्ट्रिप्ड कैटफिश हैचरी, ब्रुडर इन्क्यूबेशन यूनिट, ओवरहेड टैंक, कंक्रीट रियरिंग टैंक, ईटीपी पाइपलाइन, विभिन्न प्रकार के तालाब, बायो फ्लॉक इकाइयां, आरएएस, फीड मिल एवं मशीनरी, छात्रावास / अतिथि गृह, प्रशासनिक भवन, प्रयोगशाला एवं प्रशिक्षण परिसर, जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला, रोग निदान प्रयोगशाला तथा क्वारंटाइन टैंक एवं वेट लैब सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

## जयपुर में सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके को अज्ञात युवक ने जड़ा थप्पड़

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर के शहीद स्मारक पर रविवार को उस समय अचानक हंगामे की स्थिति बन गई, जब कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके सभा स्थल पर पहुंचे और प्रवेश के दौरान एक अज्ञात युवक ने कथित रूप से उन्हें थप्पड़ मार दिया. घटना इतनी तेजी से हुई कि वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही युवक मौके से फरार हो गया. देखते ही देखते सभा स्थल पर मौजूद कार्यकताओं और समर्थकों में नाराजगी फैल गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

बताया जा रहा है कि कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से शहीद स्मारक पर प्रदर्शन आयोजित किया गया था. इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पार्टी संस्थापक अभिजीत दिपके पहुंचे थे. जैसे ही वे सभा स्थल में प्रवेश कर



रहे थे, उसी दौरान एक युवक उनके करीब आया और उन्हें थप्पड़ मारकर वहां से भाग निकला. घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई. वीडियो में दिख रहा है कि कार्यकताओं ने युवक को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह भीड़ का फायदा उठाकर निकल गया।

## ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर रौशन आनंद को मिली जमानत

### रौशन आनंद ने खान सर पर भाई की हत्या करवाने का लगाया आरोप

**पटना (एनएसबी)।** पटना के ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद को खान सर की कोचिंग पर पथराव मामले में सोमवार को पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिल गई। इसके बाद वह बेऊर जेल से बाहर निकले और प्रिंस के अंतिम संस्कार में शामिल होने सहरसा के लिए रवाना हो गए।



**कोचिंग विवाद मामला**

इस दौरान रौशन आनंद ने फैजल खान उर्फ खान सर पर भाई की हत्या करवाने का आरोप लगाया। रौशन आनंद ने कहा कि खान सर और किसान कोल्ड स्टोर के मालिक आर एस प्रसाद ने मिलकर मेरे भाई प्रिंस की हत्या की है। रौशन आनंद ने कहा कि मैं बाहर था तो क्यों उसकी हत्या नहीं हुई। मेरे जेल में जाते ही उसकी साजिश के तहत उसे मरवाया गया। फैजन खान बहुत झूठ बोलता है। पहले कह रहा था गोली हमने चलाई। वीडियो सामने आया कि उसने ही गोली चलवाई। बता दें रौशन आनंद को 3 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 12 दिन बाद उन्हें जमानत मिली है। 2 जून को खान सर कोचिंग में हुए हमले के बाद दर्ज एफआईआर में प्रिंस भी नामजद आरोपी था। रविवार को नेपाल के विराटनगर के एक होटल में प्रिंस यादव लाश मिली थी। प्रिंस की आंख पर चोट के निशान थे। आज सहरसा में प्रिंस का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर, रौशन आनंद के वकील रमाकांत शर्मा के मुताबिक, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, दोनों शिक्षक हैं, हेल्दी कम्पीटिशन करें, क्रिमिनल एक्टिविटी में इन्वॉल्व न हों। गुरु हैं, गुरु की तरह व्यवहार करें। वकील रमाकांत शर्मा ने बताया, हमने कोर्ट में कहा अगर इस एफआईआर को स्वीकार भी किया जाए तो रौशन आनंद इस घटना में शामिल नहीं हैं। हम पर षडयंत्र का आरोप है तो खान के बॉडीगार्ड के फायरिंग की बात क्यों छिपाई गई।

### प्रिंस पहले से बीमार था, उसे किसी ने नहीं मारा : खान सर

**पटना (एनएसबी) ।** रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की मौत को लेकर खान सर ने अपना एक भावुक वीडियो मैसेज जारी कर दुख जताया है। उन्होंने सफाई दी- उसको किसी ने नहीं मारा। वो हम लोगों का करीबी दोस्त था, हम लोग क्यों करेंगे ऐसा। किसी अन्य ने भी उसको नहीं मारा। वो पहले से बीमार था। खान सर वीडियो में एक न्यूज क्लिप दिखाया, जिसमें प्रिंस यादव के दोस्त यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि प्रिंस का पहले से दवाई चलता था। उसको दो बार अटैक आ चुका है।



## मुजफ्फरपुर में आभूषण कारोबारी की हत्या

### गहनों से भरा बैग लूटकर फरार हुए अपराधी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बेखौफ अपराधियों ने एक बार फिर मुजफ्फरपुर पुलिस व कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए सोमवार की देर शाम एक बड़ी घटना को अंजाम देते हुए सदर थाना क्षेत्र के कच्ची पक्की ओपी अंतर्गत माधोपुर चौक के पास एक आभूषण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद अपराधी व्यवसायी के पास मौजूद आभूषणों से भरा झोला लूटकर आसानी से फरार हो गए। इस सनसनीखेज घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यवसायी की पहचान दीपक कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। वह कच्ची पक्की थाना क्षेत्र के माधोपुर चौक पर अपनी आभूषण की दुकान चलाते थे। रोज की तरह वे देर शाम अपनी दुकान बंद कर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। उनके पास दुकान के कीमती जेवरातों से भरा



एक झोला भी था। माधोपुर चौक से कुछ ही दूरी पर एक सुनसान जगह है, जहां आस-पास खाली मैदान है। अपराधी इसी बात का फायदा उठाने के लिए वहां पहले से घात लगाए बैठे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही दीपक कुमार गुप्ता उस सुनसान मैदान के पास पहुंचे, एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने उन्हें जबरन रोका। अपराधियों ने लूटपाट का विरोध करने पर व्यवसायी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दीपक को शरीर में दो गोलियां लगीं, जिससे वे लहुलुहान होकर वहीं गिर पड़े। इसके बाद अपराधी गहनों से भरा झोला लेकर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की पूरी जानकारी मृतक व्यवसायी के साथ रहने वाले उनके स्टाफ ने दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में घायल व्यवसायी को इलाज के लिए बैरिया स्थित मां जानकी हॉस्पिटल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मां जानकी अस्पताल के संचालक सह प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अमितांशु ने बताया कि गोली लगने के कारण मरीज की हालत बेहद गंभीर थी और अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो चुकी थी।

## TMC के 20 बागी सांसदों का एनसीपीआई में विलय

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के विलय के बाद नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (NCPI) चर्चा में है। रिकॉर्ड के अनुसार, 3 साल पहले 2023 में बंगाल के उत्तिया कुंडू और शेउली कुंडू नाम के कपल ने पार्टी की नींव रखी थी। NCPI के डॉक्यूमेंट्स में उत्तिया कुंडू पार्टी के अध्यक्ष हैं। पत्नी शेउली का नाम कोषाध्यक्ष के रूप में दर्ज है। NCPI अध्यक्ष उत्तिया ने 13 मई को फेसबुक पर बंगाल उट शुभेंदु अधिकारी के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी थी। हावड़ा में NCPI का ऑफिस है, जहां सोमवार को सुरक्षाबलों की तैनाती दिखी। ऑफिस के गेट पर उत्तिया ने खुद को बंगाली न्यूजपेपर का एडिटर और टीचर बताया है। उनकी पत्नी शेउली के नाम के नीचे कलकत्ता हाईकोर्ट की वकील लिखा है।

## नालंदा में दो युवकों की पीट-पीटकर मार डाला

**राजगीर (एनएसबी)।** नालंदा में रविवार रात चोरी के आरोप में दो युवकों की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान दीपनगर के पिंटू पासवान(24) और श्रवण पासवान(18) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है।बताया जा रहा है कि राजगीर में मलमास मेले के दौरान देर रात श्रद्धालुओं का पंगत चल रहा था। इसी दौरान दोनों युवक वहां पहुंचे। लोगों ने दोनों को चोर समझकर पकड़ लिया और आधे घंटे तक जमकर पिटाई की। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना



मंदिर के बाहर चोर समझकर खींच ले गए लोग

मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अपने कब्जे में लिया। युवकों की गंभीर स्थिति देखकर अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना झुनकिया बाबा मंदिर के पास की है।

## 'युद्ध खत्म'-ट्रंप के एलान के बाद ईरान की पुष्टि शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होंगे डील पर साइन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया को तबाह कर देने वाले अमेरिका और ईरान के भीषण संघर्ष पर अब विराम लगने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अचानक आए एक एलान और उसके बाद ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी की पुष्टि ने यह साफ कर दिया है कि दोनों महाशक्तियां अब जंग के मैदान को छोड़ मेज पर आ चुकी हैं। हालांकि, यह शांति इतनी आसान नहीं है। एक तरफ जहां ट्रंप ने दुनिया भर के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का व्यापार शुरू करने का न्योता दे दिया



है, वहीं दूसरी तरफ ईरान ने अपनी बंदूकों का रुख नीचे करने के बावजूद तेवर कड़े रखे हैं। ईरान का साफ कहना है कि वह समझौते की मेज पर तभी बैठेगा, जब अमेरिका पहले अपनी तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों को हटाएगा और उसकी जब्त संपत्तियों को आजाद करेगा। शांति समझौते को लेकर सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एलान किया। उन्होंने लिखा कि इरान के साथ समझौता अब पूरा हो चुका है। सभी को बधाई। अपने पोस्ट में ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि मैं होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने और अमेरिकी नौसेना के प्रतिबंध (ब्लॉकेड) को तुरंत हटाने की अनुमति देता हूं। दुनिया भर के जहाजों, अपने इंजन शुरू करो और तेल को बहने दो।

## पटना में गर्मी को लेकर स्कूलों का समय बदला

**पटना (एनएसबी)।** प्रदेश के कई जिले अभी भी भीषण गर्मी की चपेट में हैं। रविवार को 40 डिग्री के साथ शेखपुरा सबसे गर्म रहा। बढ़ती गर्मी के बीच पटना और आरा डीएम ने क्लास 5 तक के सभी स्कूल बंद करने के आदेश दिए हैं। जबकि क्लास 6 से 8 तक की पढ़ाई सुबह 10:30 तक चलेंगी। ये आदेश सरकारी, प्राइवेट स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में लागू होंगी। गया में भी भीषण गर्मी के बीच जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने सभी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां 20 जून 2026 तक बंद करने का निर्देश दिया है।

## मधुबनी से संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

### पाकिस्तान इंटेलिजेंस के संपर्क में था इजहारुल हक, ATS का बड़ा एक्शन

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले एक संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी की खबर आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार मधुबनी के पडौल थाना क्षेत्र से इजहारुल हक नामक व्यक्ति को मध्य प्रदेश पुलिस और बिहार एटीएस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी इजहारुल हक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के संपर्क में था। जांच एजेंसियों का दावा है कि वह व्हाट्सएप समेत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



के जरिए पाकिस्तान इंटेलिजेंस से लगातार संपर्क बनाए हुए था. इसी इनपुट के आधार पर मध्य प्रदेश पुलिस और बिहार एटीएस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया.सूत्रों के मुताबिक, इजहारुल हक के खिलाफ मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पहले से एक प्राथमिकी दर्ज है. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को मधुबनी कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर मध्य प्रदेश पुलिस के हवाले कर दिया गया. बताया जा रहा है कि अब भोपाल पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी और उसके पाकिस्तान स्थित संपर्कों, गतिविधियों तथा संभावित नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाएगी.।

# सरेआम युवक को मारा चाकू, पुलिस कार्रवाई सवालों के घेरे में चार दिन बाद भी मामला दर्ज नहीं, परिजनों ने आईजी से शिकायत

**पटना / एनएसबी ।** श्री कृष्णा पुरी थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला कर सरेआम पेट में चाकू घोंप दिया गया। पुलिस ने चार दिनों तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है।

घटना 11 जून 8 बजे रात का है। श्री कृष्णा पुरी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने गौतम राज सिंह नामक युवक पर जानलेवा हमला करते हुए उसके पेट में चाकू मार दिया। आनन-फानन में घायल युवक को पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हैरान करने वाली बात यह रही कि इतनी बड़ी वारदात होने के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी। इसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए पीड़ित की मां माधुरी देवी ने उसे पटना एम्स में भर्ती कराया।

जख्मी के परिवार का आरोप है कि घटना के बाद वे कार्रवाई के लिए श्री कृष्णा पुरी थाना पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। लेकिन वारदात के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और केस दर्ज नहीं किया। थक-हारकर परिजनों ने इस मामले की जानकारी पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को उनके मोबाइल पर दी। एसएसपी को सूचित करने के बाद जब परिजनों ने दोबारा श्री कृष्णा पुरी थाना के पुलिस अधिकारी से फोन पर मामला दर्ज करने का आग्रह किया, तो उन्होंने व्यस्त होने का बहाना बनाया और परिजनों का फोन काट दिया।

पुलिस के इस संवेदनहीन रवैये के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष चंद्र शर्मा ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आईजी को लिखे पत्र में कहा है कि हत्या के प्रयास जैसे गंभीर और संज्ञेय अपराध में भी पुलिस का यह रवैया बेहद शर्मनाक है। उन्होंने मांग की है कि कर्तव्य में लापरवाही बरतने और सरेआम अपराध की प्राथमिकी दर्ज न करने वाले श्री कृष्णा पुरी थाना के अधिकारी सेवा से बर्खास्त किया जाए।

युवक को चाकू मारने के मामले में डीएसपी सचिवालय डा. अनु कुमारी ने बताया कि एक बदमाश को दबोचा गया है। डीएसपी के मुताबिक 11जून को श्रीकृष्णापुरी थाना को सूचना प्राप्त हुई कि ऑटोमस रेस्टोरेंट के समीप एक व्यक्ति के साथ दूसरे व्यक्ति द्वारा हाथापाई, मारपीट एवं चाकू से हमला किया गया है। प्राथमिकी नामजद अभियुक्त सुधांशु कुमार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है ।

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्षीय कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश) ।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने अध्यक्षीय कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मीडिया के समक्ष बोर्ड का एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने बीते एक वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा प्राप्त महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। रिपोर्ट कार्ड जारी करते समय बोर्ड के सदस्य दुर्गेश कुमार राय, चन्द्र किशोर कुमार, धनेश्वर प्रसाद कुशवाहा, परीक्षा नियंत्रक उपेन्द्र कुमार एवम बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड पटना के सभी कर्मचारी उपस्थित हुए।

अध्यक्ष श्री झा ने बताया कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने पिछले एक वर्ष में कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वर्ष 2026 की मध्यमा परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वर्ष जहाँ 13,241 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वहीं इस वर्ष लगभग 24 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। पिछले आठ वर्षों में पहली बार संस्कृत शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की संख्या में इतनी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा के प्रचार-प्रसार और जनजागरण के लिए सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग किया गया। बोर्ड के आधिकारिक फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों तक पहुँच बनाकर सकारात्मक माहौल तैयार किया गया।

डिजिटल क्षेत्र में पहली बार बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की अपनी सरकारी वेबसाइट विकसित की गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया तथा परीक्षा परिणाम भी वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए। यह बोर्ड के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


रिपोर्ट कार्ड जारी करते मृत्युंजय कुमार झा।

श्री झा ने बताया कि मध्यमा परीक्षा 2026 का परिणाम मात्र 27 दिनों में प्रकाशित किया गया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अतिरिक्त पहली बार बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा पूरक (सप्लीमेंटरी) परीक्षा का आयोजन भी किया गया, जिससे असफल विद्यार्थियों को पुनः अवसर प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर सर्व शिक्षा अभियान से बोर्ड को जोड़ने की पहल की गई। शिक्षा मंत्रालय द्वारा इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए इसे अपरेशनल मोड में लाया गया है और शीघ्र ही इसका क्रियान्वयन प्रारंभ होगा।

अध्यक्ष ने बताया कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के पास पूर्व में अपना व्यवस्थित कार्यालय नहीं था। राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी के प्रयासों से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति परिसर, बुद्ध मार्ग, पटना स्थित प्रथम तल पर बोर्ड को कार्यालय आवंटित किया गया, जिससे प्रशासनिक कार्यों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में सुविधा मिली।

उन्होंने कहा कि कार्पोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी के माध्यम से संसाधन जुटाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग दो करोड़ रुपये की राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है, जिससे आधुनिक कंप्यूटर लैब सहित आवश्यक संसाधनों का विकास किया जाएगा।

इस दौरान बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के 14 कर्मियों को एक साथ सेवांत लाभ प्रदान किया गया, जो वर्षों से लंबित था।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बोर्ड के पाठ्यक्रम का पुनर्गठन किया गया है। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक एवं व्यावसायिक शिक्षा को भी शामिल किया गया है। भविष्य में इसे और विस्तारित किया जाएगा।

भविष्य की कार्ययोजना की जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री झा ने बताया कि बिहार में लगभग 40 मॉडल संस्कृत विद्यालय विकसित किए जाएंगे, जिनमें कंप्यूटर लैब, आईसीटी सुविधाएँ, डिजिटल पुस्तकालय, खेलकूद संसाधन तथा आधुनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी। साथ ही एआई आधारित शिक्षण, भाषा प्रयोगशाला और तकनीक आधारित शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संस्कृत शिक्षा बोर्ड के समग्र विकास हेतु परियोजना इकाई का गठन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्कृत विश्व सम्मेलन आयोजित करने की योजना है।

विभिन्न संस्थानों एवं कार्पोरेट संगठनों जैसे पतंजलि, योग संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ एमओयू कर साझेदारी विकसित की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्कृत शिक्षा के विस्तार हेतु ई-लर्निंग पोर्टल की भी शुरुआत की जाएगी।

संस्कृत को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से पूरे बिहार में गीता जयंती समारोह, गीता पाठ, संस्कृत दिवस समारोह सहित अनेक जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयं अध्यक्ष के रूप में मृत्युंजय कुमार झा ने बिहार के 38 जिलों में से 35 जिलों का दौरा कर विद्यालयों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक पहल की।

अंत में अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व तथा राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से उन्हें जो दायित्व प्राप्त हुआ है, उसके निर्वहन में बोर्ड ने एक वर्ष के दौरान अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। आने वाले समय में संस्कृत शिक्षा को आधुनिक, रोजगारोन्मुखी, तकनीक-संपन्न और जनसरोकारों से जोड़ते हुए बिहार को संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा।

## खबरें : एक नजर में

### पटना नगर निगम द्वारा विभिन्न योजनाओं की गुणवत्ता जांच हेतु 6 तीन सदस्यीय टीमों का गठन, विभिन्न प्रमंडल के अभियंताओं की टीम करेगी 70 परियोजनाओं का क्रास-इंस्पेक्शन

**पटना (दैनिक नवसंदेश) ।** पटना नगर निगम ने विकास कार्यो की गुणवत्ता जांच में पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए क्रास-इंस्पेक्शन मॉडल अपनाने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत किसी भी प्रमंडल के अभियंता अपने स्वयं के क्षेत्र में क्रियान्वित परियोजनाओं का निरीक्षण नहीं करेंगे, बल्कि अन्य प्रमंडलों में संचालित विकास योजनाओं की गुणवत्ता की जांच करेंगे। इसी उद्देश्य से निगम द्वारा तीन सदस्यीय कुल छह विशेष जांच टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें नगर क्षेत्र के विभिन्न अंचलों में क्रियान्वित 70 परियोजनाओं का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का दायित्व सौंपा गया है।

पटना नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न प्रमंडलों में सामुदायिक भवन निर्माण, सड़क निर्माण, सड़क पुनर्स्थापन, नाला निर्माण सहित विभिन्न आधारभूत संरचना एवं नागरिक सुविधा संबंधी योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इन योजनाओं के सुचारू एवं समयबद्ध निष्पादन के लिए निगम मुख्यालय द्वारा संबंधित प्रमंडलों को आवश्यकता के अनुरूप समय-समय पर अधियाचित राशि भी आवंटित की जाती रही है।

उक्त योजनाओं के निर्माण कार्यो की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों के अनुपालन एवं कार्यो की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से गठित जांच दल निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, नालों में इनलेट एवं आउटलेट की उपलब्धता, स्वीत प्राक्कलन के अनुरूप कार्य निष्पादन तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच करेंगे। प्रत्येक परियोजना की जियो-टैग्ड फोटोग्राफ सहित विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, त्रुटि, मानक से विचलन अथवा वित्तीयध्तकनीकी विसंगति पाए जाने पर संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी एवं उत्तरदायी पदाधिकारी अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जिलाधिकारी, पटना द्वारा त्रि-दिवसीय प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविरों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

**पटना (दैनिक नवसंदेश) ।** जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के आदेश के आलोक में दिनांक 16 से 18 जून, 2026 तक पटना जिला के भी सभी 23 प्रखंडों में त्रि-दिवसीय प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में आयोजित हो रहे इन प्रखंड सहयोग-सह-जन-कल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। इसी प्रयोजन से राज्य के सभी प्रखंडों में इन शिविरों का आयोजन एक साथ किया जा रहा है। तीन दिनों तक लगने वाले शिविरों में लगभग 25 विभागों की विभिन्न योजनाओं के लिए अलग-अलग काउंटर लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर स्थलों पर विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र लाभुकों को आवेदनधनिबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी इत्यादि लंबित कार्यो का निपटान एवं योजनाओं के देय लाभ का वितरण किया जाएगा। लोगों की सहायता हेतु कैम्प में हेल्प डेस्क भी क्रियाशील रहेगा। प्रशिक्षित वोलेंटियर एवं कर्मी हेल्प डेस्क पर तैनात रहेंगे जो आवेदकों लाभार्थियों को सही काउन्टर तक मार्ग-दर्शन, फार्म भरवाने एवं दस्तावेजीकरण में सहायता प्रदान करेंगे।

# छात्र सीखेंगे मिट्टी परीक्षण, किसानों को मिलेगा लाभ, स्कूल सायल हेल्थ प्रोग्राम का होगा विस्तार

दैनिक नवसंदेश

**पटना ।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीठापुर स्थित कृषि भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना तथा मुख्यमंत्री बागवानी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, छात्रों में अनुसंधान एवं प्रयोगात्मक क्षमता विकसित करने तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत संचालित स्कूल सायल हेल्थ प्रोग्राम के तहत राज्य के कुल 160 पीएम श्री एवं राजकीय विद्यालयों में मिनी सायल टेस्टिंग प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा चुकी है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर छात्रों को मृदा परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा कृषि एवं पर्यावरण के प्रति उनकी समझ को विकसित करना है।

मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस कार्यक्रम का व्यापक विस्तार करते हुए राज्य के कुल 629 पीएम श्री एवं राजकीय विद्यालयों में मिनी सायल टेस्टिंग प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी और इस योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा। इन


कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ।

प्रयोगशालाओं के माध्यम से कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 के छात्र-छात्राएं मृदा परीक्षण, नमूना संग्रहण तथा मृदा स्वास्थ्य संबंधी व्यावहारिक गतिविधियों में भाग लेंगे। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी कौशल एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित होगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में मिनी सायल टेस्टिंग प्रयोगशाला की स्थापना के लिए एक लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है, जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत

**629 विद्यालयों में स्थापित होंगी मिनी सायल टेस्टिंग लैब, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दी स्वीकृति**

**वैज्ञानिक कृषि को बढ़ावा : 629 विद्यालयों में मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना**

**मिट्टी की जांच से खेती तक नई पहल, कृषि मंत्री ने सायल हेल्थ लैब एवं ड्रैगन फ्रूट विकास योजना की समीक्षा की**

राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। भारत सरकार द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 50 मिट्टी नमूनों का संग्रहण, परीक्षण तथा किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का लक्ष्य दिया गया है। यह पहल छात्रों, विद्यालयों और किसानों के बीच एक प्रभावी समन्वय स्थापित करेगी तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देगी। समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत तैयार डीपीआर के आधार पर संचालित ड्रैगन फ्रूट विकास योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के अंतर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए कुल तीन करोड़ रुपये की लागत से इस योजना के क्रियान्वयन को स्वीकृति प्रदान की गई है।

## खबरें खास-खास

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने किया दिव्यता का साक्षात दर्शन

**पटना (दैनिक नवसंदेश) ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने किया दिव्यता का साक्षात दर्शन । वे सोशल मीडिया पर लिखते है कि उत्तर प्रदेश के मथुरा-वृंदावन क्षेत्र स्थित शेरगढ़ ग्राम पहुंचकर वर्षों पुराने विशाल वटवृक्ष की छांव में घंटों बैठने और प्रति की अनुपम छटा के मध्य आत्मचिंतन एवं साधना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं प्रति अपनी दिव्यता का साक्षात दर्शन करा रही हो।


पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के वाल से। ब्रजभूमि की आत्मा से साक्षात्कार।

चारों ओर फैली हरियाली, मंद-मंद बहती हवा और अपने पंख फैलाकर नृत्य करते मोरों का मनोहारी दृश्य मन को अद्भुत शांति और आनंद से भर रहा था। ब्रज की इस पावन धरती पर प्रति और संस्कृति का ऐसा अद्वितीय संगम देखने को मिला, जो आज भी भारतीय ग्राम्य जीवन की आत्मा को जीवंत बनाए हुए है।

गांव की महिलाओं द्वारा गोयठा (उपला) रखने के लिए बनाए गए बिटोरों पर उकेरी गई सुंदर कलाकृतियां ग्रामीण कला, सृजनशीलता और भारतीय लोक संस्कृति की समृद्ध परंपरा का जीवंत उदाहरण हैं। उनकी अद्भुत रचनात्मकता और सौंदर्यबोध देखकर मन अभिभूत हो उठा।

प्रवास के दौरान गांव की मातृशक्ति ने अपने स्नेह और आत्मीयता से चूल्हे पर बनी ताजी रोटी और स्वादिष्ट कढ़ी का भोजन कराया। उस भोजन में केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि ब्रजवासियों का प्रेम, अपनापन और भारतीय संस्कृति के अतिथि-सत्कार की भावना भी समाहित थी। विदा लेने से पूर्व गौ माता को रोटी खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्रजभूमि का यह प्रवास केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय संसति, प्रति, ग्राम्य जीवन और मानवीय संवेदनाओं के साथ एक आत्मिक जुड़ाव का अविस्मरणीय अनुभव रहा। ब्रज की पावन धरा, ग्राम्य संस्कृति की सरलता, मातृशक्ति का स्नेह और प्रकृति का अनुपम वैभवये स्मृतियां जीवनभर हृदय में संजोकर रखने योग्य हैं।

### एनआईटी पटना में आईसीएसएसआर प्रायोजित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**पटना (दैनिक नवसंदेश) ।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) पटना के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार प्रायोजित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम का शुभारंभ मेघनाद साहा हाल, एनआईटी पटना में हुआ। इस पाठ्यक्रम का विषय है मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक समावेशन को आगे बढ़ाने हेतु नवीन शोध पद्धतियाँ । यह कार्यक्रम स्नातकोत्तर, शोधार्थी (पीएचड़ी) तथा पोस्ट-डाक्टोरल फेलो (पीडीएफ) प्रतिभागियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को समकालीन शोध पद्धतियों, विश्लेषणात्मक उपकरणों तथा उभरती हुई अनुसंधान तकनीकों से परिचित कराना है, ताकि वे मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक समावेशन से संबंधित जटिल सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण शोध कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात ड़ा अमजद अली, पाठ्यक्रम निदेशक एवं सहायक प्राध्यापक,



मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, एनआईटी पटना ने पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों, विषयवस्तु तथा अपेक्षित परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए नवीन एवं अंतःविषयक शोध पद्धतियों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इसके बाद ड़ा दीपक कुमार बेहरा, सह-पाठ्यक्रम निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, एनआईटी पटना ने विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का परिचय प्रस्तुत किया तथा विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो़ प्रदीप कुमार जैन, माननीय निदेशक, एनआईटी पटना ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला शोध समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने तथा शोध की नवीन तकनीकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। प्रो़ एम़् पी़ सिंह, अधिष्ठाता (शैक्षणिक), एनआईटी पटना ने अपने संबोधन में शोध में नवाचार, नैतिकता तथा अंतःविषयक ष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शोधकर्ताओं को बहुआयामी समस्याओं के समाधान हेतु आधुनिक शोध ष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो़ शाह आलम, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक समावेशन से जुड़े समकालीन मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों का समाधान वैज्ञानिक एवं सुदृ शोध पद्धतियों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने प्रतिभागियों को शोध के प्रति गंभीर, संवेदनशील एवं नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से आए शोधार्थियों एवं शिक्षाविदों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी दस दिनों के दौरान प्रतिभागियों को विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाओं, व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों तथा उन्नत गुणात्मक, मात्रात्मक एवं मिश्रित शोध पद्धतियों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन ड़ा सुभीश एऩ पी़, अस्थायी संकाय सदस्य, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, एनआईटी पटना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। यह शोध पद्धति पाठ्यक्रम 25 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा और प्रतिभागियों को उन्नत शोध कौशल विकसित करने तथा अकादमिक सहयोग को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# सीयूएसबी में रक्तदान प्रतिज्ञा समारोह आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं नेशनल ब्लड ट्रांस्फ्यूजन काउंसिल (एनबीटीसी) के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से रक्तदान प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया । कुलपति प्रो क्रामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष प्रो़ अशोक कुमार एवं प्रो़ पवन कुमार मिश्रा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) के नेतृत्व में लीगल एड क्लिनिक के सहयोग से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया ।

जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से प्रो़ अशोक कुमार, प्रो़ पवन कुमार मिश्रा, प्रो़ सुरेन्द्र कुमार (समन्वयक, लीगल एड क्लिनिक), डा़ अनुराग अग्रवाल, डा़ निहारिका सिंह तथा डा़ विकल कुमार सिंह के साथ बड़ी संख्या में प्रध्यापगण, कर्मी एवं छात्र इस कार्यक्रम में जुड़े।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिज्ञा समारोह के साथ हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने का प्रण लिया। विभागाध्यक्ष प्रो़ अशोक कुमार ने सभी प्रतिभागियों को रक्तदान की प्रतिज्ञा दिलाई तथा सभी प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में प्रो़ सुरेन्द्र कुमार, समन्वयक, लीगल एड क्लिनिक ने मानव जीवन में रक्त के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव एवं विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का उत्कृष्ट माध्यम है, जिससे अनेक लोगों को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान हेतु आगे आने का आह्वान किया। प्रो पवन कुमार मिश्रा (डीएसडब्ल्यू) ने अपने संबोधन में कहा की आज भी समाज में रक्तदान को लेकर अनेक भ्रांतियां और आशंकाएँ मौजूद हैं। हमें यह समझना होगा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित होता है। इससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लीगल एड क्लिनिक एवं मीडिया समिति के छात्र समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में रिफात हयात (छात्र समन्वयक, लीगल एड क्लिनिक), तनिषा रय ( छात्र समन्वयक, लीगल एड क्लिनिक), अनुज किशोर ( छात्र सह-समन्वयक, लीगल एड क्लिनिक) तथा विनेदिता पंकज ( छात्र समन्वयक, मीडिया समिति) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मीडिया समिति के सदस्य अनन्या, अनुष्का आनंद, अभिषेक पाठक तथा हर्षवर्धन सहित विश्वविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंदों की सहायता हेतु समय-समय पर रक्तदान करने का संकल्प दोहराया। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की संसति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# नगर आयुक्त ने पार्षदों के साथ वार्ड 15, 16, 17 एवं 18 का किया निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नगर आयुक्त ने सोमवार को पार्षदों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ वार्ड संख्या 15, 16, 17 एवं 18 का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्षा जल निकासी, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा सड़क पुनर्स्थापन एवं जलापूर्ति परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

नगर आयुक्त ने डीवीसी चौराहा, लक्ष्मी मार्केट, न्यू जक्कनपुर सहित विभिन्न गली-मोहल्लों का भ्रमण कर चैंबर खुलवाकर नालों की उड़ाही एवं सफाई कार्यो की पुनः जांच कराई। निरीक्षण में नाला उड़ाही एवं सफाई कार्यो की स्थिति संतोषजनक पाई गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि जयप्रकाश नगर क्षेत्र में पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण तथा बुडको द्वारा बक्स ड्रेन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिससे अब क्षेत्र में जलजमाव की समस्या उत्पन्न होने की संभावना नहीं है।

इसी प्रकार पुरंदरपुर दोपुलवा क्षेत्र में भी बुडको द्वारा बक्स नाला निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे लंबे समय से चली आ रही जलजमाव की समस्या का समाधान हुआ है। नगर आयुक्त ने आजाद लेन स्थित नाले को बक्स नाले से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल की निकासी और अधिक सुगम एवं प्रभावी हो सके।

निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि जयप्रकाश नगर में रेलवे लाइन के समीप आरसीडी द्वारा निर्मित सड़क की सर्विस लेन के निर्माण के दौरान पूर्व से मौजूद नाले के ढंक जाने के कारण जलजमाव की आशंका बनी हुई है। इस पर नगर आयुक्त ने रात्रि में सड़क को पं र कर भूमिगत नाले की सफाई कराने तथा सड़क का पुनर्स्थापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

तीनपुलवा स्थित कृषि फार्म के समीप वर्तमान में जलनिकासी के लिए तीन ह्यूम पाइप लगाए गए हैं। नाले का आउटफल बेहतर करने के लिए नगर आयुक्त ने सभी ह्यूम पाइपों का लेवल दुरुस्त करने तथा एक अतिरिक्तह्यूम पाइप लगाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वार्ड 15 के पार्षद शशिभूषण, वार्ड 16 के पार्षद जयप्रकाश सिंह, वार्ड 17 की पार्षद श्रीमती सोनी देवी, अपर नगर आयुक्त (सफाई), नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# बालू की पर्याप्त आपूर्ति होगी, निर्माण कार्य पर असर नहीं होगा : डा. प्रमोद कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश) ।** बिहार में बालू की पर्याप्त भंडारण है, और आगामी तीन महीनों तक राज्य में निर्माण सामग्री की कोई कमी नहीं होगी। राज्य सरकार आगामी तीन महीनों तक अवैध खनन को लेकर सख्त निगरानी रखेगी जिससे मानसून के दौरान किसी तरह की विपरीत परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़े।

इस संबंध में खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा- बिहार सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्षा ऋतु के दौरान नदियों से बालू खनन पर प्रतिबंध पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन तथा नदी पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम है। विभाग द्वारा बालू की आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि आम नागरिकों एवं निर्माण कार्यो को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही, वैज्ञानिक अध्ययन एवं आधुनिक प्रबंधन प्रणाली के


खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

माध्यम से राज्य में खनन गतिविधियों को अधिक पारदर्शी, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बिहार सरकार पर्यावरण संरक्षण, प्रातिक संसाधनों के संतुलित उपयोग तथा वैज्ञानिक एवं सतत खनन

**15 जून से 15 अक्टूबर तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा बालू का खनन, अवैध खनन पर सरकार की रहेगी पैनी नजर**

व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप बालू खनन के संचालन एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तो के आलोक में राज्य की नदियों से 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक बालू का खनन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

प्रतिबंध अवधि के दौरान राज्य के विभिन्न कार्य विभागों, निर्माण एजेंसियों तथा आम नागरिकों को बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा स्टकिस्ट लाइसेंसधारियों एवं बालूघाटों के सेकेंडरी लोडिंग प्वाइंट्स के माध्यम से आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि विकास कार्यो एवं निर्माण गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

साथ ही, पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत खनन व्यवस्था को और अधिक वैज्ञानिक आधार प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य की पाँच प्रमुख नदियों सोन, किऊल, फल्गु, मोरहर एवं चानन में सीएमपीडीआई द्वारा बालू के पुनर्भरण का वैज्ञानिक अध्ययन कराया जा रहा है। इस अध्ययन के आधार पर भविष्य में खनन प्रबंधन को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा पर्यावरण-सम्मत बनाया जाएगा।

विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे इससे संबंधित जानकारी, अवैध खनन, अवैध परिवहन अथवा खनिजों से संबंधित किसी भी शिकायत अथवा सूचना के लिए विभाग के हेल्पलाइन नंबर 9472238821 पर संपर्क करें।

## संक्षिप्त खबरें

### बी एड (नियमित) विभाग की एनएसएस इकाई एवं स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 20 व्यक्तियों ने किया रक्तदान



**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के बीएड (रेगुलर) विभाग की एनएसएस इकाई एवं स्वास्थ्य केन्द्र के संयुक्त तत्त्वावधान में 'विश्व रक्तदाता दिवस' के अवसर पर बीएड विभाग में आयोजित "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" में 20 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, जिनमें डॉ उदय कुमार, डॉ योगेश्वर साह, डॉ कीर्ति चौरसिया, अमित कुमार झा, रवीन्द्र कुमार सिंह, पवन कुमार, विशाल कुमार, अमन कुमार, अंजली कुमारी, नीतू कुमारी, काजल कुमारी, शुभम राज, विशाल कुमार, गोविन्द कुमार, देवांगी घोष, विजय कुमार, मदन कुमार, सल्तनत अंजुम, मुकेश कुमार झा तथा ध्रुव कुमार के नाम शामिल हैं, जिन्हें डीएमसीएच की ओर से रक्तदाता प्रमाण पत्र दिया गया।लाल फीता काटकर शिविर का उद्घाटन करते हुए कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने रक्तदान को जीवनदान बताते हुए कहा कि थोड़ा-सा रक्तदान कर किसी के जीवन को बचाने से बड़ी बात कुछ और नहीं हो सकती है। यह मानवता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करता है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गीतेन्द्र ठाकुर,बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार मिलन, डॉ आर एन चौरसिया आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ निधि वत्स, डॉ प्रेम कुमारी, समरेश कुमार, अक्षय कुमार झा आदि सहित 50 से अधिक व्यक्ति उपस्थित थे।

### विधान पार्षद सुनील चौधरी ने जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी को बहादुरपुर प्रखंड मे अपना प्रतिनिधि किया मनोनीत

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के सदस्य सुनील चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी दरभंगा जिला पश्चिमी के मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी को बहादुरपुर प्रखंड में अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उन्होंने इस संबंध में मनोनयन का पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को भेज दिया है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है की प्रखंड स्तरीय सभी सरकारी एवं गैर सरकारी बैठकों, कार्यक्रमों मे उनकी अनुपस्थिति में मुकुंद चौधरी बैठक के लिए अधिकृत किए जाते हैं। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि सभी संबंधित विभागों /पदाधिकारियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से संसूचित करें। अपने मनोनयन पर मुकुंद चौधरी ने कहा कि विधान पार्षद सुनील चौधरी द्वारा मुझे बहादुरपुर प्रखंड में अपना प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने पर मैं उनके प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। यह दायित्व मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी,दरभंगा चैप्टर के द्वारा कार्यशाला आयोजित

**दरभंगा (एनएसबी)।** देश के नवजागरण के मनीषियों और आजादी आंदोलन के चिंतकों ने जनवादी वैज्ञानिक, धर्मनिरपेक्ष और सर्वशुलभ शिक्षा की वकालत की थी। परंतु तमाम पूर्ववर्ती सरकारों के नक्शे कदम चलते हुए केंद्र की वर्तमान सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के जरिए उनके सपनों पर पानी फेरते हुए शिक्षा के निजीकरण व्यापारीकरण और सांप्रदायिककरण की बाढ़ ला दी है। उक्त बातें ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी दरभंगा चैप्टर द्वारा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा में स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता आईआईटी मद्रास के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ शांतनु राय ने कहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी, बिहार चैप्टर के सचिव रामप्रीत राय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ धर्मेंद्र कुमर ने की। रंगकर्मी डॉ श्याम भास्कर ने भी संबोधित किया।स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश मुजाहिद आजम ने किया।संचालन एआईएसईसी के जिला संयोजक अक्षय कुमार झा, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ लाल कुमार ने किया।

### राजगोपाल हेल्थ केयर सेंटर में कार्यक्रम आयोजित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा के प्रमुख चिकित्सा संस्थान राज गोपाल हेल्थ केयर सेंटर में प्रोफेशनल क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फॉग्सी के एडवांस स्टेरलाइजेशन वर्कशॉप में शत प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने वाले डॉक्टर सरफराज अहमद को दरभंगा के प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रेनू एस के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉक्टर रेनू एस के ने कहा कि किसी भी प्रोफेशनल व्यक्ति के जीवन में समय पालन का बहुत महत्व है। इसकी नीव परिवार के द्वारा बच्चों में बचपन से दी जानी चाहिए। मुख्य प्रशिक्षक डॉ ओम प्रकाश ने हाथों को सही ढंग से मांजने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के सभी व्यक्तियों को यह ध्यान रखना है कि उनके किसी कृत्य द्वारा मरीजों को कोई नुकसान नहीं हो। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनलिज्म, एथिक्स और स्टेरलाइजेशन पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन जुबेर अहमद ने किया।



### गौतम कुण्ड में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**जाले(एनएसबी)।** जाले विधानसभा क्षेत्र के एतिहासिक व पौराणिक स्थलों में एक गौतम आश्रम और उसके बगल में बनी गौतम कुण्ड पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है जहां सोमवार को लाखों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। कभी भगवान राम अहिल्या उद्धार के बाद उनके साथ गौतम आश्रम आये थे और संध्या बंधन के लिए गौतम आश्रम के बगल में स्थित कुण्ड में स्नान किया था तब से आज तक प्रत्येक पुर्णिमा,ग्रहण और शुभ मुहूर्त में लोग यहां घुमने आते हैं। एक माह तक चली मलमास मेला के अंतीम दिन लाखों श्रद्धालुओं ने यहां आस्था का डुबकी लगाई और दो किलोमीटर पर स्थित अहिल्या स्थान भी घुमने गया। वहां भी मेला का नजारा देखने को मिली।पहले तो यह दुर्गम वियावान वन में स्थित था किन्तु, आज यहां काफी आकर्षक स्थल बन गया है जो सोभन से मकीया जानेवाली हाई-वे के बगल में स्थित है।यह स्थल न्यास बोर्ड द्वारा अधिग्रहण के बाद अहिल्या स्थान के साथ ही राम सर्किट से जुड़ गया है।जो पर्यटक अहिल्या स्थान आते हैं जरूर यहां आते हैं और जो गौतम आश्रम आते हैं वह जरूर अहिल्या स्थान घुम्ने जाते हैं।

### वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमाः विषय पर जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित

**बेनीपुर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा के तत्वावधान में बेनीपुर न्यायालय परिसर में "वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमा" विषय पर जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्री रौशन कुमार छापोलिया ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर और मार्गदर्शक हैं। उन्हें भी गरिमा और सम्मान का अधिकार है। हमें समाज को संवेदनशील बनाना होगा ताकि वृद्धजनों के प्रति होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक शोषण, उपेक्षा और दुर्व्यवहार को रोका जा सके।अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव अनुमंडल विधिक सेवा समिति बेनीपुर श्री रोहित कुमार गुप्ता ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे पथ प्रदर्शक होते हैं। उनके जीवन के अनुभवों को सुनकर हम बहुत कुछ प्रेरणा ले सकते हैं।कार्यक्रम में बेनीपुर अधिवक्ता संघ के वरिष्ठतम सदस्यों श्री देवेन्द्र यादव, श्री चौधरी श्याम चंद्र राय, श्री जगन्नाथ साहु, श्री सेवती कुमार प्रसाद एवं श्री रामसागर झा को सम्मानित किया गया। संघ के सचिव संजीव कुमार झा ने वरिष्ठतम सदस्यों के योगदान की सराहना की।इस अवसर पर सिविल जज श्रेया कुशवाहा, अधिवक्तागण राममोहन झा, अमरेश झा, शेषनाथ दास, रविंद्र कुमार चौधरी, पूर्व महासचिव अमित कुमार झा, गजनफर अली खान, नवाज अहमद, गुणानंद झा, नवीन ठाकुर, विनोद कुमार मिश्र, हैदर अली, अमोल कुमार झा, पूर्व महासचिव अमित कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

# यातायात को सुव्यवस्थित और सुदृढ़ करने को लेकर डीएम ने की बैठक

**कपूर्री चौक से दोनार चौक तक वन-वे व्यवस्था लागू हुआ :कौशल कुमार ● जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने एवं नो ट्रैफिक जोन विकसित करने का निर्देश ● कहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों का अनधिकृत ठहराव एवं पार्किंग नहीं होने दी जाएगी**

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में शहर की ट्रैफिक एवं यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव,सड़क अतिक्रमण तथा आपातकालीन सेवाओं के निर्बाध संचालन पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कपूर्री चौक से दोनार चौक तक वन-वे यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस व्यवस्था का उद्देश्य यातायात जाम को कम करना तथा आवागमन को अधिक सुचारु बनाना है।



बैठक करके जिलाधिकारी कौशल कुमार।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि एम्बुलेंस सेवा पूर्ववत संचालित रहेगी तथा किसी भी परिस्थिति में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने लहेरियासराय टावर से लोहिया चौक तक सड़क के दोनों ओर लगे ठेला, सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता एवं अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। यातायात संचालन के लिए चयनित क्षेत्रों को नो ट्रैफिक जोन के रूप में विकसित किया जाए तथा वहां यातायात नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों का अनधिकृत ठहराव एवं पार्किंग नहीं होने दी जाएगी। संबंधित थानाध्यक्षों को इसकी नियमित निगरानी एवं अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार,प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजीत कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, संबंधित थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 16, 17 एवं 18 जून को राज्य के सभी 534 प्रखंडों में आयोजित किए जा रहे प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर: संजय सरावगी

**प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा सरकार की योजनाओं का लाभ**

**दरभंगा(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्षों की पूर्णता के अवसर पर प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार सरकार द्वारा 16, 17 एवं 18 जून को राज्य के सभी 534 प्रखंडों में आयोजित किए जा रहे प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का स्वागत करते हुए इसे जनसेवा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक अभियान बताया है।



संजय सरावगी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह शिविर उसी संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम बनेगा।

उन्होंने कहा कि शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जीविका समूह, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रवृति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाओं , पीएम सूर्य घर , लखपति दीदी, सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन एवं ई-केवाईसी जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सभी शिविरों में एनडीए कार्यकर्ता लाभार्थियों को मदद देने के लिए उपलब्ध होंगे। कार्यकर्ता लाभार्थियों को न केवल इस शिविर को लेकर पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे बल्कि आवेदनों को भरने और फॉर्म लेने में भी मदद देंगे।

## श्रम संसाधन मंत्री से मिलीं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता

**दरभंगा(एनएसबी)।** पटना में सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात के दौरान भाजपा की राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशीला गुप्ता ने बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से भेंट की। मंत्री पद का दायित्व ग्रहण करने के बाद पहली मुलाकात के अवसर पर सांसद ने उन्हें मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक पाग एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने विशेष रूप से विश्वकर्मा समाज से जुड़े श्रमिकों, कारीगरों एवं पारंपरिक हस्तशिल्प कार्यों से जुड़े लोगों की समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को रोजगार, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, श्रम विभाग में पंजीकरण तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने की दिशा में और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। सांसद ने श्रमिकों के कल्याण, उनके आर्थिक सशक्तिकरण तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभागीय स्तर पर विशेष पहल करने का आग्रह किया। श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने सांसद द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दरभंगा नगर निगम में राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि उदय कुमार शर्मा, अमलेश झा , गणेश महथा एवं विवेक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## पूर्वी भारत के क्षेत्रीय हवाई अड्डे में सबसे तेजी से विकसित हो रहा दरभंगा एयरपोर्ट :डा गोपाल जी ठाकुर



कार्यक्रम में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर एवं अन्य ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा हवाई अड्डे पर यात्री सुविधा दिवस 2026 का आयोजन किया गया ।स्थानीय सांसद सह एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ गोपाल जी ठाकुर ने एयरपोर्ट के अधिकारियों तथा सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा दरभंगा एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। यात्री सुविधा दिवस के अवसर पर मिथिला की पारंपरिक झिझिया सहित अन्य तरह की लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक आयोजनों से पूरे हवाई अड्डे का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

सांसद डा ठाकुर ने एयरपोर्ट पर आने जाने वाले यात्रियों से इस हवाई अड्डे के सम्बद्ध में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा यात्रियों के द्वारा हवाई अड्डे पर व्यवस्था की प्रशंसा किए जाने को मिथिला क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू तथा बिहार के सीएम सम्राट चौधरी के प्रति आभार प्रकट किया।सांसद डा ठाकुर दरभंगा एयरपोर्ट के हो रहे निरंतर विकास के लिए केंद्र की मोदी सरकार की जमकर सराहना करते हुए कहा कि स्थापना के साथ ही दरभंगा हवाई अड्डा पूर्वी भारत के क्षेत्रीय हवाई अड्डे में सबसे तेजी से विकसित हवाई अड्डे के रूप में उभरा है तथा दरभंगा हवाई अड्डे ने दिल्ली मुंबई कोलकत्ता, बेंगलुरु हैदराबाद जैसे देश के प्रमुख शहरों के साथ बेहतर हवाई संपर्क प्रदान किया है जो गौरव का विषय है।मौके पर एयरपोर्ट डायरेक्टर डा दिलीप कुमार एयरपोर्ट के अन्य सभी अधिकारी, सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य अशोक अमर, तनवीर हसन विभिन्न उड़ान कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ अन्य सभी अधिकारी तथा कर्मी उपस्थित थे।

### शिवगंगा घाट में स्नान के दौरान डूबने से युवक की मौत

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित शिवगंगा घाट में सोमवार को स्नान के दौरान एक युवक के डूब जाने से मौत हो गई डूबे हुए युवक की पहचान समस्तीपुर जिला के सिंघिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदिया गांव निवासी स्वर्गीय राजेंद्र शाह के 21 वर्षीय पुत्र संतोष शाह के रूप में हुई है। संतोष शाह अपने तीन दोस्तों के साथ बाबा कुशेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने आए थे पूजा के बाद सभी युवक शिवगंगा घाट में स्नान करने गए इसी दौरान संतोष गहरे पानी में चले गए जिसके कारण डूब जाने के कारण उसकी मौत हो गई।साथियों द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिला।

### नशे मे हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** भरवाड़ा नगर पंचायत में नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को सिंहवाड़ा पुलिस में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक भरवाड़ा निवासी केदार कुमार साह बताया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नशे में युवक के हंगामा करने की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली। पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही हंगामा कर रहा नशेड़ी भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान नशे में होने की पुष्टि होते ही गिरफ्तार कर लिया। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि नशेड़ी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में हुई रोगी कल्याण समिति की समीक्षात्मक बैठक

**डीएमसीएच में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर**



बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** आयुक्त,दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमंडलीय सभागार में डीएमसीएचके रोगी कल्याण समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, अस्पताल प्रबंधन, आधारभूत संरचना, चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता तथा रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के प्रारंभ में आयुक्त ने डीएमसीएच अधीक्षक से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की वर्तमान स्थिति एवं संचालन व्यवस्था के सम्बन्ध में फीडबैक लिया। समीक्षा के दौरान बताया डीएमसीएच के अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में कुल आठ विभागों के संचालन का लक्ष्य है,जिनमें वर्तमान में छह विभाग कार्यरत हैं। आयुक्त ने संबंधित डॉक्टर को स्पष्ट निर्देश दिया कि रोगियों की ईलाज, दवा वितरण , चिकित्सीय सुविधा आदि लापरवाही करने वाले डॉक्टर और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डीएमसीएच के अधीक्षक को निर्देशित किया कि 1 जुलाई से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को सभी आठ विभागों को पूर्ण रूप से संचालित करना सुनिश्चित करें।

बैठक में दरभंगा के जिला पदाधिकारी कौशल कुमार, महापौर अंजुम आरा, उपनिदेशक खाद्य सुशील कुमार मिश्रा, डीएमसी के प्राचार्य, डीएमसीएच के अधीक्षक डीएमसीएच, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, गायनकोलॉजिस्ट,विभागाध्यक्ष मेडिसिन सहित संबंधित डॉक्टर, पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## महंगाई, बेरोजगारी, स्मार्ट मीटर और किसानों की समस्याओं को दूर करने में सरकार विफल: राजीव कुमार चौधरी

**मोदी-नीतीश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ समाहरणालय पर विशाल प्रदर्शन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** अखिल भारतीय किसान सभा एवं विभिन्न जनसंगठनों के संयुक्त आह्वान पर आज दरभंगा समाहरणालय पर विशाल प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदर्शन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे किसानों, खेत मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और केंद्र की मोदी सरकार तथा बिहार की नीतीश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नेता राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि देश और राज्य की सरकारें किसानों, मजदूरों, नौजवानों और गरीबों के हितों की लगातार उपेक्षा कर रही हैं। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं से आम जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय बड़े पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। वरिष्ठ किसान नेता नारायण जी झा ने कहा कि खेती-किसानी गहरे संकट से गुजर रही है। किसानों को लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है, सिंचाई व्यवस्था बदहाल है तथा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को समुचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों और ग्रामीण गरीबों को संगठित होकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में अहमद अली तमन्ने, सुधीर साह, आनंद मोहन, चन्देश्वर प्रसाद सिंह, राम उदगार साह, राम चलित्र राम, प्रो. राम प्रवेश पासवान, भगवान लाल पासवान, चुल्हाई दास, सुधीर राय, चन्द्रकिशोर झा, राम प्रसाद महतो, राजू मिश्रा, गौतम कान्त चौधरी, सुकुमारी देवी, दीपक कुमार मिश्रा, महेन्द्र पासवान, कान्ती सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान सभा एवं जनसंगठनों के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



समाहरणालय पर सभा को संबोधित करते राजीव कुमार चौधरी

## अपराधियों के खौफ से जल रहा दरभंगा, कोई ऐसा सप्ताह नहीं जब हत्या नहीं हो रही हो, अपराधी बेखौफ : बिल्टू सहनी

**दरभंगा (एनएसबी)।** जन सुराज पार्टी की ओर से संसदीय प्रभारी बिल्टू सहनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 12 जून को दरभंगा में एक शोरूम के मैनेजर मो. फैज को दिनदहाड़े अपराधियों द्वारा निर्मम हत्या कर दिया गया था,उसी स्वर्गीय मो फैज के पुरानी मुंसीफ स्थित आवास पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी। बिल्टू सहनी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सब आपके परिवार के साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि विगत दो साल से दरभंगा अपराधियों के खौफ से जल रहा है,कोई भी ऐसा सप्ताह नहीं है जिस सप्ताह में हत्या नहीं हो रही है। प्रशासन मूक दर्शक बनी रहती हैं और अपराधी बिना किसी डर के बेखौफ और आराम से हत्या कर चले जाते हैं।प्रशासन द्वारा आनन फानन में पकड़ कर जनता के मुंह को बंद कर दिया जाता है। और फिर वही अपराधी जमानत पर छूट जाते हैं और कुछ दिनों के बाद लोग बातों को भूल जाते हैं। इससे अपराधियों का मनोबल और ऊंचा हो जाता है, जन सुराज पार्टी बिहार सरकार एवं स्थानीय जिला प्रशासन से निवेदन करती है यदि इस तरह की घटनाएं लगातार होती रही तो कई दशकों से शांत जिला के रूप में गिने जाने वाले दरभंगा के लोग अब अशांति महसूस कर रहे हैं। लोग डरे सहमे अपने जीवन को किसी तरह बीता रहे हैं। इस मामले मे स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषी को अभिलंब और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही जन सुराज पार्टी पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए बयानों की भर्त्सना



बैठक में जन सुराज नेता बिलटू सहनी एवं अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की हत्या, अपराधियों मारी 5 गोलियां

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के मोरवा प्रखंड अंतर्गत मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के मोरवा डीह गांव वार्ड संख्या-11 में रविवार देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मोरवा डीह निवासी प्रमोद झा के 34 वर्षीय पुत्र सुजीत झा उर्फ मोनू के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सुजीत झा घर में सोए हुए थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उन्हें ताबड़तोड़ पांच गोलियां मार दीं। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुसरीघरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है तथा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आप कार्यकर्ताओं ने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला,

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक मामले को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी समस्तीपुर के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अधिवक्ता आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इस क्रम में प्रदर्शनकारियों का जत्था स्टेशन चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्मारक से मारवाड़ी बाजार, गोला रोड, रामबाबू चौक, पुरानी पोस्ट आफिस रोड, लक्ष्मी टाकिज होते हुए, मथुरापुर गोलंबर पर पहुंचा जहां शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और परीक्षा एजेंसियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक माफिया को गिरफ्तार करो, शिक्षा बचाओ देश बचाओ, एनटीए जवाब दो, युवाओं के साथ न्याय करो, परिक्षा में भ्रष्टाचार बंद करो, छात्रों का भविष्य बेचना बंद करो, नीट घोटाले का निष्पक्ष जांच करो, धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो जैसे नारों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। मौके पर जिला प्रवक्ता प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार सिंह, अमन कुमार, महिला जिला अध्यक्ष रेणु पूर्वे, विधानसभा अध्यक्ष अंकित कुमार झा, से शईदुर रहमान, सम्राट आदित्य सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### 175 लीटर विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बिथान (एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए बिथान थाना पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बिथान थाना क्षेत्र के सखवा गांव में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिथान थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के सत्यापन के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। तलाशी के दौरान बाथरूम एवं भूसा रखने वाली झोपड़ी से कुल 175.75 लीटर विदेशी शराब बरामद किया। इसी क्रम में पुलिस ने कारोबारी रविन्द्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बिथान थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि, "बिहार में लागू शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिथान पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आम लोगों से भी अपील है कि शराब से जुड़ी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने के अभियान को और मजबूत किया जा सके।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिथान (एनएसबी)।** बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त को बिथान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिथान थाना कांड संख्या 61/26, दिनांक 11 मई 2026 में दर्ज प्राथमिकी के नामजद एवं वांछित अभियुक्त राजकिशोर यादव, पिता दीपनारायण यादव, निवासी ग्राम सखवा, थाना बिथान को पुलिस ने उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया। बताया गया कि उक्त अभियुक्त के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज था और पुलिस को उसकी तलाश थी। बिथान थाना पुलिस ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छापेमारी कर उसे दबोच लिया।

### समर आर्ट कैंप के दूसरे दिन चित्रकला, अभिनय और नृत्य की बारीकियों से रूबरू हुए प्रशिक्षु

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** विजुअल आर्ट फाउंडेसन के आर्ट कैम्प के दूसरे दिन बच्चों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में बेगूसराय के जिला कला एवं संस्कृति विभाग के पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी तथा केंद्रीय विद्यालय बेगूसराय के कला शिक्षक एवं मूर्तिकार प्रवीन कुमार की उपस्थिति रही चित्रकला के वरिष्ठ वर्ग में चित्रकार मो सुलेमान ने प्रशिक्षण दिया वहीं जूनियर वर्ग में चित्रकार नेहा प्रियदर्शी एवं सुदर्शन कुमार ने अभ्यास कराया कथक नृत्य में अर्पण कुमार ने जानकारी दी कार्यक्रम में अध्यक्ष उत्सव जायसवाल, कोषाध्यक्ष डॉ संजीव प्रकाश,मुखिया चंद्रमणि सिंह,सहित काफी लोग एवं संस्था के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कृषि चौपाल में किसानों को मिली वैज्ञानिक खेती की जानकारी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड की गढ़सिसई पंचायत में सोमवार को कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषि जनकल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई। विद्यापतिनगर के प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण एवं नई कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। सहायक तकनीकी प्रबंधक मधुकर श्लोक ने कहा कि किसान आईडी बनवाना आवश्यक है। इसके बिना किसान उर्वरक, पीएम किसान सम्मान निधि और केसीसी सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। चौपाल में किसानों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। मौके पर एटीएम राकेश कुमार, कृषि समन्वयक मुकेश कुमार चौधरी, प्रभात कुमार , अमर महतो, किसान अबोध सिंह, धीरज कुमार, गिरीश कुमार, गोपाल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय समारोह पूर्वक होगा हनुमान जी की मूर्ति स्थापना महोत्सव का आयोजन, कलश यात्रा आज

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर प्रखंड स्थित कशौर में दो दिवसीय समारोहपूर्वक हनुमान जी की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ समारोह का शुभारंभ जो बुधवार को सुंदरकांड पाठ के साथ सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुए अपोलो डेंटल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि, माता स्मृति शेष रामकुमारी देवी की पुण्य स्मृति में हनुमान मंदिर की स्थापना की गई है। जहां 17 जून 2026 (बुधवार) को हनुमान जी की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं स्थापना की जाएगी। इसकेलिए नव निर्मित मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है और कार्यक्रम को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। डॉ. ज्ञानेन्द्र ने बताया कि इस दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत मंगलवार को सुबह कलश शोभा यात्रा व वेदी पूजन और संध्या में विवाह संकीर्तन एवं बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिझ्विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना और शाम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। मौके पर जितेन्द्र नारायण सिंह, भूपेन्द्र नारायण सिंह, दीपेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, डॉ दयानंद कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।




# बंद उद्योगों को चालू करने सहित 15 सूत्री मांगों के समर्थन में जिला विकास संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**समाहरणालय के समक्ष जमकर की नारेबाजी**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बंद पड़े दूधपूरा हवाई अड्डा का जीर्णोद्धार कर उसे चालू करने, बंद पड़े समस्तीपुर चीनी मिल एवं ठाकुर पेपर मिल को पुनः चालू करने तथा मुक्तापुर स्थित रामेश्वर जूट मिल का विकास-विस्तार कर उसके नियमित संचालन की गारंटी करने की मांग को लेकर सोमवार को जिला विकास संघर्ष मोर्चा के बैनर तले समाहरणालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार बस स्टैंड से जुलूस निकालकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए समाहरणालय पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान करीब एक घंटे तक प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए जिले के बंद पड़े उद्योगों को चालू करने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग उठाई।



प्रदर्शन करते मंच के कार्यकर्ता।

समाहरणालय द्वार पर आयोजित सभा की अध्यक्षता मोर्चा के शंकर प्रसाद साह ने की। सभा को विभिन्न संगठनों के दर्जनों नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि जिले के प्रमुख उद्योगों एवं संस्थानों के बंद होने से हजारों लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को अविलंब इन संस्थानों को चालू करने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए।

सभा के बाद प्रतिनिधिमंडल ने अपर समाहर्ता को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह, दीनबंधु प्रसाद, जीतेंद्र कुमार, रामलाल राम, अर्जुन राय, विश्वनाथ गुप्ता, सोनेलाल राय, माकपा के सत्यनारायण सिंह, भाकपा के सुधीर कुमार देव, कांग्रेस के परमानंद मिश्र, विश्वनाथ सिंह हजारी, सुशील कुमार, एख्लाकुर रहमान सिद्दीकी, राजद के राकेश ठाकुर, शाहीद हुसैन, आदि सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल थे।

## विधायक अश्वमेध देवी बनी प्रभावती रामदुलारी इंटर विद्यालय कर्पूरीग्राम की अध्यक्ष

**नई सोच और उत्तरोत्तर विकास के संकल्प के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने एवं विद्यालय के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से कपूरीग्राम स्थित प्रभावती रामदुलारी इंटर विद्यालय में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा सदस्य अश्वमेध देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नई सात सदस्यीय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बिहार सरकार शिक्षा विभाग के निदेर्शों के आलोक में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्ववर्ती समिति के कार्यकाल को समाप्त करते हुए नई समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व गठित प्रबंधन समिति को विघटित करते हुए नई सात सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इसमें स्थानीय विधायक अश्वमेध देवी को अध्यक्ष तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास कुमार रजक को सचिव बनाया गया। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रितेश कुमार को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया। समिति के अन्य सदस्यों में वरिष्ठ शिक्षिका किरण झा, शिक्षाविद नित्यानंद ठाकुर सहित अनुसूचित जाति वर्ग से महिला सदस्य को शामिल किया गया। बैठक में विद्यालय के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय के बेहतर संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक धीरेंद्र मोहन मुकुल, अनस रिजवान, आप्त सचिव विकास कुमार, शिक्षक सुभीत कुमार सिंह सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विधायक अश्वमेध देवी ने कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत विकास के लिए समिति पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेगी तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।


नव गठित कमिटी।

## आठ माह से अधूरा पड़ा जलापूर्ति परियोजना का कार्य, भीषण गर्मी में दो हजार की आबादी पेयजल संकट से हलकान

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत बाजिदपुर पंचायत के वार्ड संख्या-11 में पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य पिछले करीब आठ महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। पीएचईडी विभाग द्वारा टंकी निर्माण के लिए बोर्डिंग गाड़कर छोड़ दिए जाने के कारण लगभग दो हजार की आबादी को भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय उपमुखिया भागीरथ प्रसाद चौरसिया ने विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कई महीनों से योजना का कार्य बंद पड़ा है। उन्होंने बताया कि विभाग के संबंधित जेई एवं एसडीओ से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन तक नहीं उठाया जाता है। गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिसके कारण ग्रामीणों का आक्रोश जनप्रतिनिधियों पर भी निकल रहा है। उपमुखिया ने कहा कि जलापूर्ति योजना समय पर पूरी हो जाती तो हजारों लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकती थी, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता परेशान है। वहीं इस संबंध में संवाददाता द्वारा पीएचईडी के एसडीओ मुरारी कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व स्थल निरीक्षण किया गया है। टंकी निर्माण के लिए बोर्डिंग एवं फाउंडेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही अन्य दो स्थानों पर भी विभागीय कार्य प्रगति पर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द बाजिदपुर वार्ड-11 में भी टंकी निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।ग्रामीणों ने विभाग से अविलंब निर्माण कार्य शुरू कर जलापूर्ति योजना को धरातल पर उतारने की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।



## अंचल अधिकारी कुमार हर्ष ने संभाला पदभार, हुआ भव्य स्वागत

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिनगर अंचल कार्यालय में पुनः अंचल अधिकारी के रूप में पदभार संभालने पर कुमार हर्ष का जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह एवं पार्टी कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जदयू नेताओं एवं कार्यकताओं ने अंचल अधिकारी को मिथिला पाग, चादर एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि कुमार हर्ष के नेतृत्व में अंचल क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी तथा आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। अंचल अधिकारी कुमार हर्ष ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने तथा आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिनाश भारद्वाज, पूर्व मुखिया बलबंत चौधरी, राजेश शर्मा एवं जदयू के कई पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई।


नये सीओ का अभिनंदन करते लोग।

## कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों, रसायन मुक्त कृषि, कम लागत में बेहतर उत्पादन तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि रोसड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक बीरेंद्र पासवान ने अपने संबोधन में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, यह खेती किसानों की लागत कम करने, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. केशव कुमार, वरीय कीट वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद अब्बास अहमद तथा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, समस्तीपुर सदर श्री प्रमोद सहनी ने किसानों को प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक जानकारी दी एवं इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मनोज कुमार गुप्ता, पूजा सिंह, प्रशांत कुमार, मनीष कुमार, एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला के जिला संयोजक देवानंद प्रसाद यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में कार्यक्रम के जिला संयोजक देवानंद प्रसाद यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि धरती, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का एक जन आंदोलन है। उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती अपनाने का आह्वान किया तथा अधिक से अधिक किसानों तक इस अभियान को पहुँचाने की बात कही। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसानों ने प्राकृतिक खेती से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारियाँ प्राप्त कीं।



मंचासीन भाजपा नेता।

## अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न, बाढ़ पूर्व तैयारियों की हुई समीक्षा, आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने एवं राहत-बचाव कार्यों की पूर्व तैयारी को लेकर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी, अंचल अधिकारी कुमार हर्ष, आरओ अरुण कुमार शर्मा, बीईओ डॉ. प्रभात रंजन सहित जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति, राहत शिविरों की तैयारी, पेयजल व्यवस्था, नावों की उपलब्धता, पशु चारा, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आपदा के समय त्वरित राहत पहुंचाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया। प्रखंड के चार पंचायत के 11 वार्ड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हैं। बैठक में उपस्थित मुखियाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया। इस दौरान जल निकासी, तटबंधों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान तथा राहत सामग्री के भंडारण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बाढ़ पूर्व तैयारी के लिए आश्रय स्थल का चयन, आंगनबाड़ी भवन के लिए जगह का चिन्हित, किचेन शेड के लिए विद्यालय, मीजल्स रुबेला जैसे बीमारियों के रोकथाम के लिए सभी का पंचायत एवं ग्रामीण स्तर पर सही तरीके से मॉनिटरिंग एवं टीकाकरण का सघन निरीक्षण, सभी बिंदुओं पर सभी पदाधिकारी के साथ विचार एवं समीक्षा की गई। साथ ही बाढ़ वाले जगह पर ऊंचे स्थलों का चयन कर मवेशी व आदमी दोनों के इलाज की व्यवस्था बाढ़ के समय कैसे मुकम्मल की जा सके इस पर भी चर्चा की गई। साथ ही सीओ कुमार हर्ष ने बताया कि इस बार नाविकों को अपनी नाव का निबंधन कराना अनिवार्य होगा। क्योंकि बाढ़ के समय केवल निबंधित नाव का ही इस्तेमाल किया जाएगा। पशुपालन विभाग से पशुओं की जरूरत की दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। नदी किनारे के पंचायत में बाढ़ की स्थिति में बाढ़ आश्रय स्थल बनाने पर चर्चा हुई। बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में गोताखोर व प्रशिक्षित आपदा मित्र से समन्वयक स्थापित करने का निर्देश दिया गया। सभी आश्रय स्थल पर शौचालय, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच का निर्देश कर्मी को दिया।प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने कहा कि बाढ़ के दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में संभावित जोखिम वाले स्थानों की जानकारी समय-समय पर प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरी अभिनाश भारद्वाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष दक्षिणी अमित कुमार जयसवाल, लोजपा (रा) प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु रंजन, मुखिया संजीत सहनी, मुकेश कुमार,पूर्व मुखिया बलबंत चौधरी, रंजीत कुमार राय, कनीय अभियंता (जल संसाधन) रवि कुमार, मुखिया रामप्रवेश राय, डॉ संतोष कुमार जयसवाल, राकेश कुमार, कुमार गौरव, चंदन कुमार उपस्थित रहे।


बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### लूट कांड के अंजाम देने के प्रयास में चार अपराधी गिरफ्तार

**फुलपरास (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के गट्टीपट्टी गांव के निकट एक बाइक सवार के साथ लूटपाट करने के प्रयास करने वाले घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपने अपराध में संलिप्तता स्वीकार कर ली।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि गिरफ्तार चार आरोपितों में दो नाबालिग हैं। दोनों नाबालिगों को



विधिसम्मत कार्रवाई के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वहीं दो अन्य आरोपितों की पहचान धनौजा गांव निवासी अमर यादव एवं महुलिया गांव निवासी राम कुमार महतो के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी कट्टा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों को न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया गया है।मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन , राष्ट्र और सामाजिक जिम्मेदारी का समावेश है नवोदय विद्यालय -डॉ प्रमोद

**मधुबनी (एनएसबी)।** जवाहर नवोदय विद्यालय रांटी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं साइंस ओर आर्ट्स विषय में रिक्त सीटों पर प्रत्यक्ष नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह बातें विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर कही हैं। प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने कहा है कि वे छात्र-छात्राएँ जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 60 % अंकों के साथ कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है वे प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश रिक्त सीटों की उपलब्धता एवं विद्यालय द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।इच्छुक अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक विद्यालय कार्यालय से कार्यदिवस के दिन संपर्क कर आवेदन प्रपत्र, पात्रता संबंधी जानकारी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक विद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ कक्षा 10वीं की अंकपत्रिका, जन्मतिथि प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाणपत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना होगा।प्राचार्य ने सभी योग्य एवं इच्छुक विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील किए हैं। साथ ही आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2026 भी निर्धारित की गई हैं। ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं आवासीय शिक्षा का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन , राष्ट्र और सामाजिक जिम्मेदारी का समावेश है ।

### आमजनों की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**मधुबनी,(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान ह्वह्व कार्यक्रम के तहत अपर समाहर्ता,आपदा, संतोष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी नितेश पाठक ने आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम



में भागीरथ पट्टी थाना बासोपट्टी निवासी कमल नारायण साहु ने अपने ज्येष्ठ पुत्र वधू द्वारा प्रताड़ित करने के संबंध में शिकायत किया। परिवादी मरनी देवी ग्राम पोस्ट फुलहर थाना हरलाखी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले आवास को सेट्रिंग हो जाने के बाद विपक्षी गण के द्वारा ढलाई नहीं करने देने से संबंधित शिकायत किया। प्रखण्ड रहिका निवासी गायत्री कुमारी मिश्रा ने सडक दुर्घटना संबंधी केस में आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने तथा पीड़ित के इलाज हेतु मुआवजा राशि उपलब्ध कराने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया।वही निकिता कुमारी ने मधुबनी जिला से डाटा इंट्री ऑपरेटर से संबंधित रिक्तिया भेजने के संबंध में आवेदन दिया। श्री उदय चंद्र मंडल चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी ने पेंशन प्रपत्र के संबंध में आवेदन दिया।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए।**उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्वह्व कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### 2091 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं दो मोटरसाईकिल तथा एक स्कूटी जब्त

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सोमवार को सोमवार को बताया है कि 13 जून को समय करीब 22:15 बजे घोघरडीहा थाना को गुप्त सुचना प्राप्त हुआ कि साकिन बिकमरही में जय प्रकाश यादव के घर पर कई शराब तस्कर एकत्रित हुए हैं, जो विदेशी शराब की बडी खेप उतारने वाले है तथा अन्यत्र कही बेचने वाले है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार थानाध्यक्ष, घोघरडीहा थाना द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु गठित टीम तुरंत साकिन बिकमरही में जय प्रकाश यादव के घर पर पहुँची तो पुलिस गाडी को देखते ही वहाँ उपस्थित सभी लोग दुर से ही भागने लगे। जिसे सशस्त्र बल के सहायोग से पकड़ने का काफी प्रयास किया गया लेकिन रात्री एवं घना बगीचा एवं दूरी होने के कारण सभी लोग भागने में सफल रहे। भागने वाले सभी व्यक्तियों की पहचान वहाँ उपस्थित महाल चौकिदार के द्वारा कर ली गई। तत्पश्चात पुलिस द्वारा उनके घर की विधिवत तलाशी ली गई तो उनके घर से कुल 2091.99 लीटर विदेशी शराब एवं दरवाजे पर लगा यमहा मोटरसाईकिल, स्कूटी एवं सप्लेण्डर मोटरसाईकिल बरामद हुआ। बरामद अवैध शराब एवं मोटरसाईकिल को विधिवत जब्त किया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा कुल 14 नामजद तथा अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज किया गया हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### प्रखंड परिसर में तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर आज

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर में तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर सभी विभाग के पदाधिकारियो, कर्मियों के साथ सोमवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित कि गई. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ वसंत कुमार सिंह ने की. प्रखंड परिसर में 16 से 18 जून तक आयोजित होने वाले सहयोग सह जन कल्याण शिविर की तैयारी को लेकर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के साथ शिविर में आने वाले जनता की सहूलियत में आवश्यक सभी बुनियादी सुविधाओं को लेकर विचार किया गया..बीडीओ ने कहा कि शिविर को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है. केंद्र एवं राज्य सरकारी कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया है आम जनता की सभी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा. इसके लिए एक हेल्प डैस्क के साथ 17 काउंटर लगाए गये है. काउंटर पर तैनात पदाधिकारी एवं कर्मी न केवल आवेदन भरने में सहायता करेंगे बल्कि सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक भी करेंगे. शिविर को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील सभी जनप्रतिनिधियों, कर्मियों से कि. लाभूक से अपील करते हुए कहा कि आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाने के लिए वे अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता अपने साथ लेकर जरूर आवे. मौके पर सीओ संतोष कुमार सिंह, बीपीआरओ शेखर कुमार, प्रधान लिपिक नंदकिशोर मंडल, नाजिर मिथिलेश कुमार कामत सहित कई कर्मी उपस्थित थे.

# जननी सुरक्षा योजना एवं आशा प्रोत्साहन राशि भुगतान में तेजी लाने का निर्देश : डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति का आकलन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सदर अस्पताल सहित जिले के सभी प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति एवं ओपीडी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में रेफरल मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अनावश्यक रेफरल की संख्या कम करने तथा जिला स्तर पर उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यक्षमता बढ़ाई जाए।जिलाधिकारी ने आगामी 28 जून से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान की सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा शत-प्रतिशत बच्चों तक पहुंच बनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।बैठक में आशा कार्यकताओं एवं जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को देय प्रोत्साहन राशि के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लंबित भुगतानों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि लाभार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर उनका अधिकार प्राप्त हो सके।उन्होंने स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि "स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक नागरिक को समय पर एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सभी स्वास्थ्यकर्मी समर्पण भाव से कार्य करें तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।" उक्त बैठक में अपर समाहर्ता आपदा, संतोष कुमार , सिविल सर्जन, डॉ हरेन्द्र कुमार ,जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी,डीएमओ दया शंकर सिंह, डीपीएम पंकज कुमार,डीपीओ आईसीडीएस, जिला स्वास्थ्य समिति के सभी सलाहकार, सभी स्वास्थ्य अधीक्षक व उपाधीक्षक, जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधकों आदि उपस्थित थे।



बैठक करते जिलाधिकारी

## 20 दिवसीय अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और राज्य सम्मेलन की तैयारी पूर्ण

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) मधुबनी के तत्वावधान में हनुमाननगर कॉलोनी में चल रही प्रभात रंजन के साथ 20 दिवसीय अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला के दसवें दिन एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मधुबनी इप्टा के अध्यक्ष एवं बिहार इप्टा के उपाध्यक्ष श्री अरविन्द प्रसाद ने की। बैठक में तय हुआ कि आगामी माह जुलाई 2026 के प्रथम सप्ताह में मधुबनी में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध एवं उदीयमान रंगकर्मी सुश्री कनुप्रिया की प्रस्तुति, पटना इप्टा का नाटक तथा मधुबनी इप्टा का नाटक "महाभारत एक्सटेंशन" का मंचन शामिल होगा। अध्यक्ष ने बताया कि ये प्रस्तुतियाँ स्थानीय दर्शकों के लिए नाट्य-परम्परा और समकालीन रंगमंच का सुखद संयोग होंगी।सत्र में हुए निर्णय को साझा करते हुए सचिव रंजीत राय ने बताया कि बिहार इप्टा का राज्य सम्मेलन सितंबर के अन्तिम सप्ताह अथवा अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में मधुबनी में आयोजित किया जाएगा। उक्त सम्मेलन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम, कार्यशालाएँ, कवि गोष्ठी, लोक नृत्य, नाटक और समूहों के बीच अनुभव-विनिमय शामिल होंगे। आज की इस अभिनय कार्यशाला में बिहार इप्टा के कार्यकारी महासचिव जनाब फीरोज अशरफ खान ने प्रशिक्षुओं को अभिनय कला के कई महत्वपूर्ण और नायाब गुर सिखाए। प्रशिक्षण के दौरान फीरोज साहब ने खेल के द्वारा एकाग्रता, भावाभिनय, मुद्रा, संवाद-अभिव्यक्ति और मंच संयोजन से जुड़े व्यावहारिक अभ्यास कराये जिससे प्रशिक्षुओं में उत्साह और आत्मविश्वास दिखाई दिया।

इप्टा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव इंद्र भूषण रमण 'बमबम' ने बताया कि आगामी सांस्कृतिक कार्यक्रम और राज्य सम्मेलन की तैयारियों में स्थानीय युवा कलाकारों की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण दर्शकों के लिए भी विशेष सत्र रखे जाएंगे। उन्होंने कलाकारों एवं जनता से सहभागिता की अपील की है ताकि लोकनाट्य और समकालीन रंगमंच को नई ऊँचाई मिल सके। कार्यक्रम के अंत में मधुबनी इप्टा की ओर से अध्यक्ष श्री अरविन्द प्रसाद ने कार्यकारी महासचिव फीरोज अशरफ खान को मिथिला की पारंपरिक शिष्टाचार-सम्पन्नता के साथ सम्मानित करते हुए उन्हें मिथिला का पाग पहनाकर और चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया। उपस्थित गणमान्यों और प्रशिक्षुओं ने इस पारंपरिक सम्मान-अभिवादन का गर्मजोशी से स्वागत किया।इस बैठक में ऋषि वशिष्ठ, श्रीप्रसाद दास, मनोज कुमार, विकास कुमार, कौशल नायक, अभिषेक आकाश, प्रभात रंजन, रंजीत राय, वैदेही कुमारी, सिमरन, तनु, खुशी, विपुल, अंकित, दुर्गेश, अनुद, आदित्य, ऋषभ, गायत्री, रूपम, व्यांशी, जागृति, चेतना, पवन, अमृत, तन्मय, सोनाली, सुधांशु, आस्था, मानवी, सुबोध, राम प्रशिक्षु समेत कई सदस्य उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित कलाकार

## 16, 17 और 18 जून को सभी 21 प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से "जन सहयोग शिविर" का आयोजन 16 जून 2026 को जिले के सभी 21 प्रखंडों के 26 पंचायतों में आयोजन किया गया हैं। वही 16, 17 और 18 जून को सभी 21 प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा।जिला पदाधिकारी,आनंद शर्मा के निर्देश पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं तथा शिविर के सुचारु संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।जन सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। 'शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, श्रम, आपूर्ति, ग्रामीण विकास, पंचायत राज, विद्युत, पेयजल एवं स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रत्येक स्टॉल पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे, जो लोगों की शिकायतों और आवेदनों का निस्तारण करेंगे तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करेंगे।' शिविर के दौरान राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति, श्रमिक पंजीकरण, स्वास्थ्य योजनाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं आवेदन स्वीकार करने की व्यवस्था भी की गई है।वही मधुबनी जिले के 7 नगर निकायों के 15 वार्डो में भी जन सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को लेकर अपने संयुक्त आदेश के द्वारा निदेश दिए गए है। नगर निगम, मधुबनी के वार्ड संख्या-4,5,6,42 तथा 43 वार्ड, नगर परिषद, झंझारपुर के वार्ड संख्या-3,4,26 नगर पंचायत, बेनीपट्टी के वार्ड संख्या- 2 और वार्ड संख्या 21 में, नगर पंचायत, फुलपरास के वार्ड संख्या-15, नगर पंचायत, जयनगर के वार्ड संख्या-2,13 तथा नगर पंचायत, घोघरडीहा के वार्ड संख्या-2 और 10 में सहयोग शिविर आयोजित की जायेगी।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न शिविरों में शामिल होकर आमजनों की शिकायतें को सुनेंगे।जन सहयोग शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से लोगों को शिविर की जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें।* *प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित जन सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। यह शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने, सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने तथा सुशासन की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे आमजन को राहत मिलेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंच सकेगा।

**16 जून 2026 को मधुबनी जिले के 21 प्रखंडो के इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर:**

खुटौना प्रखंड-कारमेघ उत्तर
खुटौना प्रखंड-खुटौना
खुटौना प्रखंड-सुक्की
कलुआही प्रखंड-मलमल उत्तर
बेनीपट्टी प्रखंड -साहपुर
राजनगर प्रखंड - पटवारा उत्तर, करहिया पूर्वी
पंडौल प्रखंड - श्रीपुर हाटी मध्य,
बिस्फी प्रखंड - चहुंटा
लखनौर प्रखंड - गंगापुर
घोघरडीहा प्रखंड - सांगी
बासोपट्टी प्रखंड - सेलिबेली
बेनीपट्टी प्रखंड - पाली
पंडौल प्रखंड - पंडौल पश्चिमी
बिस्फी प्रखंड - बिस्फी
जयनगर प्रखंड -देवधा मध्य
झंझारपुर प्रखंड -कोठिया
फुलपरास प्रखंड -सैनी
बाबूबरही प्रखंड-तिरहुता
मधवापुर प्रखंड -बासुकी बिहारी उत्तरी
लौकही प्रखंड - लौकही
मधेपुर प्रखंड - बाथ
रहिका प्रखंड- सौराठ
लदनियां प्रखंड - कुमरखत पश्मी
हरलाखी प्रखंड - नहरनियाँ

**शअंधराठाढ़ी प्रखंड - गंगद्वार पंचायत में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा।**

## जयनगर में शारदीय खरीफ महाअभियान-2026 के तहत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**जयनगर (एनएसबी)।** अनुमंडल कृषि कार्यालय सभागार में सोमवार को शारदीय खरीफ महाअभियान-2026 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सौरभ कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राजीव रंजन कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र कुमार पूर्वे तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी (फार्म) सुजीत कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र कुमार पूर्वे ने की, जबकि संचालन कृष्णवीर नारायण घोष ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खरीफ मौसम में उन्नत कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन, आधुनिक कृषि पद्धतियों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि हो सके।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को समय पर बीज उपचार, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को मौसम के अनुरूप खेती करने, वैज्ञानिक विधियों को अपनाने तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया गया। खरीफ फसल में धान मक्का, अरहर के उन्नत तरीके से खेती करने के लिए किसानों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पिंटू कुमार ने पशुपालन को कृषि के साथ जोड़कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, टीकाकरण तथा संतुलित आहार की महत्ता के बारे में जानकारी दी।प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि समन्वयक मनोज कुमार सिंह, शिव कुमार, जगदीश शर्मा, संतोष कुमार, अविनाश कुमार, ललित झा, मोहन कुमार एवं अजहर सहित कई कृषि कर्मियों ने किसानों को विभिन्न विषयों पर तकनीकी जानकारी प्रदान की। वहीं किसान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह, भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राम कुमार सिंह, रामजी यादव, धनुष लाल महतो, नरेश ठाकुर, श्रवण साह, विष्णुदेव यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि कृषि विभाग हर स्तर पर उन्हें तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराता रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी से कृषि जागरूकता को बढ़ावा मिला तथा आधुनिक खेती के प्रति किसानों का उत्साह देखने को मिला।



उद्घाटन करते

## साहित्य अकादेमी दिल्ली व साहित्यिकी संस्थान के दूसरे सत्र का कार्यक्रम में जुटे शिक्षाविद्

**'प्रो मुक्तिनाथ झा जन्म शत वार्षिकी समारोह का समापन'**

**मधुबनी(एनएसबी)।** साहित्य अकादेमी नई दिल्ली व साहित्यिकी संस्थान सरिसब पाही के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को परिचर्चा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दूसरे दिन के सत्र में वक्ताओं की ओजस्वी भाषण से श्रोतागण मंत्र मुग्ध होते रहे । साहित्य अकादेमी नई दिल्ली की इस कार्यक्रम में प्रो. मुक्तिनाथ झा के जन्म शत बार्षिकी समारोह के अवसर पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिसमें प्रो. मुक्तिनाथ झा के सादगी व सच्चाई से भरी जीवन तथा उनके असहज मिलनसार स्वभाव की सराहना की गई।प्रो मुक्तिनाथ झा के तत्कालीन मनोभाव को अप्रतिम रूप से दशार्या गया। प्रो मुक्तिनाथ झा एमएलएसएम कॉलेज सरिसब पाही में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में शुरू से पदस्थापित रहे। सरिसब पाही कॉलेज से सेवानिवृत्ति के पश्चात सामाजिक सरोकारों व साहित्यिक जीवन में उन्होंने अपना समय व्यतीत किया। प्रो. मुक्तिनाथ झा जन्म शत बार्षिकी समारोह के दूसरे दिन के कार्यक्रम में सोमवार को वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर बृहद प्रकाश डाला। सत्र के प्रारंभ में सुप्रसिद्ध मैथिली लेखक शैलेंद्र आनंद ने प्रोफेसर मुक्ति बाबू को समाज के अग्रणी दूत व मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में अपनी आलेख प्रस्तुत करते हुए एमएलएसएम कॉलेज सरिसब पाही के मैथिली विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजीत मिश्रा ने" मुक्तिनाथ झा आ हुनक प्रकाशित कृति" विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रो अभिलाषा कुमारी ने मुक्तिनाथ झा आ हुनक बुद्धायन रचना पर प्रकाश डाली। कृष्णानंद मिश्रा ने मुक्तिनाथ झा का हुनक छाया गीतांजलि पुस्तक पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यानंद झा ने की। आलेख पाठ के क्रम में शिक्षाविद् अमल कुमार झा ने बताया की प्रो मुक्तिनाथ झा का अमूल्य योगदान सरिसब पाही परिसर के साहित्यिकी संस्थान के लिए रहा है। अमल कुमार झा ने प्रो. मुक्तिनाथ झा ओ हुनक साहित्यिकी में योगदान की विषय पर अपना प्रकाश डाला।



### डीएम ने दिया निर्देश, प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वाह्न 10 से 12 बजे तक पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता में होगा कार्यक्रम

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर माह होगा 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** ग्रामीण विकास को नई गति देने तथा ग्राम पंचायतों को सतत विकास लक्ष्यों से जोड़ने के उद्देश्य से अब जिले की सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन किया जायेगा। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी ने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों को कार्यक्रम की तैयारी, सहभागिता एवं सफल संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

पंचायत विकास दिवस का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया करेंगे, जबकि पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि, ग्राम सभा के सदस्य, पंचायत सचिव, विकास मित्र, जीविका समूह, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, आशा कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी इसमें भाग लेंगे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के सपने को साकार करने में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के तहत पंचायतों को संवैधानिक अधिकार और दायित्व प्रदान किए गए हैं। ग्राम पंचायत ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास का सबसे महत्वपूर्ण मंच है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए पंचायत विकास दिवस की शुरूआत की जा रही है ताकि पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की समीक्षा, जनभागीदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिल सके। पंचायत विकास दिवस में ग्राम पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मिलकर विकास संबंधी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करेंगे तथा समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव देंगे। कार्यक्रम में सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत निर्धारित नौ प्रमुख विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी। इनमें गरीबी उन्मूलन, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन तथा महिला हितैषी पंचायत जैसे विषय शामिल हैं। इन विषयों पर पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सरकारी निर्देश के अनुसार पंचायत विकास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में जनजागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के साथ पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं, ग्राम पंचायत विकास योजना, ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। पंचायत स्तर पर बेहतर कार्य करने वाली योजनाओं और नवाचारों को भी साझा किया जाएगा ताकि अन्य पंचायतें उनसे प्रेरणा ले सकें।


पंचायत विकास दिवस के आयोजन को लेकर बैठक करते डीएम।

कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्गों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। दिशा-निर्देश के अनुसार पंचायत विकास दिवस के आयोजन से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पंचायत भवन, विद्यालय, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर सूचना चस्पा की जाएगी। बैठक की सूचना कम-से-कम सात दिन पूर्व ग्राम पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाएगी ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इसमें शामिल हो सकें। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पंचायत सचिवों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस ग्रामीण विकास को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से पंचायतों में जवाबदेही बढ़ेगी, योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी तथा ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित होगी।

डीएम ने सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों, वार्ड सदस्यों, ग्राम सभा के सदस्यों तथा आम नागरिकों से पंचायत विकास दिवस में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है। पंचायत विकास दिवस के माध्यम से गांवों के विकास की नई रूपरेखा तैयार होगी और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में पंचायतें और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व रक्तदाता दिवस पर युवा रक्तदाता ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर युवा रक्तदाता ग्रुप, मुजफ्फरपुर की ओर से मिठनपुरा स्थित सभागार में रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में 41 से अधिक


विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था द्वारा सम्मानित हुए रक्तवीर गण।

रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अध्यात्म कला आश्रम फिल्म एंड प्रोडक्शन के निदेशक शिवम चंद्रवंशी एवं उनकी टीम द्वारा रक्तदान महादान विषय पर प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सभी रक्तवीरों को संस्था के संस्थापक गोपी मेहता द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संस्थापक गोपी मेहता ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि युवा रक्तदाता ग्रुप जरूरतमंद मरीजों तक रक्त उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे रक्तदान शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।कार्यक्रम में राज चौधरी, पवन कुमार, बिट्टू, सूरज, मयंक राज, रौशन, शिवम चंद्रवंशी, रोहित, संतोष, अभिषेक सूर्यवंशी, अमर मल्होत्रा, रोहित सर्राफ, आयुष अधिकारी, अजीत कुमार, अभिषेक कुमार, विवेक कुमार, राजा, दीपक कुमार, सोनू कुमार, विकास कुमार, प्रकाश, पिंकी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में रक्तदाता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर सिने कलाकार एवं निर्देशक आशुतोष खरे, धर्मेंद्र सम्राट एवं राजू भोजपुरिया ने भी सभी रक्तवीरों को शुभकामनाएं देते हुए रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया।

### इटली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड प्रतियोगिता में भारत का परचम लहराएगा मुजफ्फरपुर के साधारण परिवार का एहतेशाम रिजवी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले के ग्रामीण परिवेश सकरा से निकलकर खरौना पताहीं स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र मोहम्मद एहतेशाम रिजवी ने अपनी मेहनत लगन और हिम्मत से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किए गए है। एक अति साधारण परिवार से आने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय पताहीं खरौना के विज्ञान संकाय के 12वीं कक्षा के छात्र एहतेशाम का चयन अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी


अपने परिवार के सदस्यों के साथ मोहम्मद एहतेशाम रिजवी।

विज्ञान ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम में हुआ है। आगामी 20 से 27 अगस्त तक इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एहतेशाम भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष इस प्रतियोगिता के लिए चयन परीक्षा आयोजित की गई थी. जिसमें पूरे देश से मात्र चार छात्रों का चयन किया गया। जिनमें बिहार से मुजफ्फरपुर के एहतेशाम सहित दो छात्र शामिल हैं। एहतेशाम रिजवी ने यह उपलब्धि हासिल कर बिहार और जिले का गौरव बढ़ा दिया है। वही उसकी इस कामयाबी को लेकर उसके परिवार में खुशी का माहौल है। एहतेशाम के पिता मोहम्मद सेराज अंसारी एक निजी कंपनी में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। माता गृहिणी हैं। तीन भाई-बहनों वाले इस परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत हीं साधारण है। दादा नूर हसन अंसारी मुजफ्फरपुर क्लब, कंपनीबाग में बड़े बाबू थे। उनके निधन के बाद परिवार बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए क्लब परिसर के डेरा में रह रहा है। एहतेशाम की प्रारंभिक शिक्षा सकरा के सरकारी विद्यालय में हुई। साथ ही उन्होंने सकरा स्थित होली गार्डेन प्रेप पब्लिक स्कूल में अतिरिक्त अध्ययन और मार्गदर्शन प्राप्त किया। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित इस छात्र ने कक्षा छह में जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन लिया और लगातार अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए पढ़ाई के साथ-साथ एनसीसी में भी विद्यालय का नाम रोशन किया है। एनसीसी में रहते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके एहतेशाम का सपना भविष्य में एनडीए में शामिल होकर देश सेवा करना है। मो एहतेशाम रिजवी ने बताया कि देश के लिए कुछ बेहतर करने का सपना लेकर वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने में जुटा है। ईटली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में उसका चयन होना लक्ष्य तक पहुंचने का एक सार्थक कदम है। वहीं, एहतेशाम के परिवार और सगे संबंधियों में भी एहतेशाम को मिली कामयाबी को लेकर खुशी का माहौल है। लोगो का कहना है कि एहतेशाम ने मां, दादा और पिता के उम्मीद से ऊपर का सपना पूरा कर दिया है। अब वह विदेश जाकर देश का नाम रोशन करेगा और भारत का मान बढ़ाएगा। यह पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है और एक होनहार और संघर्षशील पुत्र के कठिन मेहनत और लगन का परिणाम है।

### आम्रपाली ज्वेलर्स लूटकांड का हुआ खुलासा, पिस्टल व कारतूस के साथ 4 अपराधी गिरफ्तार

# 33 लाख के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

**मुजफ्फरपुर(दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर स्थित आम्रपाली ज्वेलर्स में हुए सनसनीखेज लूटकांड का सफल उद्भेदन किया है। इस मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से पुलिस ने लूटे गए लगभग 33 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, एक देशी पिस्टल, कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। 12 जून को हुई इस घटना में अपराधियों ने हथियार के बल पर दुकान से करीब 300 ग्राम सोने, 10 किलोग्राम चांदी के आभूषण, नगदी और अन्य सामान लूट लिया था। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

पुलिस के अनुसार 12 जून को चार अपराधी दामोदरपुर स्थित आम्रपाली ज्वेलर्स पहुंचे और हथियार के बल पर दुकान में लूटपाट की। अपराधियों ने सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और अन्य सामान लूट लिया। घटना के दौरान दुकान संचालक और स्थानीय लोगों के सहयोग से एक आरोपी अशोक सहनी को मौके पर ही दबोच लिया गया, जबकि उसके तीन साथी हथियार लहराते हुए फायरिंग कर मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे।

गिरफ्तार अशोक सहनी के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, दो कारतूस, आम्रपाली ज्वेलर्स का पर्स और आधार कार्ड बरामद किया गया था। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के अनुश्रवण और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पश्चिमी-01 के नेतृत्व में गठित टीम में जिला आसूचना इकाई और कांटी थाना की टीम को शामिल किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय आसूचना के आधार पर लगातार छापेमारी शुरू की।


33 लाख के लूट के गहने और हथियार के साथ गिरफ्तार लुटेरे।

प्रारंभिक पूछताछ में अशोक सहनी ने अपने अन्य सहयोगियों के नाम मनीष कुमार, अभिषेक सहनी और पिंटू कुमार बताए। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर सरैया थाना क्षेत्र के अमीर सहनी और उनकी पत्नी सिंधु देवी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से मिट्टी में छिपाकर रखे गए 94.830 ग्राम सोने के आभूषण और 705.760 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए। जांच में सामने आया कि दोनों नामजद आरोपी मनीष सहनी के बहन-बहनोई हैं और लूट का माल उनके यहां छिपाया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने एक अन्य नामजद आरोपी अभिषेक सहनी को भी गिरफ्तार किया तथा उसके पास से एक देशी पिस्टल, दो कारतूस, 69.610 ग्राम सोने के आभूषण और 725.51 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने आम्रपाली ज्वेलर्स लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। बरामद हथियार के संबंध में कांटी थाना में अलग से आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस ने अबतक कुल 195.97 ग्राम सोने के आभूषण और 1431.51 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

बरामद सोने के आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 29.5 लाख रुपये और चांदी के आभूषणों की कीमत लगभग 3.5 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा एक देशी पिस्टल, दो कारतूस, लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, आधार कार्ड और आम्रपाली ज्वेलर्स का पर्स भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अशोक सहनी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ साहेबगंज थाना में लूटकांड, लूट की योजना बनाने और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और शेष लूटे गए सामान की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## बिहार में सुशासन की सरकार नहीं, सर्कस चल रहा प्रदेश की कानून व्यवस्था वेंटिलेटर पर : पप्पू यादव


रविवार की देर शाम मृतक प्रगतिशील किसान हरेराम चौधरी के शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना देते सांसद पप्पू यादव।

### सरकार द्वारा सम्मानित प्रगतिशील किसान राजू चौधरी के परिजनों से मिलने पहुँचे बोचहाँ पहुँचे पूर्णिया के सांसद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के बोचहां थाना क्षेत्र के चकहेलाल गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सम्मानित प्रगतिशील किसान राजू चौधरी उर्फ हरेराम चौधरी की हुई हत्या मामले को लेकर मृतक किसान के शोकाकुल परिजनों से मिलने रविवार की देर शाम पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव उनके घर पहुँचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों के समीप बैठ कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

वही घटना के 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर बिफरे पप्पू यादव ने बिहार की एनडीए सरकार और स्थानीय प्रशासन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मौके पर उपस्थित पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में सुशासन का दावा खोखला है। यहाँ सरकार नहीं, बल्कि एक सर्कस चल रहा है। पूरे राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ चुकी है। अपराधी पूरी तरह बेखौफ हैं और आम जनता भगवान भरोसे जीने को मजबूर है। वही सांसद पप्पू यादव ने बोचहां पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अपराधियों को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण 6 दिन बाद भी हत्याकांड का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए 22 जून को मुजफ्फरपुर समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद पप्पू यादव ने मौके से ही मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा से फोन पर बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने पुलिस की अबतक की ढिलाई पर भारी नाराजगी जताई। वही सांसद से बातचीत के दौरान एसएसपी ने आश्वासन दिया कि पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही हैं और एक सप्ताह के भीतर संदेहास्पद आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। पप्पू यादव ने एसएसपी से हुई बातचीत की पीड़ित परिवार को जानकारी देते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर एसएसपी ने अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए एक सप्ताह का समय लिया है। अगर एक सप्ताह में किसान हरेराम चौधरी के हत्यारे गिरफ्तार नहीं हुए तो वे मुजफ्फरपुर जिला मुख्यालय में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे।

## कांटी में नवनिर्मित बहुउद्देशीय सम्राट अशोक भवन का क्षेत्रीय विधायक ने किया उद्घाटन

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 5 स्थित एनएच 27 के समीप किशुनगर में नवनिर्मित बहुउद्देशीय सम्राट अशोक भवन का विधिवत उद्घाटन सोमवार को क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने फीता काट कर किया। विधायक अजीत कुमार ने सम्राट अशोक भवन को नगर परिषद क्षेत्र की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि सम्राट अशोक भवन बन जाने से अब शादी विवाह समेत अन्य जरूरतमंद कार्य के लिए स्थानीय लोगों को स्थानीय स्तर पर काफी सहूलियत होगी।


सम्राट अशोक भवन का उद्घाटन करते काँटी विधायक।

विधायक अजीत कुमार ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2021 में हीं इस भवन की नींव रखी थी। आज इसका उद्घाटन करना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि लगभग 5 वर्षो के बाद यहां के लोगो को इस बहुउद्देशीय भवन को समर्पित करने का लक्ष्य आज पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक भवन का अथक प्रयास के बाद निर्माण पूरा हुआ है। सम्राट अशोक भवन पूरी तरह से कैमरा की निगरानी में रहेगा और इसमें 24 घंटे सुरक्षा की व्यवस्था होंगी। मौके पर विधायक अजीत कुमार का स्वागत मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, उपमुख्य पार्षद अजय कुमार गुप्ता, स्थानीय पार्षद संतोष पासवान समेत स्थानीय लोगों ने किया। नवनिर्मित सम्राट अशोक भवन के निर्माण में लगभग 1 करोड़ 33 लाख रुपए नगर विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया, जिससे यह कार्य पूरा किया गया है। मौके पर बीडीओ आनंद कुमार विभूति, सीओ पिंटू कुमार, ईओ अजय कुमार, बीएओ शिवनाथ झा, मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, उप मुख्य पार्षद अजय कुमार गुप्ता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनोद गुप्ता, पार्षद संतोष पासवान, राम मोहन पासवान, रामकुमार मोनू, चंदन पांडे, पार्षद प्रतिनिधि विनोद सिंह, विनोद सहनी, समाजसेवी शिबू चौधरी, महेश चौधरी, सुजीत चौधरी, बिट्टू चौधरी, चंदन चौधरी, पंकज कुमार, नीरज मिश्रा, सुजीत कुमार, गरीब सिंह समेत स्थानीय सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# जिला मुख्यालय पर राजद का महाधरना कल, तैयारी को लेकर बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, बलात्कार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, करीब 200 करोड़ का रिशुश्री के माध्यम से हुए घोटाले में अबतक निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करने तथा बड़े मंत्री एवं अधिकारियों को बचाने तथा नीट छात्रा मामले में दोषी को अबतक सरकार के द्वारा बचाने के खिलाफ, गैस संकट तथा स्थानीय अन्य जवलन्त जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रीय जनता दल 17 जून को जिला मुख्यालय पर व्यापक धरना-प्रदर्शन करेगी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला अतिथि गृह में जिला राजद द्वारा समीक्षा एवं तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक मुकेश कुमार रौशन उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मुकेश कुमार रौशन ने कहा कि जिस प्रकार प्रखंड स्तरीय धरनों में जनता की व्यापक भागीदारी देखने को मिली, उससे कहीं अधिक बड़ा और ऐतिहासिक कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और जनसमस्याओं से त्रस्त युवा, किसान, मजदूर, महिलाएं एवं आम नागरिक सरकार के खिलाफ आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में विभिन्न योजनाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है तथा जनता के पैसे की लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद पूरे बिहार में जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष की शुरूआत की है और जनता की आवाज को सड़क से सदन तक बुलंद करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर धरना कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करें और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराएँ।


17 जून को आयोजित धरना आंदोलन को सफल बनाने को लेकर समीक्षा बैठक करते राजद के नेतागण।

जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि 17 जून का धरना बिहार सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के आक्रोश का बड़ा उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में लगातार बढ़ रही हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, भ्रष्टाचार, युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, गैस की किल्लत, स्थानीय समस्याओं तथा विभिन्न घोटालों के खिलाफ राजद बिहार की जनता के साथ मजबूती से खडी है।

उन्होंने दावा किया कि धरना कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से छात्र, युवा, किसान, मजदूर, महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पेयजल, सत्तू, छाया तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने दावा किया कि यह धरना मुजफ्फरपुर जिले के राजनीतिक इतिहास के सबसे बड़े जनआंदोलनों में से एक साबित होगा। बैठक में उपस्थित नेताओं ने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और सरकार की विफलताओं के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने कार्यकताओं को बूथ स्तर तक संपर्क अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक लोगों को धरना स्थल तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में विधान परिषद सदस्य कारी सोहैब, पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, पूर्व विधायक निरंजन राय, अमर पासवान, केदारनाथ गुप्ता, लालबाबू राम, पूर्व प्रत्याशी बबलू कुशवाहा, पृथ्वीनाथ राय, गोपी किशन, सुधीर यादव, संजय ठाकुर, इकबाल मोहम्मद सम्मी, जितेंद्र किशोर, प्रदीप यादव, शाहिद एकवाल मुन्ना, लखींद्र राय, अभिमन्यु कुमार, रेणु सहनी, मोहम्मद सज्जाद, हरपिंदर कौर, अमरेन्द्र कुमार, मंगल राय, विकास सहनी, रंजन यादव, रतन चौधरी, विकास यादव, बिरजू कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षक संघ ने जनप्रतिनिधियों से मिलकर 20 जून 2026 को धरना में आने का आमंत्रण दिया

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल के नेतृत्व में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, परिहार विधायक श्रीमती गायत्री देवी, रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, सीतामढ़ी विधायक सुनील कुमार पिंटू, बथनाहा विधायक अनिल कुमार से मुलाकात कर तथा सैदपुर विधायक पंकज मिश्रा, बाजपट्टी विधायक रामेश्वर महतो, बेलसंड विधायक अमित कुमार, सुरसंड विधायक नागेन्द्र राउत, विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी एवं रेखा कुमारी को पत्र भेजकर शिक्षा विभाग सीतामढ़ी कार्यालय के खराब कार्यसंस्कृति एवं भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति पत्र निर्गत नहीं करने सहित सभी कोटि के शिक्षकों के वर्षों से लंबित कार्य पूरा नहीं करने पर संघ द्वारा 20 जून को अंबेडकर स्थल डुमरा में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने तथा पत्र निर्गत की दिशा में आवश्यक पहल हेतु शिरकत करने का अनुरोध किया ।विदित हो कि संघ ने अंतिम रुप से 10 जून तक डीईओ साहब को प्रोन्नति पत्र निर्गत करने का आग्रह किया था। लेकिन विभाग द्वारा इस दिशा में कोई प्रगति नहीं होने पर बाध्य होकर संघ को आंदोलन के प्रथम चरण में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लेना पड़ा है। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण, अनुमंडल अध्यक्ष विनोद कुमार राय, अंचल सचिव सैदपुर संजय कुमार एवं कार्यसमिति सदस्य सरोज कुमार श्रीवास्तव शामिल थे।

### श्रावणी मेला को लेकर शिव सेवा समिति ने शिवभक्त काँवरिया सेवा शिविर की तैयारी को लेकर की बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सावन महीने में बाबा गरीबनाथ धाम में एक महीने तक चलने वाले श्रावणी मेला के दौरान बाबा गरीबनाथ के जलाभिषेक के लिए यहां आने वाले लाखों शिवभक्त काँवरियो की सेवा के लिए समर्पित विभिन्न काँवरिया सेवा समिति ने श्रावणी मेला के दौरान काँवरिया सेवा शिविर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए समर्पित शिव सेवा समिति ने इस बार भी काँवरिया सेवा शिविर लगाने की तैयारी अब से ही शुरू कर दी हैं। समिति के संयोजक मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी शिव सेवा समिति द्वारा श्रावणी मेला के दौरान शिवभक्त श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में इस बार भी विशाल भंडारा, विश्राम स्थल, शुद्ध पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान यहां आने वाले काँवरिया शिवभक्तों की सेवा ही सच्ची शिवभक्ति है और समिति के सभी सदस्य निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। समिति ने समाज के सभी लोगों से इस सेवा अभियान में सहयोग और सहभागिता की अपील की है। इस बैठक में समिति के मुकेश कुमार पटेल, अनिल झा, राजन सिंह, टुनटुन शर्मा, संजय कुमार मुन्ना, अभिषेक चंद्रा, मनोज कुमार, चंदन कुमार, प्रेम गुप्ता, अनिल महतो, रत्न झा, राजीव कुमार, गोलू, प्रमोद एवं संदीप कुमार सहित कई सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।



श्रावणी मेला के दौरान काँवरिया सेवा शिविर के आयोजन को लेकर बैठक करते शिव सेवा समिति के पदाधिकारी।

### तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में व्यामशाला वॉल्व्स ने मुजफ्फरपुर लीजेंड्स को 21 रनों से हराकर विजेता कप पर जमाया कब्जा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मारवाड़ी युवा मंच मुजफ्फरपुर शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन रविवार को किया गया। टूनार्मेंट के अंतिम दिन फाइनल मैच मुजफ्फरपुर लीजेंड्स एवं व्यामशाला वॉल्व्स के बीच खेला गया। मुजफ्फरपुर लीजेंड्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। वही व्यामशाला वॉल्व्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 142 रन बनाए और मुजफ्फरपुर लीजेंड्स को 21 रनों से हराकर जीत दर्ज की। टूनार्मेंट के बाद खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें बेस्ट विकेट कीपर विशाल बिजराजिका, बेस्ट बैट्समैन आयुष मोदी, बेस्ट ब्लोअर अरमान नेमानी एवं शुभम मोटानी घोषित किए गए। टर्फ किंग द्वारा शाखा के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। आयुष तुलस्यान ने कहा कि यह टूनार्मेंट उनके टर्फ के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा। शाखा द्वारा रनर अप टीम मुजफ्फरपुर लीजेंड्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विनर अप व्यामशाला वॉल्व्स को भी ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मोके पर पवन ढंढॉरीया, गणेश डरौलिया, गोपाल नाथानी, संदीप तुलस्यान, संजय अग्रवाल, विक्रांत केजरीवाल आदि मौजूद थे।




### मलमास के अंतिम दिन और सोमवती अमावस्या को लेकर हर हर महादेव' से गूंजा बाबा गरीबनाथ धाम

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मलमास के अंतिम दिन और सोमवती अमावस्या पर सोमवार को मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ धाम मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आज के खास दिन पर 50 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं दर्शन-पूजन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। सनातन धर्म गुरुओं के अनुसार एक माह तक चलने वाला मलमास सोमवार यानि 15 जून को समाप्त हो गया। हिंदू धर्म की परंपरा के अनुसार मलमास, जिसे अधिकमास भी कहा जाता है, का समापन आध्यात्मिक साधना की पूर्णता, सकारात्मक ऊर्जा के आगमन और मांगलिक कार्यों की पुनः शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। यह हिंदू पंचांग का तेरहवां महीना होता है, जिसे आत्मशुद्धि, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की उपासना के लिए समर्पित माना जाता है। वही सोमवार को मलमास यानि पुरुषोत्तम मास की समाप्ति पर बाबा गरीबनाथ मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार की अहले सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में पहुंचने लगी। अहले सुबह से लेकर दिन ढलने तक बाबा गरीबनाथ मंदिर में महिलाओ, पुरुषों और बच्चों के साथ साथ सैंकड़ो की संख्या में बुजुर्ग महिला पुरुष भी बाबा गरीबनाथ मंदिर में पहुँचे और दर्शन पूजन किया। वही दिनभर मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। सोमवार को मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के पीछे के कारणों के संबंध में पंडित विनय पाठक ने बताया कि सोमवार को सोमवती अमावस्या पड़ने के साथ ही मलमास का समापन हुआ है।



**50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया बाबा गरीबनाथ का जलाभिषेक व दर्शन पूजन**

---

#### मस्तिष्क ज्वर से बचाव को लेकर अधिकारियों व पर्यवेक्षिकाओं का उन्मुखीकरण, सिविल सर्जन ने कहा-

# जेई की रोकथाम के लिए लोगों को करें जागृत

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जेई/मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के तत्वावधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव एवं समेकित बाल विकास परियोजना की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी निशिकांत ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम और बचाव में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं तथा प्राथमिक उपचार और संदिग्ध मरीजों की पहचान में सहयोग सुनिश्चित करें।

कार्यशाला में डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव ने दृश्य-श्रव्य माध्यम से मस्तिष्क ज्वर के लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पैरासिटामोल एवं ओआरएस उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिनका आवश्यकता अनुसार सही उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम में आंगनबाड़ी सेविकाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सदर अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजने की अपील की। उन्होंने बच्चों को भरपेट एवं प्रोटीनयुक्त भोजन उपलब्ध कराने तथा यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि कोई भी बच्चा रात में भूखा न सोए। कार्यशाला में जिले में संचालित प्रचार-प्रसार वाहन की गतिविधियों की जानकारी साझा की गई तथा संध्या चौपाल कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का दायित्व महिला पर्यवेक्षिकाओं को सौंपा गया। कार्यक्रम में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं, बीडीसीओ, वीबीडीएस, एफएलए, डीईओ तथा पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव व अन्य।


कार्यक्रम में उपस्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं, बीडीसीओ, डीईओ व अन्य।

**दृश्य-श्रव्य माध्यम से मस्तिष्क ज्वर के लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार संबंधी दी गयी विस्तृत जानकारी**

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत काजिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है। वहीं जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। कुल 08 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 02 पर आदेश पारित किया गया।



अपने कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी रिची पांडेय।

## मुजफ्फरपुर में गूंजेंगे सुर, सुमन कल्याणपुर व हेमंत कुमार को संगीतमय श्रद्धांजलि आज

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नवोदय आर्ट एंड कल्चरल डेवलपमेंट वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 16 जून 2026 को शहर में एक भव्य सांस्कृतिक शाम का आयोजन होने जा रहा है। ब्रह्मपुरा स्थित डॉ. अरुण शाह ऑडिटोरियम में शाम 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम भारतीय संगीत जगत की दो महान विभूतियों—प्रख्यात गायिका सुमन कल्याणपुर और दिग्गज गायक व संगीतकार हेमंत कुमार को समर्पित होगा।

ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का शीर्षक "ए म्यूजिकल ट्रिब्यूट टू सुमन कल्याणपुर जी" रखा गया है, जिसमें हाल ही में (31 मई 2026 को) दिवंगत हुई सुर कोकिला सुमन कल्याणपुर को गीतों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके साथ ही, इसी मंच पर महान संगीतकार हेमंत कुमार की जयंती भी मनाई जाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय और आमंत्रित कलाकारों द्वारा दोनों महान फनकारों के गाए और संगीतबद्ध किए गए सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय सुगम संगीत और क्लासिक गानों की समृद्ध विरासत से रूबरू कराना है। कार्यक्रम को लेकर शहर के संगीत प्रेमियों और प्रबुद्ध नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



'सुमन कल्याणपुर श्रद्धांजलि सभा एवं हेमंत कुमार जयंती समारोह' का पोस्टर।

## 17 जून को जिला मुख्यालय डुमरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्थल पर राजद का एक दिवसीय धरना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश कार्यालय, पटना के निर्देश पर 17 जून 2026 (बुधवार) को जिला मुख्यालय डुमरा स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर स्थल पर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस संबंध में जिला राजद की ओर से सूचना जारी कर पार्टी नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

जिला प्रधान महासचिव एवं पूर्व सभापति, नगर परिषद सीतामढ़ी मो. जलालुद्दीन खां द्वारा जारी सूचना के अनुसार धरना कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा। इसमें पार्टी के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी के सदस्य तथा प्रखंड अध्यक्षों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

राजद नेताओं ने बताया कि यह धरना राज्य एवं क्षेत्र की जनसमस्याओं, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। पार्टी की ओर से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं और समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने तथा सरकार का ध्यान आम लोगों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

राजद जिला इकाई ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से समय पर पहुंचकर धरना कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट पर सांसद, डीएम तथा किसानों की संयुक्त वार्ता 22 जून को तय

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भूमि बचाओ संघर्ष समिति, (सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट), सीतामढी का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर से उनके आवास पर मिलकर सेटेलाईट प्रोजेक्ट के तहत किसानों की भूमि छीनने तथा गांवों को विस्थापन से बचाने के लिए मुख्यमंत्री स्तर पर पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री को हजारों किसान-मजदूरों के हस्ताक्षरयुक्त भेजे गयेआवेदन की प्रति सांसद को सौंपते हुए कहा गया कि सीतामढी जिले की भूमि सर्वोतम किस्म की उपजाऊ भूमि है तथा किसान- मजदूरों के जीवन तथा रोजगार का आधार है इस भूमि को छिनने से बचायें।

लैंड पुलिंग की ऐसी योजना किसान- मजदूरों ने कभी नही मांगी थी?इस प्रयोग से सीतामढी को मुक्त कराया जाए।

इस पिछडे कृषि आधारित क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योग लगाने की जरूरत है न कि जमीन छीनने की।उद्योग लगाने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा पलायन रूकेगा। प्रतिनिधिमंडल ने लैंड लौक को अविलंब समाप्त कराने का भी सांसद से आग्रह किया। सांसद ठाकुर ने तत्क्षण समाहर्ता से वार्ता कर कहा कि मैं दिल्ली से लौटता हूं फिर 22 जून को डीएम, किसान प्रतिनिधियों के साथ इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर संयुक्त वार्ता होगी। प्रतिनिधिमंडल में भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक बैधनाथ हाथी, प्रो. आनन्द किशोर, सुरेन्द्र महतो, सतीश कुमार सिंह, शिवचंद्र यादव,खेदू महतो, राजनन्दन हाथी, छोटे साह, घनश्याम साह, शंभू यादव शामिल थे।

**भूमि बचाओ संघर्ष समिति ने सांसद से सीतापुरम सेटेलाईट प्रोजेक्ट वापस कराने की मांग की**


सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर से मिलकर अपनी मांग रखते भूमि बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

# नौ दिवसीय रामकथा महोत्सव का समापन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** चित्रगुप्त एसोसिएशन, मुजफ्फरपुर के परिसर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा महोत्सव का भव्य समापन पंडित रविशंकर ठाकुर जी महाराज के प्रवचन के साथ हुआ। अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पुष्पवर्षा के बीच भक्तिमय वातावरण में कथा का समापन किया गया।

अपने प्रवचन में पंडित रविशंकर ठाकुर ने कहा कि मिलना और बिछुड़ना प्रकृति का शाश्वत विधान है। भगवान श्रीराम का अवतार केवल रावण वध के लिए ही नहीं, बल्कि अपने भक्तों को दर्शन देकर उनका कल्याण करने के लिए भी हुआ था। उन्होंने कहा कि भगवान राम भोग के नहीं, बल्कि भाव के भूखे हैं और वे जाति नहीं, भक्ति के उपासक हैं। रामचरितमानस का मुख्य उद्देश्य भरत चरित्र एवं हनुमान जी जैसे आदर्श भक्तों के माध्यम से भक्ति का प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युग में परमात्मा धरती का भार हरने और धर्म की स्थापना के लिए अवतरित होते हैं तथा रामराज्य की स्थापना ही सनातन धर्म का मूल उद्देश्य है।

इस अवसर पर यजमान के रूप में डॉ. राजीव कुमार, सुनीति सिन्हा, डॉ. अजय कुमार, कल्पना कुमारी, संजय श्रीवास्तव एवं अनामिका ने विधिवत पूजा-अर्चना की। कथा समापन के बाद पंडित रविशंकर ठाकुर, सत्य कालिंदी मैटरनिटी एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राजीव कुमार तथा चित्रगुप्त एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय नारायण सिन्हा ने संयुक्त रूप से आयोजन को सफल बनाने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महामंत्री प्रो. अजय श्रीवास्तव सहित अनेक चिकित्सक, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन पर सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**संगीतमय श्रीरामकथा महोत्सव में विशिष्ट योगदानकर्ताओं को किया गया सम्मानित**


श्रीरामकथा महोत्सव के समापन कार्यक्रम में कथा वाचक एवं प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित लोग।

### मुजफ्फरपुर के देवरिया कोठी निवासी खिलाड़ी विपुल कुमार ने फरी-सोटी इवेंट में जीता कांस्य पदक

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** गतका संघ बिहार के तत्वावधान में पटना के राजेंद्रनगर स्थित खेल भवन में राज्य स्तरीय गतका गोल्ड कप प्रतियोगिता संपन्न हुई।इसमें मुजफ्फरपुर के देवरिया कोठी निवासी खिलाड़ी विपुल कुमार ने अंडर 19 के फरी-सोटी इवेंट में कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रौशन किया। पदक विजेता को जिला गतका संघ के अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह, सचिव सनातन राज, तकनीकी निदेशक कुंदन राज, पेफी के कुमार आदित्य ने बधाई दी है।



## सम्पादकीय

### कैमूर की पहाड़ियों में मिली महाबोधि मंदिर की अनुकृति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की नई उम्मीद

बिहार की धरती सदियों से अपने गर्भ में अनेक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए है। इसी कड़ी में कैमूर जिले की खजुरा-सरैया और बड़वा पहाड़ियों के दुर्गम अंचलों में हाल ही में हुए पुरातात्विक अन्वेषणों ने भारतीय इतिहास के एक बेहद रोमांचक और विस्मयकारी पन्ने को उजागर किया है। यहाँ जमीन के अंदर दबी हुई एक प्राचीन मंदिर की संरचना और कई दुर्लभ शिलालेख प्राप्त हुए हैं, जो प्रथम दृष्टया गया स्थित विश्वप्रसिद्ध महाबोधि मंदिर की प्रतिति प्रतीत होते हैं।

यह खोज न केवल बिहार, बल्कि संपूर्ण दक्षिण एशिया के बौद्ध इतिहास और पुरातात्विक विमर्श में एक नई क्रांति का सूत्रपात करने की क्षमता रखती है। वर्तमान में इस संरचना का केवल शिखर भाग ही जमीन से लगभग दो फीट ऊपर दिखाई दे रहा है, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस अद्भुत वास्तुकला का लगभग पच्चीस फीट का मुख्य हिस्सा अभी भी मिट्टी के सीने में दफन है। स्थानीय ग्रामीण अज्ञानतावश और अपार श्रद्धा के कारण इस उभरे हुए हिस्से को खलासि माता मंदिर के रूप में पूजते हैं, लेकिन इसके पुरातात्विक महत्व के उजागर होने के बाद अब यह स्थल इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए एक प्रमुख शोध का केंद्र बन गया है।

इस दबी हुई संरचना के ऐतिहासिक महत्व की जड़ें मुख्य रूप से पाल राजवंश (आठवीं से बारहवीं शताब्दी) के कालखंड से जुड़ी हुई हैं। भारतीय इतिहास में पाल काल को बौद्ध कला, साहित्य और वास्तुकला के स्वर्ण युग के रूप में जाना जाता है। पाल शासक न केवल बौद्ध धर्म के महान संरक्षक थे, बल्कि उन्होंने नालंदा, विक्रमशिला और ओदंतपुरी जैसे महाविहारों की स्थापना और संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कैमूर की पहाड़ियों में इस भव्य संरचना का मिलना इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि पाल काल में यह क्षेत्र बौद्ध धर्म और दर्शन का एक अत्यंत सक्रिय और जीवंत केंद्र रहा होगा। अब तक कैमूर को मुख्य रूप से इसके प्राकृतिक सौंदर्य और प्रागैतिहासिक शैलचित्रों के लिए ही जाना जाता था, लेकिन एक पूर्ण विकसित पालकालीन बौद्ध संरचना की उपस्थिति यह सिद्ध करती है कि यहाँ के सांस्कृतिक और धार्मिक तार सीधे तौर पर मगध के हृदयस्थली से जुड़े हुए थे। इस संरचना का जो स्वरूप आंशिक रूप से दृष्टिगोचर हो रहा है, उसमें पालकालीन ईंटों और प्रस्तर खंडों का स्पष्ट उपयोग दिखाई देता है, जो उस समय की उन्नत निर्माण तकनीक और स्थापत्य कला की उत्कृष्टता को प्रमाणित करता है।

कैमूर में मिली यह संरचना वास्तुकला और आध्यात्मिक प्रतीकवाद दोनों ही दृष्टियों से बोधगया के महाबोधि मंदिर के अत्यधिक समान और समकालीन प्रतीत होती है। बोधगया का महाबोधि मंदिर, जिसे सम्राट अशोक के मूल निर्माण के बाद गुप्त और पाल काल में अपना वर्तमान स्वरूप प्राप्त हुआ, एक विशिष्ट सीधे किनारे वाले पिरामिडनुमा शिखर (पंचरथ शिखर) के लिए विख्यात है। कैमूर की पहाड़ियों पर मिली संरचना के जो तीन शिखर जमीन से बाहर दिखाई दे रहे हैं, उनका ज्यामितीय विन्यास, नक्काशी की शैली और निर्माण की रूपरेखा बिल्कुल उसी महाबोधि शैली का अनुसरण करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि उस युग के कुशल वास्तुकारों ने बोधगया के मुख्य मंदिर की भव्यता और उसकी आध्यात्मिक ऊर्जा को कैमूर के इस शांत और सुरम्य पर्वतीय वातावरण में हूबहू उतारने का प्रयास किया था। प्राचीन काल में यह एक सामान्य प्रथा थी कि मुख्य तीर्थ स्थलों की प्रकृतितियां अन्य महत्वपूर्ण व्यापारिक या धार्मिक मार्गों पर बनाई जाती थीं, ताकि जो श्रद्धालु मुख्य तीर्थ तक पहुँचने में असमर्थ हों, वे वहीं अपनी आस्था प्रकट कर सकें। कैमूर की यह संरचना संभवतः इसी उद्देश्य से निर्मित एक प्रमुख उप-तीर्थ रही होगी। इसके अलावा, यहाँ की पहाड़ियों पर चौथी से छठी शताब्दी के बीच के शिलालेख और धम्म लिपि में अंकित राजा कुल चंद्र जैसे शासकों के नाम यह दर्शाते हैं कि यह क्षेत्र महाबोधि मंदिर के विकास क्रम के समानांतर ही अपनी एक अलग धार्मिक और राजनीतिक पहचान गढ़ रहा था।

इस अनमोल धरोहर के संरक्षण की आवश्यकता आज के समय में सर्वोपरि है। वर्तमान में यह संरचना प्राकृतिक आपदाओं, मौसम की मार और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के कारण गंभीर खतरे में है। चूंकि स्थानीय लोग इसे लोक देवता के रूप में पूज रहे हैं, इसलिए अनजाने में इसके पुरातात्विक स्वरूप के साथ छेड़छाड़ होने की पूरी आशंका बनी रहती है। मिट्टी के भीतर दबे होने के कारण इसकी नींव और दीवारों को नमी और वनस्पतियों की जड़ों से भी भारी नुकसान पहुँच रहा होगा। ऐसे में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और राज्य पुरातत्व निदेशालय के लिए यह नितांत आवश्यक हो जाता है कि वे इस स्थल को तत्काल प्रभाव से अपने संरक्षण में लें।

# भारत के ऑटोमोबाइल और ऊर्जा सेक्टर में बदलाव के संकेत



राजेन्द्र रमण

हाल ही में केंद्र सरकार ने पूरी तरह से इथेनल (ई-100) से चलने वाले वाहनों के निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक गाइडलाइंस को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह ऐतिहासिक कदम भारत के ऑटोमोबाइल और ऊर्जा सेक्टर में एक बहुत बड़े और क्रांतिकारी बदलाव का संकेत देता है।

इथेनल मुख्य रूप से कृषि उत्पादों जैसे गन्ने का रस, मक्का, टूटे हुए चावल और अन्य कृषि अपशिष्टों से तैयार किया जाने वाला एक प्रकार का जैविक ईंधन (बायोफ्यूल) है। अभी तक भारत में मुख्य रूप से पेट्रोल में इथेनल की ब्लेंडिंग (मिश्रण) की नीति पर काम हो रहा था, जिसमें पेट्रोल में 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने के बाद वर्ष 2025-26 तक 20 प्रतिशत मिश्रण (ई-20) के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है।

लेकिन अब शत-प्रतिशत इथेनल से चलने वाले इंजनों और वाहनों को हरी झंडी मिलना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सरकार वैकल्पिक, स्वदेशी और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाना चाहती है। इस अभूतपूर्व निर्णय के बहुत ही व्यापक और दूरगामी प्रभाव होंगे, जो देश की समूची अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और कृषि क्षेत्र को गहराई से प्रभावित करेंगे। एक ओर जहाँ यह महत्वपूर्ण निर्णय विकास और आत्मनिर्भरता के कई सुनहरे अवसरों के द्वार खोलता है, वहीं दूसरी ओर इसके साथ कई जटिल तकनीकी चुनौतियां और संभावित नुकसान भी मजबूती से जुड़े हुए हैं, जिनका समग्र और निष्पक्ष विश्लेषण करना आज के समय में अत्यंत आवश्यक है।

इस नई नीति से होने वाले सबसे बड़े और स्पष्ट फायदों की बात करें, तो यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और वृहद अर्थव्यवस्था (मैक्रो-इकोनामी) के लिए एक बहुत बड़ा वरदान साबित हो सकता है। आज भी भारत अपनी कच्चे तेल की कुल जरूरतों का लगभग 80 से 85 प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आयात करता है। इस भारी-भरकम आयात पर देश को हर साल अरबों डलर की विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है, जो देश के खजाने और व्यापार घाटे (ट्रेड डेफिसिट) पर एक बहुत बड़ा बोझ है।

पूरी तरह से इथेनल से चलने वाली गाड़ियों के सड़कों पर उतरने से पेट्रोल और डीजल पर हमारी अति-निर्भरता में भारी कमी आएगी। इससे कच्चे तेल के आयात बिल में बड़ी कटौती संभव हो सकेगी और देश की बेशकीमती विदेशी मुद्रा की बचत होगी। यह बड़ी आर्थिक बचत देश के अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगाई जा सकेगी।

इसके अलावा, ऊर्जा के मामले में देश की आत्मनिर्भरता काफी हद तक बढ़ जाएगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाले अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव और वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के कारण ईंधन की कीमतों में जो अस्थिरता आती है, उससे आम जनता और देश की अर्थव्यवस्था को काफी राहत मिलेगी। देश के भीतर ही ईंधन का बड़े पैमाने पर उत्पादन होने से ऊर्जा आपूर्ति की श्रृंखला मजबूत होगी और किसी भी बाहरी झटके का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव बहुत कम हो जाएगा।

आर्थिक फायदों के साथ-साथ इस महत्वपूर्ण निर्णय का दूसरा सबसे बड़ा सकारात्मक प्रभाव देश के कृषि क्षेत्र और करोड़ों किसानों के जीवन पर पड़ेगा। चूँकि इथेनल का उत्पादन सीधे तौर पर कृषि उपजों से होता है, इसलिए ईंधन के रूप में इसकी बढ़ती मांग किसानों के लिए आय का एक नया, बड़ा और स्थिर स्रोत बनेगी। गन्ने की भरपूर फसल के अलावा, खराब या अधिशेष (सरप्लस) अनाज, जिसका कोई अन्य उपयोग नहीं हो पाता और जो अक्सर बारिश या रखरखाव की कमी से गोदामों में सड़ जाता है, उसे अब इथेनल बनाने के लिए डिस्टिलरी और उद्योगों को अच्छे दामों पर बेचा जा सकेगा। इससे न केवल कृषि अपशिष्ट प्रबंधन में अभूतपूर्व मदद मिलेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रवाह भी तेजी से बढ़ेगा। किसानों को उनकी फसल का उचित और समय पर मूल्य मिल सकेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी और खेती एक अधिक लाभकारी व्यवसाय बन सकेगी।

पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी इथेनल को एक बेहद स्वच्छ और हरित ईंधन माना जाता है। पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों (पेट्रोल और डीजल) की तुलना में इथेनल के जलने से कार्बन मोनोआक्साइड, हाइड्रोकार्बन, नाइट्रोजन आक्साइड और अन्य हानिकारक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन काफी कम मात्रा में होता है।

आज भारत के कई प्रमुख महानगर और टीयर-2 शहर गंभीर वायु प्रदूषण और स्मॉग की समस्या से जूझ रहे हैं। पूरी तरह इथेनल (ई-100) से चलने वाले वाहनों के व्यापक उपयोग से शहरी हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा। इसके अतिरिक्त जलवायु परिवर्तन के

> **जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकों और इथेनल वितरण के विशाल बुनियादी ढांचे में तेजी से निवेश करना होगा। यदि इन सभी संभावित नुकसानों और ढांचागत चुनौतियों का सही तरीके से पूर्व-प्रबंधन कर लिया जाए, तो पूरी तरह से इथेनल आधारित यह नई वाहन नीति निश्चित रूप से भारत के एक सुनहरे, आत्मनिर्भर और पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊभविष्य का मजबूत आधार बन सकती है।**

खिलाफ चल रही वैश्विक लड़ाई और पेरिस समझौते के तहत कार्बन उत्सर्जन कम करने के अपने अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत के प्रयासों को इस नीति से एक बहुत बड़ा बल मिलेगा।

हालांकि, इस बेहद महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी योजना के मार्ग में कई बड़ी चुनौतियां और संभावित नुकसान भी हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे पहली और तात्कालिक चुनौती एक पूरी तरह से नए बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) के विकास की है। वर्तमान में देश भर में फैले हजारों पेट्रोल पंपों का नेटवर्क केवल पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के वितरण के लिए अनुकूलित है। 100 प्रतिशत इथेनल (ई-100) आम जनता तक सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए एक पूरी तरह से नई और समानांतर आपूर्ति श्रृंखला, विशेष स्टोरेज टैंक और नई डिस्पेंसिंग मशीनों की आवश्यकता होगी। इसमें निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों को हजारों करोड़ रुपये का भारी निवेश करना होगा और इस पूरे नेटवर्क को खड़ा करने में काफी लंबा समय भी लगेगा।

इसके अतिरिक्त तकनीकी स्तर पर ऑटोमोबाइल कंपनियों और उपभोक्ताओं के लिए मुश्किलें कम नहीं हैं। वर्तमान में मौजूद सामान्य पेट्रोल या डीजल इंजन 100 प्रतिशत इथेनल पर नहीं चल सकते, क्योंकि इथेनल की प्रति कोरोसिव (संक्षारक) होती है जो रबर के पाइपों और इंजन के साधारण पुर्जो को नुकसान पहुंचा सकती है।

इसके लिए वाहनों में विशेष रूप से डिजाइन किए गए फ्लेक्स-फ्यूल इंजन लगाने होंगे। इन उन्नत इंजनों की तकनीक और निर्माण लागत पारंपरिक इंजनों की तुलना में अधिक होती है, जिसका सीधा असर गाड़ियों की खुदरा कीमतों पर पड़ेगा। शुरुआत में उपभोक्ताओं के लिए ऐसी नई गाड़ियां खरीदना महंगा सौदा साबित हो सकता है।

एक और तकनीकी नुकसान इथेनल के ऊर्जा घनत्व (एनर्जी डेन्सिटी ) से जुड़ा है। इथेनल का ऊर्जा घनत्व पेट्रोल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत कम होता है। इसका सीधा और व्यावहारिक अर्थ यह है कि समान मात्रा के पेट्रोल की तुलना में इथेनल से गाड़ी कम दूरी तय करेगी। यानी ग्राहकों को गाड़ियों के माइलेज में कमी का सामना करना पड़ेगा, जिससे उन्हें बार-बार ईंधन भरवाने के लिए पंप पर जाना होगा, जो एक व्यावहारिक असुविधा बन सकती है।

इन सभी तकनीकी और ढांचागत चुनौतियों के अलावा, इस नीति से जुड़ी सबसे गंभीर और दूरगामी चिंता भारत की खाद्य सुरक्षा और सिकुड़ते जल संसाधनों को लेकर है। इथेनल का उत्पादन वर्तमान में मुख्य रूप से गन्ना, मक्का और चावल जैसी प्रमुख खाद्य फसलों पर निर्भर है। अगर परिवहन ईंधन के लिए इन फसलों की मांग अप्रत्याशित रूप से बहुत अधिक बढ़ती है, तो देश का किसान अधिक मुनाफे के लालच में गेहूं, दालों और सब्जियों जैसी आवश्यक खाद्यान्न फसलों की बजाय केवल इथेनल-उत्पादक नकदी फसलों की खेती की ओर मुड़ सकता है।

अर्थशास्त्र में इसे फूड बनाम फ्यूल (खाद्य बनाम ईंधन) की खतरनाक बहस कहा जाता है। देश की सीमित कृषि भूमि का एक बड़ा हिस्सा यदि सिर्फ ईंधन उत्पादन के लिए इस्तेमाल होने लगेगा, तो बाजारों में खाने-पीने की वस्तुओं की भारी कमी हो सकती है और खाद्य महंगाई बेतहाशा बढ़ सकती है। 140 करोड़ से अधिक की विशाल आबादी वाले देश भारत के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है।

जल संकट भी इस पूरी प्रक्रिया से जुड़ा एक बेहद अहम मुद्दा है। गन्ना एक ऐसी फसल है जिसे उगाने में बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इथेनल का उत्पादन बढ़ाने के लिए गन्ने की सघन खेती को और अधिक बढ़ावा देने से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में भूजल स्तर और भी तेजी से गिर सकता है, जहाँ पहले से ही पानी की भारी किल्लत किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इसके साथ ही, फैक्ट्रियों में इथेनल बनाने की औद्योगिक प्रक्रिया में भी काफी मीठे जल की खपत होती है और बहुत सा अपशिष्ट जल निकलता है, जिसका यदि वैज्ञानिक तरीके से सही उपचार न किया गया तो वह आसपास की उपजाऊ मिट्टी और स्थानीय नदियों को बुरी तरह प्रदूषित कर सकता है।

निष्कर्षतः, यह कहा जा सकता है कि केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह इथेनल से चलने वाली गाड़ियों के लिए गाइडलाइंस को अपनी मंजूरी देना एक बेहद प्रगतिशील, साहसिक और समय की मांग के अनुरूप उठाया गया कदम है। इसके माध्यम से भारत न केवल अपने भारी-भरकम और नुकसानदेह तेल आयात बिल को कम कर सकता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बहुत लंबी छलांग लगा सकता है। यह ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में यकीनन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। लेकिन इस नीति की पूर्ण सफलता को सुनिश्चित करने के लिए सरकार को अत्यधिक सावधानी, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और दूरदर्शी योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा। फूड बनाम फ्यूल के संभावित संकट और जल की कमी से बचने के लिए भारत को पहली पीढ़ी के इथेनल (गन्ना, मक्का) पर अपनी निर्भरता कम करके दूसरी पीढ़ी (2जी) और तीसरी पीढ़ी (3जी) के इथेनल उत्पादन पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा, जो मुख्य रूप से कृषि अवशेषों, पराली, बांस और गैर-खाद्य बायोमास से व्यावसायिक रूप से बनाया जाता है। इससे न तो देश की खाद्य सुरक्षा कभी बाधित होगी और न ही पानी का अत्यधिक दोहन होगा।

## जी सिनेमा, जी बॉलीवुड और जी स्टूडियोज मना रहे, 'गदर : एक प्रेम' कथा के 25 साल का जश्न

**पच्चीस** साल पहले एक ऐसी फिल्म आई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस की कामयाबी के मायने बदल दिए, एक सांस्कृतिक पहचान बन गई और भारतीय सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ गई। अनिल शर्मा की 'गदर : एक प्रेम कथा' के 25 शानदार साल पूरे होने के मौके पर जी सिनेमा, जी बॉलीवुड और जी स्टूडियोज उस फिल्म की विरासत का जश्न मना रहे हैं, जिसने न सिर्फ करोड़ों दर्शकों का दिल जीता, बल्कि जी परिवार के एक यादगार सफर की शुरुआत भी की।

साल 2001 में रिलीज हुई 'गदर : एक प्रेम कथा' भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्मों में शामिल हो गई थी। देश के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म ने प्यार, त्याग, पारिवारिक मूल्यों और देशभक्ति को ऐसे अंदाज में पेश किया, जिसने हर पीढ़ी के दर्शकों को गहराई से जोड़ा। तारा सिंह और सकीना की कहानी सिर्फ एक फिल्मी प्रेम कहानी बनकर नहीं रह गई, बल्कि एक ऐसा एहसास बन गई, जो आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है।

जी स्टूडियोज के लिए भी 'गदर' बेहद खास मायने रखती है, क्योंकि यह उसकी पहली फिल्म थी। इसी फिल्म ने उस स्टूडियो की नींव रखी, जिसने अगले ढाई दशकों में भारतीय सिनेमा को कई यादगार कहानियां दीं। आज जब जी सिनेमा, जी बॉलीवुड और जी स्टूडियोज इस खास पड़ाव का जश्न मना रहे हैं, तब 'गदर' उस शुरुआत की याद दिलाती है, जिसने दर्शकों को एकजुट किया, कई रिकार्ड तोड़े और खुद को एक सदाबहार क्लासिक के रूप में स्थापित किया। पिछले 25 वर्षों में इस फिल्म ने सिनेमाघरों, टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्म्स के जरिए लगातार नए दर्शकों तक अपनी पहुंच बनाई है। यही वजह है कि आज भी इसे भारतीय सिनेमा की सबसे पसंदीदा फिल्मों में गिना जाता है। इसके किरदार, संवाद और कई यादगार पल आज भी देश की सामूहिक यादों का




हिस्सा बने हुए हैं।

इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए जी सिनेमा और जी बलीवुड 'गदर : एक प्रेम कथा' का विशेष प्रसारण किया। दर्शक सोमवार, 15 जून को दोपहर 2 बजे जी सिनेमा और रात 8 बजे जी बॉलीवुड पर इस फिल्म का आनंद लिए और एक बार फिर उस जादू को महसूस कर पाए, जो बीते 25 सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित करता आ रहा है।

फिल्म की इस यादगार विरासत पर बात करते हुए सनी देओल ने कहा, तारा सिंह ने मुझे दर्शकों के साथ ऐसा रिश्ता दिया है, जो वक्त के साथ और मजबूत होता गया। पच्चीस साल बाद भी 'गदर' के लिए लोगों का प्यार उतना ही गहरा महसूस होता है। एक कलाकार के तौर पर इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है। थैंक यू इंडिया, इतने प्यार के लिए हिंदुस्तान जिंदाबाद था! हिंदुस्तान जिंदाबाद है! हिंदुस्तान जिंदाबाद रहेगा!

अमीषा पटेल ने कहा, सकीना हमेशा मेरी जिंदगी का बेहद खास हिस्सा रहेगी। पच्चीस साल बाद भी दर्शकों को इस किरदार और इस कहानी का जश्न मनाते देखना मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला अनुभव है। 'गदर' हमेशा मेरे दिल के बेहद करीब रहेगी।

गदर में छोटे बच्चे (सनी देओल और अमीषा पटेल के बेटे) की भूमिका निभाने वाले उत्कर्ष शर्मा ने कहा, यह मेरी पहली फिल्म थी, इसके लिए मैंने 100 दिनों तक शूटिंग की और बहुत सारा अनुभव हासिल किया। मैं जी और सनी देओल सर का आभारी हूँ।

फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा, हमने 'गदर' को पूरे विश्वास, जज्बात और कहानी कहने के जुनून के साथ बनाया था। दर्शकों ने इसे एक फिल्म से कहीं बड़ा बना दिया। पच्चीस साल बाद भी जो प्यार इसे मिल रहा है, वह हम सभी को विनम्र बना देता है। जी सिनेमा, जी बॉलीवुड और जी स्टूडियोज गदरः एक प्रेम कथा के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, वे कहानी कहने की ताकत, सिनेमा और दर्शकों के बीच के अटूट रिश्ते, और उस ऐतिहासिक फिल्म का भी उत्सव मना रहे हैं, जिसकी विरासत लगातार पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है।

## राज्य में 31 जगहों पर बनेंगे विश्वस्तरीय आधुनिक बस पड़ाव

> पीपीपी मोड में होगा निर्माण
> पटना-मुजफ्फरपुर जैसे शहरों में तैयार होंगे हाई-टेक टर्मिनल
> परिसर में कैफेटेरिया से लेकर शापिंग मॉल तक
> डीजल-पेट्रोल रिटेल आउटलेट, ईवी चार्जिंग स्टेशन की सुविधा

**बिहार** के बस पड़ाव अब नए कलेवर में नजर आएंगे। इन्हें दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर आधुनिक, सुविधाजनक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। निगम पीपीपी मोड में राज्य के 31 स्थानों पर विश्वस्तरीय आधुनिक बस पड़ाव का निर्माण कराएगा। इन टर्मिनलों में शापिंग मॉल, कैफेटेरिया, होटल, पीवीआर और एंटरटेनमेंट जोन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो न सिर्फ यात्रियों को सुविधा देंगी बल्कि बस यात्रा को एक सुखद अनुभव भी बनाएंगी। यहां डीजल और पेट्रोल रिटेल आउटलेट भी स्थापित किए जाएंगे। साथ ही पर्याप्त ईवी चार्जिंग स्टेशन मौजूद होंगे, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा।

निगम ने पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुंगेर, जमुई, नवादा, सहरसा, पालीगंज, लहेरियासराय, मधुबनी, किशनगंज, मोतिहारी, छपरा, सुल्तानगंज, नौबतपुर, बरबीघा, मोकामा, चकाई, सीतामढ़ी, बिहारशरीफ, औरंगाबाद, आरा, जहानाबाद, संग्रामपुर, तारापुर, भदौनी, सिकंदरा और राजगीर जैसे शहरों को चिन्हित किया है।

परियोजनाओं के तहत बड़े से लेकर छोटे शहरों तक का चयन किया गया है, जिसकी बदौलत इन स्थानों का शहरीकरण और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और निगम का राजस्व भी बढ़ेगा।

यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन टर्मिनलों में आधुनिक एसी युक्त प्रतीक्षालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त पार्किंग, यात्री सहायता काउंटर, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक अनुकूल सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, एटीएम, दीदी की रसोई और ई-चार्जिंग स्टेशन जैसी उत्कृष्ट सुविधाएं दी जाएंगी। ये बस डिपो पांच मंजिला होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर बस पार्किंग और वर्कशप होगी, जबकि ऊपरी मंजिलों पर निगम कार्यालय, कैफेटेरिया, दुकानें, एसी-नन एसी वेटिंग रूम, डर्मेटरी, गेस्ट रूम, महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, बैंट हल, शॉपिंग मॉल, होटल और एंटरटेनमेंट जोन विकसित किए जाएंगे।

यह परियोजना बस स्टैंडों को मल्टी-मॉडल हब के रूप में विकसित करेगी, जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके लिए निगम जमीन उपलब्ध कराएगा और निर्माण व रखरखाव की जिम्मेदारी निजी भागीदार निभाएंगे। 'निर्माण के बाद बस पड़ाव लगभग निर्धारित वर्षो की लीज अवधि के लिए निजी एजेंसी को दिए जाएंगे। इस दौरान रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी भी एजेंसी की ही होगी। लीज अवधि समाप्त होने के बाद ये सुविधाएं पूर्ण रूप से निगम को ट्रांसफर कर दी जाएंगी।' यह पहल राज्य में बस यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

## पेनियरबाय से जुड़ें और अपनी दुकान की कमाई बढ़ाएं

**डिजिटल** युग में अपने बिजनेस को बढ़ाने, नए ग्राहक जोड़ने और महीने के 15,000 प्लस की अतिरिक्त आय कमाने का एक शानदार मौका। पेनियरबाय भारत का अग्रणी शाखारहित बैंकिंग और डिजिटल सेवा नेटवर्क अब रिटेलर्स को डिजिटल प्रधान बनने का अवसर दे रहा है।

अब किराना दुकान, मोबाइल शॉप या जनरल स्टोर चलाने वाले व्यापारी अपनी ही दुकान से कैश निकासी, मनी ट्रांसफर, मोबाइल रिचार्ज, बिल भुगतान, पैन कार्ड, इंश्योरेंस और लोन जैसी कई वित्तीय सेवाएँ दे सकते हैं और अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

> पेनियरबाय से जुड़ने के फायदे
> ज्यादा कमाई, हर ट्रांजैक्शन पर कमीशन कमाएँ
> नए ग्राहक जोड़ें, अपनी दुकान को एक मिनी बैंक बनाएँ
> आसान और भरोसेमंद, एक ही ऐप में सभी सुविधाएँ उपलब्ध
> अभी जुड़ें और अपनी इनकम बढ़ाएँ
> मिस्ड कल दें 1800 3000 2030 पर या गुगल प्ले स्टोर से पेनियरबाय ऐप डाउनलोड करें
> पेनियरबाय के साथ जुड़कर अपने शहर के 'डिजिटल प्रधान' बनिए और नए अवसरों का लाभ उठाइए

बिहार के संदीप कुमार जी की सफलता कहानी : पटना के संदीप कुमार जी, जो एक स्टेशनरी दुकान चलाते हैं, पेनियरबाय के साथ जुड़ने के बाद महीने के 15,000 प्लस की अतिरिक्त कमाई कर रहे हैं। पहले सिर्फ किताबें, कॉपियां और पेन बेचने वाले संदीप कुमार जी अब कैश निकासी, मनी ट्रांसफर और बिल पेमेंट्स जैसी बैंकिंग सेवाएँ भी देते हैं, जिससे उनके ग्राहक बढ़ गए हैं और उनका बिजनेस और ज्यादा ग्रो हो रहा है। अब मैं स्टेशनरी के साथ ही ग्राहकों को वित्तीय और डिजिटल सेवाएँ भी दे पा रहा हूँ। इससे नए ग्राहक भी आ रहे हैं और मेरी कमाई भी बढ़ गई है, वे कहते हैं।

पेनियरबाय के बारे में : अप्रैल 2016 में शुरू हुआ, पेनियरबाय एक डिपी आईआई टी -मान्यता प्राप्त कंपनी और भारत का अग्रणी शाखारहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क है। यह बी2बी2सी मॉडल पर काम करता है, जिसमें यह स्थानीय दुकानदारों को डिजिटल और वित्तीय सेवाएँ देने के लिए सक्षम बनाता है। पेनिपरबाय का लक्ष्य है हर व्यक्ति तक बैंकिंग और डिजिटल सेवाएँ पहुँचाना। आज, पेनियरबाय अपने टेक-सक्षम नेटवर्क के माध्यम से कैश डिपाजिट, निकासी, ई-कॉमर्स, क्रेडिट, इंश्योरेंस, यात्रा और बिल पेमेंट जैसी सेवाएँ प्रदान करता है। देश भर के 12 प्लस लाख रिटेलर्स और 15 प्लस लाख डिजिटल नारियां, 20,000 प्लस पिन कोड्स में 5 प्लस करोड़ ग्राहकों की सेवा कर रहे हैं, हर साल 25 करोड़ से अधिक ट्रांजैक्शंस को संभालते हैं।

## प्रवचन

### भोग की प्रवृत्ति रोग का कारण : जीयर स्वामी

> तीर्थ स्थल पर पिकनिक और हनीमून से नहीं मिलते फल
> पति की अनुपस्थिति में माताओं का हो मर्यादित जीवन
> धन संचय में राजा, चोर और परिजन का भय

जीवन के किसी भी क्षेत्र में अत्यधिक भोग की प्रवृति रोग का कारण बनता है। 'अति सर्वत्र वर्जयेत्' सुख में क्षय का भय, धन संचय में राजा, चोर एवं परिजन का भय, विद्या में अहंकार का भय और रूप में विचलन का भय अन्तर्भूत रहता है। इसलिए मनुष्य को संयमित और सामान्य जीवन जीना चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मानव शरीर एवं मन की संरचना काफी संतुलित रूप में किया है। इनका बेहतर उपयोग एवं सुख की प्राप्ति संतुलित जीवन व्यतित करके ही किया जा सकता है। भोग में रोग का भय रहता है। तपस्या से जीवन चमकता है। भोग से शरीर में चमक संभव है, लेकिन जीवन में संभव नहीं। सुख में धन-क्षय का भय बना रहता है। इसलिये सुख के एक-एक क्षण को काफी सतर्कता एवं संयमित रूप से व्यतीत करना चाहिए। इन क्षणों में स्वयं द्वारा दंभ, अहंकार, अतिरेक और प्रदर्शन तथा दूसरे का अहित से सदैव दूरी बनाये रखनी चाहिए। धन प्राप्ति पर दिखावा तथा उसके संरक्षण में लापरवाही कतई नहीं बरतनी चाहिए। दिखावा पर राजा (सरकारी तंत्र) और परिजन की आंखे लगती है और लापरवाही पर चोर की। विद्वान को अपनी विद्वता पर कभी अहंकार नहीं करनी चाहिए। विद्वता की कोई सीमा नहीं होती। इसलिए उतरोत्तर ज्ञान के विस्तार पर ही अपने को केन्द्रित रखना चाहिये न कि दंभ की सीढ़ियों से यश प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए।

जीयर स्वामी ने कहा कि बद्रीकाश्रम में नारायण अपने शिष्य के साथ कठोर तपस्या किये। उस पर्वत का नाम नरनारायण पड़ा। लक्ष्मी जी बैकुंठ लोक में अपने को अकेला पाकर श्रीमन् नारायण के तपस्या-स्थल पर बद्री (बैर) का पेड़ बन छाया प्रदान की। इसीलिए उक्त स्थल को बद्रीनारायण के नाम से जाना जाता है। लक्ष्मी जी ने माताओं को संदेश दिया है कि पति के घर में नहीं रहने पर दूसरे पुरूष से हास-परिहास एवं रसिक बातें नहीं करनी चाहिए। इसे एक प्रकार का काम भोग बताया गया है। भारतीय धर्मशास्त्र में केवल स्त्री-पुरूष का शारीरिक सम्बन्ध ही काम-क्रिया नहीं है। आठ प्रकार की काम-क्रियाएँ बताई गई हैं, जिनसे



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

माताओं को बचना चाहिए। किसी पर-पुरूष का स्मरण, काम-सम्बन्धी बातें करना, काम से सम्बन्धित मजाक करना, पर पुरूष को कुदृष्टि से देखना, उससे एकान्त में बातें करना, काम प्रवृत्ति के प्रति संकल्पित होना, उसके लिए प्रयास करना और संयोग क्रिया का सम्पादन करना-ये सभी काम-क्रिया (संभोग) की परिधि में आते हैं। नारायण ने पृथ्वी पर कठोर तपस्या जनमानस के हित के लिए किये। बद्रीनारायण जाने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है। अगर मोक्ष की प्राप्ति नहीं हुई तो पुनर्जन्म में ऐश्वर्य (लक्ष्मी पात्र) के बतौर जन्म होता है।

स्वामी जी ने कहा कि नारायण ने कठोर तपस्या से संदेश दिया है कि गृहस्थ जीवन में धनार्जन करने वाला व्यक्ति की जिम्मेवारी बनती है कि वह नहीं कमाने वाले परिजनों का भी भरण-पोषण करे।

उन्होंने कहा कि तीर्थ में पिकनिक मनाने के ख्याल से नहीं जाना चाहिए। अन्यथा तीर्थ का लाभ मिलने के बजाए दोष लगता है, क्योंकि नवयुवकों की वहां मंशा हनीमून और पिकनिक की रहती है। उनका आचरण, आहार और व्यवहार संयमित नहीं रहता। ऐसी स्थिति में हनीमून की कामना युक्त भ्रमण में तीर्थ का फल प्राप्त नहीं होता।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट डिजिटल डेली न्यूज पेपर दैनिक नवसंदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक हैं।)

## तिरहुत हाई स्कूल मेहसी के पूर्व प्रधानाध्यापक अजय यादव के निधन से शोक की लहर

**मेहसी(एनएसबी)।** तिरहुत हाई स्कूल मेहसी के पूर्व प्रधानाध्यापक एवं शिक्षा जगत की सम्मानित हस्ती अजय यादव का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से मेहसी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे।अजय यादव, चिंतावनपुर निवासी अभय यादव के बड़े भाई थे। अपने शिक्षकीय जीवन में उन्होंने अनेक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।शोक व्यक्त करते हुए परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष शाहिद रजा ने कहा कि अजय यादव एक कर्मठ, अनुशासित और छात्रों के प्रिय शिक्षक थे। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।पूर्व अंग्रेजी शिक्षक रामप्रवेश यादव, इम्तियाज आलम, लतीफ उर रहमान, सुदिष्ट नारायण ठाकुर, अरविंद गुप्ता, मुखिया राकेश पाठक,मुखिया मोशताक आलम, मनोज मिली, मनोज मेहसवी, संजय कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया हैस शोक संदेश में सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। अजय यादव के निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी शिक्षक, मार्गदर्शक और समाजसेवी व्यक्तित्व को खो दिया है।

# ग्रीन एंड क्लीन संस्था की वार्षिक बैठक, सुमित कुमार बने नए अध्यक्ष

**मोतिहारी(एनएसबी)।** छतौनी चौक स्थित सुमन रेजीडेंसी में रविवार की संध्या ग्रीन एंड क्लीन संस्था की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।बैठक में संस्था के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला जज विपिन बिहारी मिश्रा, अमित सेन, मुरारी बाबा, ड़ सौरभ एवं ड़ ए. कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सुगौली विधायक बबलू गुप्ता तथा सकरा (मुजफ्फरपुर) के विधायक एवं बिहार सरकार के पर्यावरण विभाग के सदस्य आदित्य कुमार शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा नेता संजय कुमार जायसवाल, वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार तथा अब्दुल रहमान सहित कई गणमान्य लोग मंचासीन रहे।



कार्यक्रम में उपस्थितलोग।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित सेन ने की, जबकि संचालन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने संस्था की पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में की गई गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का नारा सांस हो रही है कम, आओ पौधा लगाएं हम तथा स्वच्छता हम सबका अधिकार, जिसके लिए हम सब मिलकर कर रहे प्रयास संस्था के उद्देश्यों को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान तथा कोविड-19 काल में किए गए कार्यो के लिए संस्था को सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा दो दर्जन से अधिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था भारत सरकार के नीति आयोग के दर्पण पोर्टल से पंजीत है, जिसका पंजीकरण संख्या ठत्थ्2026थ्108665 है।बैठक के दौरान संरक्षक अमित सेन ने संस्था के नए अध्यक्ष के रूप में सुमित कुमार का नाम प्रस्तावित किया, जिसका उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। वहीं, हरीश कुमार ने युवा समिति के अध्यक्ष पद के लिए उद्देश्य कुमार गुप्ता का नाम प्रस्तावित किया, जिसे भी सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।नई कार्यकारिणी में अजय कुमार गुप्ता, ड़ श्रीकांत एवं चंदन सावन को उपाध्यक्ष, अनिरुद्ध लोहिया को महासचिव, धीरज सराफ को सचिव, कौशल सिंह को मीडिया प्रभारी तथा संजय कुमार टुना को कोषाध्यक्ष बनाया गया। युवा समिति में ऋषि राज को उपाध्यक्ष एवं अभिषेक जैन को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही स्वर्ण पदक विजेता ताइंडो खिलाड़ियों सृष्टि श्री, अर्षिता कुमारी, आयुष राज, हंसराज, अक्षय कुमार एवं आशीष कुमार को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं संरक्षकों ने ग्रीन एंड क्लीन संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन कौशल सिंह ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।बैठक में करण सिंह, अनिल सराफ, मुरली मनोहर, अनिल कुमार, राजेश कुमार, विनोद जायसवाल, आशीष प्रताप सिंह, पूर्व सैनिक करमचंद, भारत कुमार गुप्ता, विनय उपाध्याय, केशव ष्णा, समरेंद्र गिरी, रंजीत गिरी, सोनू श्रीवास्तव, मुकेश कुशवाहा सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बंजरिया पुलिस की कार्रवाई, देसी शराब के साथ कई गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बंजरिया थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर देसी शराब के कारोबार एवं शराब सेवन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार कांड संख्या 357थ्26 में चेलाहा गांव निवासी लक्ष्मण मुखिया (50 वर्ष) एवं राकेश मुखिया (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान एक मोटरसाइकिल (ठत्-05-ठत्-1340) तथा लगभग 55 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई।वहीं कांड संख्या 358थ्26 में शराब सेवन के आरोप में मोला कुमार, राजेश कुमार एवं अंशु कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपित पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। बंजरिया थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अभियान लगातार जारी रहेगा।

### 16 से 18 जून तक सभी प्रखंडों में लगेंगे जन कल्याण शिविर सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

**मोतिहारी।** केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्वी चंपारण जिले के सभी 27 प्रखंड मुख्यालयों में 16 से 18 जून तक ष्प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविरष् आयोजित किए जाएंगे। वहीं 16 जून को जिले की 71 पंचायतों में पंचायत स्तरीय ष्सहयोग शिविरष् भी लगाए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में आयोजित इस शिविर में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी योजनाओं सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिविर के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया है। साथ ही विभिन्न विभागों के स्टल लगाने तथा शिविर की अनलाइन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है।शिविर के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए जिले के विभिन्न वरीय अधिकारियों की प्रखंडवार प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अपने आवंटित प्रखंड में उपस्थित रहकर शिविर के संचालन की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।प्रशासन का मानना है कि इन शिविरों के माध्यम से आम लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी सुविधा होगी।

# उर्दू-हिंदी के विकास से ही संस्कृति की होगी रक्षा : शमीम आलम

## 208 डिग्री कॉलेजों में उर्दू विभाग स्थापित करने की उठी मांग, द्वितीय राजभाषा उर्दू को मिले पूरा सम्मान : इश्तियाक आलम

**मेहसी(एनएसबी)।** उर्दू हिंदी एकेडमी, नई दिल्ली के चेयरमैन शमीम आलम ने कहा है कि उर्दू और हिंदी के विकास एवं संरक्षण से ही देश की सांस्तिक विरासत सुरक्षित रह सकती है। उन्होंने कहा कि दोनों भाषाएं जुड़वा बहनों की तरह हैं और गंगा-जमुनी तहजीब की सशक्त प्रतीक हैंस उन्होंने कहा कि उर्दू और हिंदी देश के महान कवियों एवं साहित्यकारों की भाषा रही हैं। यह अमीर खुसरो और कबीर की जबान है, सूफियों और संतों की आवाज है तथा प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की संस्ति को आगे बढ़ाने वाली भाषा है। शमीम आलम ने कहा कि किसी भाषा की उपेक्षा करना अपनी सांस्तिक जड़ों को कमजोर करना है। उन्होंने बिहार सरकार से उर्दू भाषा के विकास के लिए ठोस कदम उठाने की अपील करते हुए कहा कि भाषाओं के संरक्षण से समाज में अमन, शांति और सद्भाव को मजबूती मिलती हैस सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड इश्तियाक आलम ने कहा कि बिहार के 208 नवसृजित डिग्री कलेजों में जल्द से जल्द उर्दू विभाग की स्थापना की जानी चाहिए तथा अन्य विषयों के साथ उर्दू की पढ़ाई भी शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उर्दू और हिंदी एक-दूसरे की पूरक भाषाएं हैं। यदि उर्दू कमजोर होगी तो हिंदी भी प्रभावित होगी। उन्होंने उर्दू को इंकलाब और सामाजिक चेतना की भाषा बताते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।वहीं सामाजिक कार्यकर्ता फरोग आलम जामी ने कहा कि बिहार में उर्दू को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, लेकिन प्रस्तावित डिग्री कलेजों में उर्दू के पद सृजित नहीं किए जाने से उर्दू भाषी समाज में निराशा व्याप्त है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि 208 नवसृजित डिग्री कलेजों में उर्दू विभाग एवं शिक्षकों के पदों का शीघ्र सृजन किया जाए ताकि उर्दू भाषा के विकास को नई दिशा मिल सके।कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में उर्दू और हिंदी के संरक्षण को देश की साझा सांस्तिक विरासत की मजबूती के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से भाषा विकास के प्रति संवेदनशील पहल करने की मांग की।


बैठक में उपस्थित लोग।

# किसानों को जागरूक करने के लिए एलईडी युक्त प्रचार वाहन रवाना

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के तहत किसानों को षि योजनाओं एवं आधुनिक षि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से एलईडी युक्त किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिले के सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया।
अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से वाहन को रवाना किया। यह अभियान राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे षि जनकल्याण कार्यक्रम का हिस्सा है। जानकारी के अनुसार, 13 जून तक प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जबकि 30 जून तक पंचायत स्तर पर षि जनकल्याण चौपाल-सह-खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 जून को मुख्यमंत्री द्वारा पटना से एलईडी युक्त किसान जागरूकता वाहनों को राज्य के सभी जिलों के लिए रवाना किया गया था। जिले में संचालित इस जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक प्रखंड में तीन-तीन स्थानों पर एलईडी वाहन के माध्यम से षि आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके जरिए किसानों को विभिन्न षि योजनाओं, उन्नत खेती की तकनीकों तथा सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में जिला षि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा मनीष कुमार, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित षि विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


रथ रवाना करते एडीएम एवं डीडीसी

# पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत : राधा मोहन सिंह

## बौद्ध स्तूप के 25 प्रतिशत भाग को प्राकृतिक ढांचा विकसित किया जाएगा

**मोतिहारीध् केसरिया (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को केसरिया स्थित बुद्धा होटल एंड कैफेटेरिया में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान बैठक में पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा सांसद राधा मोहन सिंह शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि भारत को पांच ट्रिलियन डलर की अर्थव्यवस्था बनाना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देशवासियों का सामूहिक सपना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में नीतिगत बदलावों, आर्थिक सुधारों और सुशासन के कारण भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।उन्होंने कहा कि जीएसटी, डिजिटल इंडिया, बैंकिंग सुधार, फेसलेस टैक्स व्यवस्था तथा आधारभूत संरचना के विकास जैसे कदमों ने देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की है। महंगाई नियंत्रण, कर व्यवस्था में सुधार तथा तकनीक के व्यापक उपयोग से आम लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है।सांसद ने कहा कि पिछले 12 वर्षो में सड़कों, पुलों, रेलवे, हवाई अड्डों, नए संसद भवन, भारत मंडपम और यशोभूमि जैसी परियोजनाओं ने आत्मनिर्भर भारत की सोच को साकार रूप दिया है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक को शासन एवं विकास का प्रभावी माध्यम बनाकर सरकार ने पारदर्शिता बढ़ाई है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है।पूर्वोत्तर भारत के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। आज पूर्वोत्तर के राज्य देश की सुरक्षा और समृद्धि के महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहे हैं।कार्यक्रम में बिहार मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, केसरिया विधानसभा संयोजक आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थितलोग।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 करोड़ की वाटर पार्क परियोजना के लिए जमीन मापने पहुंची टीम बैरंग लौटी

**वाटर पार्क के लिए जमीन पैमाइश का दूसरी बार ग्रामीणों ने किया विरोध**

**पहले श्मशान भूमि का दावा, अब खेती योग्य जमीन बताकर विरोध**

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के समीप 14 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित वाटर पार्क के लिए जमीन की पैमाइश करने पहुंची प्रशासनिक टीम को सोमवार को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। दर्जनों महिला-पुरुषों ने भूमि को अपनी पुश्तैनी खेती योग्य जमीन बताते हुए पैमाइश कार्य रुकवा दिया, जिसके कारण अधिकारियों को बिना मापी किए लौटना पड़ा। सदर-2 डीएसपी जितेश पांडेय, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी सबिता कुमारी और अमीन अनुरंजन कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद था। टीम ने जैसे ही पैमाइश शुरू करने की कोशिश की, ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके पूर्वज वर्षो से इस भूमि पर खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन द्वारा इसे आम गैरमजरूआ भूमि बताकर वाटर पार्क निर्माण के लिए अधिग्रहित करने की प्रक्रिया को अनुचित बताया। यह दूसरी बार है जब वाटर पार्क के लिए चिन्हित भूमि की पैमाइश का विरोध हुआ है। इससे पहले भी ग्रामीणों ने एक अन्य चिन्हित भूमि को श्मशान घाट की जमीन बताकर पैमाइश रुकवा दी थी। अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि संबंधित भूमि सरकारी अभिलेखों में आम गैरमजरूआ दर्ज है और इसे वाटर पार्क निर्माण के लिए चिति किया गया है। सदर-2 डीएसपी जितेश पांडेय ने जानकारी दी कि ग्रामीणों के आग्रह पर उन्हें अपने पक्ष में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रतनवा में जीविका दीदियों को महिला सशक्तिकरण योजनाओं की दी गई जानकारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के निर्देश पर फेनहारा प्रखंड के रतनवा गांव में जीविका समूह की महिलाओं के साथ विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, अधिकारों तथा सरकारी सुविधाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र राम ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला मिशन समन्वयक (डीएचईडब्ल्यू) निधि कुमारी ने महिलाओं के लिए जिला स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डाला। वहीं जेंडर विशेषज्ञ निर्भय कुमार ने लैंगिक समानता एवं महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ रितेश कुमार ने महिलाओं को बचत, वित्तीय प्रबंधन और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के संबंध में जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान ष्महिला हेल्पलाइन-181ष के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू हिंसा, मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना जैसी परिस्थितियों में महिलाएं टोल-फ्री नंबर 181 पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही पंचायत स्तर पर संचालित ष्सखी वार्ताष कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं तक जागरूकता पहुंचाने की जानकारी दी गई।बैठक में जिला हब फर एम्पावरमेंट अफ वीमेन (डीएचईडब्ल्यू), वन स्टप सेंटर (ओएससी) तथा महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास से जुड़ी अन्य योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित जीविका दीदियों ने इस पहल की सराहना करते हुए अपने-अपने गांवों और टोलों में महिलाओं को हेल्पलाइन 181 एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक, बुक कीपर, कम्युनिटी मोबिलाइजर तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद थीं।

### हरसिद्धि स्थित एचपीसीएल एलपीजी प्लांट का सांसद राधा मोहन सिंह ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'प्रगति पथ यात्रा' कार्यक्रम के तहत सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने सोमवार को हरसिद्धि स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के एलपीजी बटलिंग प्लांट का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सांसद श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने तेल एवं गैस क्षेत्र में व्यापक नीतिगत सुधार करते हुए गैस पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार, एलपीजी की पहुंच बढ़ाने, निजी निवेश को प्रोत्साहन देने तथा ऊर्जा सुरक्षा को सुढ़ करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से भारत आत्मनिर्भर और आधुनिक ऊर्जा अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने बताया कि हरसिद्धि स्थित यह अत्याधुनिक एलपीजी बटलिंग प्लांट प्रतिदिन 40 हजार से 50 हजार गैस सिलेंडर रिफिल करने की क्षमता रखता है। इस प्लांट से पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, गोपालगंज, सिवान और सीतामढ़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में रसोई गैस की आपूर्ति की जाती है।सांसद ने कहा कि ऐसी परियोजनाएं न केवल ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करती हैं, बल्कि आम उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


निरीक्षण करते सांसद।

### बारह साल में बदली देश की तस्वीर : सांसद रविशंकर प्रसाद

**फतुहा (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय आशीष मैरेज हल में सोमवार को भाजपा संगठन जिला बाढ़ के तत्वावधान में विकसित भारत सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला बाढ़ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद ने की जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री गजेन्द्र सिंह ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद और बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामपाल यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद नेताओं ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बीते बारह वर्षो में तेजी से आगे बढ़ा है। बारह वर्ष पहले भारत को दुनिया कमजोर देश के रूप में देखती थी लेकिन आज वही भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और जनधन योजना जैसी योजनाओं से गांव-गांव तक बदलाव आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाएं और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूत करें। सहकारिता मंत्री रामपाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम किया है। उन्होंने कहा कि किसान, महिला स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। हर गरीब को पक्का मकान, हर घर नल का जल, हर किसान को सम्मान निधि- ये सिर्फ नारे नहीं, हकीकत हैं। सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सिंह, जिला प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, विकास गोल्डी यादव, कुंवर विजय पासवान, राणा राजेंद्र पासवान, मुन्ना सिंह, अरविंद यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी, शोभा देवी, प्रतिमा पांडेय समेत कई भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी के जनता दरबार में 32 आवेदनों की सुनवाई की गई

**सहरसा (एनएसबी)।** सबका सम्मान, जीवन आसानह्व अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आम जनता से संवाद के दौरान कुल बत्तीस आवेदनों के संदर्भ में सुनवाई की गई। सुनवाई क्रम में ऊषा देवी,सहूरिया पश्चिमी ने भूमि विवाद सम्बन्धित आवेदन दिया, जिसके निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी कहरा को निर्देशित किया गया है। दिनेश यादव, बलुआहा, सिमरी बख्तियारपुर द्वारा समर्पित आवेदन के निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर को निर्देशित किया गया है। विमलकांत झा, कहरा निवासी, राधा देवी, सहरसा निवासी द्वारा दिए गए भूमि विवाद विषयक आवेदनों के निष्पादन हेतु संबंधित अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता गणेश कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### आईआईपी बिहार प्रदेश चुनाव कार्य समिति के अध्यक्ष बने संजय सिंह, पार्टी कार्यकत्र्ताओं में खुशी की लहर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** इंडियन इन्कलूसिव पार्टी की बिहार प्रदेश समिति की विशेष बैठक में पार्टी के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह को बिहार प्रदेश चुनाव कार्य समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई आई.पी.गुप्ता द्वारा की गई। रविवार को बिहार राज्य पंचायत परिषद, विद्यापति मार्ग, पटना में आयोजित विशेष बैठक में पार्टी के प्रदेश एवं जिला स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान संजय सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं को साथ लेकर चलने और बिहार में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में चुनाव कार्य समिति संगठन को और मजबूती प्रदान करेगी।



### अंचल व थाना के मिली भगत से हो रहा अवैध निमार्णः भूपेंद्र व संजीव

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा राज्य मे सुनियोजित शहरी विकास को प्रोस्ताहित करने के लिए ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकास के लिए विशेष क्षेत्र तथा कोर क्षेत्र के लिए सहरसा मे चयन,उनके नामंकरण तथा उन क्षेत्रों मे भुमी के खरीद बिक्री एवं हस्तांतरण के साथ भुमी के विकास और भवन निर्माण पर रोक लगने की स्वीकृती के बाबजूद कहरा अंचल और सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र के वलुवाहा निवासी भूपेंद्र यादव और सहुरिया पश्चिमी निवासी संजीव कुमार सुमन ने जिलाधिकारी, पुलिस अधिक्षक सहित अन्य वरीय अधिकारियों को लिखित शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है इस विवादित जमीन का मामला पुर्व मे भी कहरा अंचल के जनता दरबार में पहुंचा था जहां मौजूद अंचलाधिकारी के मौजूदगी मे दोनों पक्षों को न्यायालय के आदेश तक यथा स्थिति बनाए रखना का आदेश भी दिया था क्योंकि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र और जगह को ग्रीनफिल्ड विकास हेतु चिन्हित किया गया था और उक्त जमीन पर न्यायालय मे टाईट सूट मुकदमा भी चल रहा था। उसके बाबजूद नव निर्माण होने पर पिड़ितो को आशंका है कि अंचलाधिकारी और थाना के साठगांठ के कारण ही विपक्षी बेखौफ होकर कार्य करा रहे है क्योंकि विपक्षी लोगों को अक्सर अंचल कार्यालय और थाना में उठने बैठने और कार्य कराये देख वरीय अधिकारियों को लिखित शिकायत करनी पड़ी।



### सोनवर्षा निवासी व्यापार जगत के बड़े हस्ती इन्द्रानंद सिंह के असमय निधन पर शोक



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत सोनवर्षा राज निवासी व्यापार जगत के बड़े हस्ती एवं समाजसेवी 65 वर्षीय इन्द्रानंद सिंह का बीते रविवार की रात असमय निधन हो गया। वो पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में मातम छा गया है। गायत्री कम्प्लेक्स के मालिक श्री सिंह एक सामाजिक एवं मिलनसार स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही अहले सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए अपूर्णीय क्षति बताया। उनके निधन पर बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा, नगर अध्यक्ष मनिष कुमार, उपाध्यक्ष शैल देवी, प्रखंड जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुन्ना,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, समाजसेवी अजय कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद देवेन्द्र कुमार सिंह ललनजी, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, दिनेश कुमार सिंह, रूद्रनारायण ठाकुर, समाजसेवी सत्यदेव सिंह,संजीव कुमार सिंह, पूर्व उपप्रमुख कुमार मौलैश सिंह,डाँ रजनीश रंजन, मंगवार पंचायत के पूर्व मुखिया विकास सिंह, राजद नेता चंदन यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष वीर अभिमन्यु सिंह, गोपाल सिंह, सोनवर्षा पैक्स अध्यक्ष बुलबुल सिंह,मिलन पासवान, धिरेन्द्र सिंह, घनश्याम सिंह, संजय विश्वास, जदयू प्रवक्ता हरदेव मुखिया,मो इब्राहिम,राजद नेता सुधीर सिंह , इन्द्रदेव साह, मिट्ठू रजक, सहित सैकड़ों लोगों ने अपूर्णीय क्षति बताते हुए गहरी शोक व्यक्त किया है।

### चकला टोल के समीप जलजमाव से राहगीर परेशान, आवागमन हुआ मुश्किल

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सड़क की स्थिति काफी दयनीय है। इस दौरान मंगला बाजार से महुआ बाजार जाने वाली मुख्य सड़क पर चकला टोल के समीप भीषण जलजमाव से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आमजनों को भारी समस्या होती है। जबकि सालों भर बनी सड़क पर जलजमाव के कारण बड़े बड़े गड्ढे बन गया है। जिससे छोटी छोटी घटनाएं घटती ही रहती है। खासकर जलजमाव के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों, किसानों तथा वाहन चालकों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के किनारे जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश होने पर भी सड़क पर पानी भर जाता है। जलजमाव के कारण सड़क की स्थिति भी खराब होती जा रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर दोपहिया वाहन चालक पानी में बने गड्ढों का अंदाजा नहीं लगा पाते, जिससे उन्हें अक्सर परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क मंगला बाजार और महुआ बाजार के बीच आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। जलजमाव के कारण लोगों को मजबूरन जोखिम उठाकर यात्रा करनी पड़ती है। कई बार राहगीरों को सड़क छोड़कर किनारे-किनारे चलना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था कराने तथा सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।



# सहयोग सह जन कल्याण शिविर की तैयारियों एवं लंबित आवेदनों को लेकर डीएम ने की निष्पादन की समीक्षा

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सोमवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा गूगल मीट के माध्यम से कल आयोजित होने वाले सहयोग सह जन कल्याण शिविर के सफल एवं सुचारू आयोजन हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में सहयोग शिविर हेतु प्राप्त आवेदनों की वर्तमान निष्पादन स्थिति, राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों तथा राजस्व संबंधी मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के अविलंब एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। ज्ञातव्य है कि जिलांतर्गत प्रखंडवार कुल 15 चिन्हित स्थलों पर सहयोग शिविर का आयोजन जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पात्र लाभुकों को नियमानुसार योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 16 एवं 17 जून 2026 तथा 18 जून 2026 को जन कल्याण शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहयोग शिविर से संबंधित प्राप्त आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत एवं सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। राजस्व कार्यो की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कुछ अंचलों, विशेष रूप से बनमा ईटहरी, नवहट्टा, सौर बाजार एवं महिषी द्वारा पूर्व में दिए गए निदेशों के अनुपालन में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अंचलाधिकारियों को निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों का यथाशीघ्र, शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनता को राजस्व सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



बैठक में जिलाधिकारी, डीडीसी व अन्य

## भाजपा विधानपार्षद लाल मोहन गुप्ता तांती का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकत्ता लगातार समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित कर रहे हैं और सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह के गांधी पथ स्थित आवास पर आयोजित आत्मीय मिलन कार्यक्रम में तांती पान समाज की मजबूत आवाज, समाज के लोकप्रिय नेता एवं माननीय भाजपा विधानपार्षद लाल मोहन गुप्ता तांती जी का आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने विधानपार्षद का अंगवस्त्र, पाग एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान की गति एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, जिला महामंत्री अनमोल भगत, मीडिया प्रभारी श्री सुमित सिन्हा, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रवक्ता अभिनंदन कुशवाहा, दिनेश तांती, पान तांती समाज के युवा नेता नीरज शर्मा, चंदन कुमार सहित भाजपा के पदाधिकारी, कर्मठ कार्यकत्ता एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार के 12 वर्षों में गरीब कल्याण, सामाजिक उत्थान, आधारभूत संरचना एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भाव के साथ जनता के बीच पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों को साझा कर रहा है। संगठन की शक्ति, कार्यकत्ताओं का समर्पण और जनता का विश्वास ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। सेवा, सुशासन और संगठन के संकल्प के साथ भाजपा का जनसंपर्क अभियान निरंतर जारी है।



विधानपार्षद का अभिनंदन बीजेपी कार्यकत्ता

## राष्ट्रीय वैश्य महासभा का संरचनात्मक बैठक सह सांगठनिक चुनाव आयोजित

**वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनें अर्जुन चैधरी, कार्यकत्र्ताओं ने जताया हर्ष**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय वैश्य महासभा द्वारा वैश्य समाज की मान सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सोमवार को पूजा बैंकट हॉल में राष्ट्रीय वैश्य महासभा की संरचनात्मक बैठक सह सांगठनिक चुनाव आयोजित की गई। इसके साथ ही वैश्य समाज के पुरोधा पूर्व वित्त मंत्री शंकर प्रसाद टेकरीवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक गुंजेश्वर साह एवं संचालन बजरंग गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर महासेठ, प्रदेश अध्यक्ष डॉ पी के चैधरी को जिला व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्जुन चैधरी के द्वारा पाग चादर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रामसुंदर साह, रितेश रंजन, जयप्रकाश चैधरी, भगवान चैधरी, नरेश जायसवाल, विकास गुप्ता, कैलाश गुप्ता, कविता साह, घनश्याम चैधरी ने कार्यक्रम को संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किया। बैठक के पश्चात संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए लोगों को दायित्व दिया गया। इसके तहत प्रमंडलीय अध्यक्ष नरेश जायसवाल को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है। इसके साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह, प्रदेश सचिव रंजीत दास एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन चैधरी को मनोनयन पत्र देकर मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय सचिव समीर महासेठ एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ पी के चैधरी ने कहा कि राष्ट्रीय वैश्य महासभा के मान सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सतत तत्पर है और रहेगा। इसके लिए प्रखंड स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा रहा है। संगठन को विस्तार करने के लिए समाज के लोगों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कोसी प्रमंडल के तीन जिलों में से एक भी वैश्य उम्मीदवार निर्वाचित नहीं हुए हैं जो चिंता का विषय है। इसीलिए संगठन को निचले स्तर तक ले जाना जरूरी है। उन्होंने कहा की नई टीम द्वारा प्रखंड स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रभार दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में विगत 22 वर्षों से संगठन द्वारा समाज को एकजुट करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या के अनुपात में वैश्य समाज को सीट प्रदान करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज विभिन्न जातियों में बंटा हुआ है जिसे एकजुट करने की आवश्यकता है। एकजूटता के अभाव में वैश्य समाज की प्रतिनिधि चुनाव में विजय नहीं हो पाते हैं। उन्होने कहा कि वैश्य समाज के उपर आये दिन अपराधिक वारदात हो रहा है ऐसे मे संगठन पुरजोर विरोध कर पीड़ित परिवार को सहायता व सुरक्षा प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर कृष्ण मोहन चैधरी, बालेश्वर भगत, मनोज गुप्ता, शशांक विक्की, संतोष गुप्ता, सुरेश गुप्ता, बिट्टू गुप्ता, सनी कुमार, अरविंद गुप्ता, बृजेश कुमार, मनोज चैधरी, दीपक कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



पूजा बैंकट हॉल में सम्मानित अतिथि

## 30 दिवसीय सीताराम नाम जाप महायज्ञ हवन-पूणार्हुति व कलश विसर्जन के साथ संपन्न

**ब्राह्मण, कुमारी कन्या व साधु भोजन के साथ हुआ सामूहिक भंडारा**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिलें के सौरबाजार प्रखंड क्षेत्र के भवटिया गांव स्थित नाथ बाबा स्थान में मलमास अधिकमास या पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित 30 दिवसीय अखंड श्री श्री 108 सीताराम नाम जाप महायज्ञ सोमवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर हवन-पूणार्हुति, कलश विसर्जन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।महायज्ञ के अंतिम दिन आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन, पूजन, होम-जाप एवं पूणार्हुति संपन्न कराई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे और जयघोष के साथ कलश शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों और सीताराम नाम के संकीर्तन के साथ निर्धारित स्थल तक पहुंचे, जहां धार्मिक विधि-विधान के अनुसार कलश का विसर्जन किया गया। कलश विसर्जन यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। समापन समारोह में ब्राह्मण भोजन, कुमारी कन्या भोजन एवं साधु-संतों का सत्कार किया गया। वहीं महायज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं के लिए सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया।



कलश विसर्जन करते ब्राह्मण, कुमारी कन्या

## जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान, बारिश में बढ़ा हादसे का खतरा

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के खुरेशान गांव में चंचल डीलर के घर से मुरली गांव तक जाने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क खुरेशान गांव से मुरली गांव होते हुए एनएच-107 (सिमरी बख्तियारपुरहसोनवर्षा राज मुख्य मार्ग) को जोड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, छात्र एवं बाइक सवार आवागमन करते हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन चालक गड्ढों में फंसकर दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क लंबे समय से मरम्मत की बाट जोह रही है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। इसका सबसे अधिक असर मरीजों, स्कूली बच्चों और किसानों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान सड़क पर आवागमन और भी मुश्किल हो जाएगा तथा दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी।



## मारवाड़ी युवा मंच, सहरसा शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन संपन्न

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सेवा, संस्कार और समर्पण के प्रतीक मारवाड़ी युवा मंच, सहरसा शाखा के सत्र 2026-27 की चुनाव प्रक्रिया सोमवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई युवा नेतृत्व टीम का गठन किया गया। बैठक में आगामी सत्र की विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन हुआ। रक्तदान महादान, निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर, वृक्षारोपण अभियान, गरीब एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा सामग्री वितरण, प्राकृतिक आपदा में राहत कार्य एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने जैसे जनहितैषी कार्यक्रमों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष आदित्य मित्तल,सचिव विनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुमित केजरीवाल, उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल टिल्लू जी,सह सचिव नीरज अग्रवाल, ब्लड संयोजक प्रीतम उदयपुरिया को बनाया गया। बैठक में विकास खेतान, आनंद भीमसरिया, नवरत्न शर्मा, रवि शर्मा, आयुष भीमसरिया, विनय दारुका, अंकित तोदी, नीरज परशुरामपुरिया, दीक्षित खेतान, विक्रम अग्रवाल, निकुंन तुलस्यान, राहुल सालामपुरिया, कुबेर तुलस्यान एवं नितेश दहलान सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लेकर नई टीम को शुभकामनाएं दीं और मंच को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अदित्य मित्तल ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक आंदोलन है। अकेले हम कुछ कर सकते हैं, पर साथ मिलकर हम इतिहास बना सकते हैं। पूरी टीम के सहयोग से हम जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने का हर संभव प्रयास करेंगे। सचिव विनीत अग्रवाल ने कहा कि मंच ने सदैव समाज के हित को सर्वोपरि रखा है। नई कार्यकारिणी के साथ मिलकर हम शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभिनव योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे। युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठों के अनुभव का संगम ही सहरसा शाखा की असली ताकत है। विकाश खेतान ने कहा कि सेवा और एकता सहरसा शाखा की पहचान रही है। इस सत्र में हम रक्तदान, वृक्षारोपण और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद जैसे कार्यों को रिकॉर्ड स्तर पर करेंगे। जब इरादे नेक हों और टीम मजबूत हो, तो हर लक्ष्य आसान हो जाता है। निकुंन तुलस्यान ने कहा कि मंच की वास्तविक पूंजी उसके समर्पित सदस्य हैं। मैं पूरी नई टीम को हर कदम पर सहयोग और मार्गदर्शन का भरोसा देता हूँ। सामूहिक प्रयास से हम सहरसा शाखा को नए कीर्तिमान स्थापित करने की ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।





बैठक में मारवाड़ी युवा मंच, सम्मानित

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से तीन घर जले, लाखों की संपत्ति खाक

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बलैठा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 5 ठाठा वासा निवासी फारूक के घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट आग लग गई। आगजनी में तीन लोगों के घर जलकर राख हो गये। फारुख के घर से सटे जूही खातून, असलम एवं सत्तार का घर भी जलकर स्वाहा हो गये। आगजनी की सूचना पर दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई जिन्होंने आग पर काबू पाया। बलैठा पंचायत के मुखिया वीरेंद्र सहनी उर्फ कारे ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से फारूक के घर से आग की लपटें उठीं। जब तक ग्रामीण आगजनी स्थल पर पहुंचते तो तब तक तीन घर में रखे सभी सामग्री करीब लाखों रुपये की संपत्ति जल गयी।

### अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** मध्य बौरने पंचायत के जयप्रभानगर में पुरुषोत्तम मास के मौके पर आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हो गया। जानकारी के मुताबिक श्री शिवशक्ति योगपीठ नवगछिया के तत्वावधान में परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के निर्देशन में 24 घंटे के आयोजित हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ विद्वान पंडित आचार्य अनिरुद्ध शास्त्री एवं अन्य पंडितों ने पूजन आरती के बाद अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया। भजन सम्राट डां हिमांशु मोहन मिश्र दीपक एवं अन्य ने हरिनाम संकीर्तन शुरू किया। मौके पर पंडित अनिरुद्ध शास्त्री के साथ पंडित और यजमान धीरेन्द्र सिंह के साथ कार्य व्यवस्था में युवराज सिंह, चमन सिंह, सोहन सिंह, मतिन्द्र बाब के साथ स्वामी जी के सैकड़ों अनुयायी मौजूद रहे।

### पीड़ित ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर तीन हनुमाननगर गांव निवासी चन्द्रदेव सहनी ने थानाध्यक्ष को आवेदन अपने ही वार्ड के चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए परिवार के सदस्यों को गाली-गलौज कर मारपीट करने की शिकायत की है। घटना सोमवार की बताई जा रही है। आवेदन में आवेदक ने गांव के ही शंभु सहनी, उसकी पत्नी पूनम देवी, संतोष सहनी एवं उसकी पत्नी पूजा देवी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए अपनी पत्नी मीना देवी एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट करने की शिकायत की है। सूचना पर डायल 112 की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले को शांत कराया। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पत्नी पर दो बच्चों को लेकर गैर मर्द के साथ फरार होने का मामला दर्ज

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** कुर्बन पंचायत के वार्ड नंबर दस ददरौजा गांव निवासी 45 वर्षीय शंकर सदा ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर पत्नी कंदुला देवी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए दो बच्चों को लेकर किसी गैर मर्द के साथ फरार हो जाने की शिकायत की है। घटना गत 4 जून के रात की बताई जा रही है। आवेदक के मुताबिक उसे पांच बच्चे हैं, जिसमें से उसकी पत्नी दो बच्चों के साथ फरार हो गई है। पत्नी के गायब होने पर उसने दस दिनों तक परिवार के सदस्यों के साथ ही स्वयं उसकी खोज की, लेकिन कोई अता पता नहीं चल पाया। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### जीविका के सहयोग से शिवानी बनीं आत्मनिर्भर

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जीविका के सहयोग से शिवानी दीदी अपने गांव में मिसाल बन गई है। बताया जाता है कि शिवानी के पास कोई रोजगार नही था। आठवीं पास होने के कारण वह कोई काम भी नहीं कर पा रही थी। वह 2001 में श्वेता समूह में जुड़ी। जुड़ने के बाद जो उसमें कुछ करने की इच्छा हुई। फिर समूह से 50000 का लोन लेकर और स्वयं 50000 का सहयोग लगा कर कपड़े का दुकान खोली। शिवानी के पति खेती करते थे। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी लेकिन कपड़े की दुकान खोलने के बाद उसमें धीरे-धीरे काफी परिवर्तन होने लगा। वह आत्मनिर्भर हो गई। इसकी मदद से वह अपनी तीन लड़की और दो लड़के को अच्छी शिक्षा, अच्छा रहन-सहन और अच्छी परवरिश देने लगी। अभी उसकी मासिक आमदनी करीब 15000 है। शिवानी को महिला मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत मिलने वाली 10000 की राशि भी प्राप्त हुई, जिसका उपयोग उसने कपड़े की दुकान में ही किया। वह महिलाओं को बताती है कि कम पढ़े-लिखे लोग भी यदि काम करना चाहे तो काम करके आत्मनिर्भर हो सकती है। वह बताती है कि जीविका के सहयोग से उसमें हिम्मत आई और हम दुकान खोलकर काफी सुखी और संपन्न हैं। वह जीविका को इसके लिए धन्यवाद देती है कि इसी तरह से गरीब महिलाओं को मदद करते रहे जिनके सहयोग से सभी महिलाएं स्वरोजगार कर सकें।

### भाजपा की जिला स्तरीय सांगठनिक बैठक संपन्न

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा जिला इकाई के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष



शत्रुघ्न भगत के नेतृत्व में जिला अतिथिगृह, में महत्वपूर्ण जिला स्तरीय सांगठनिक बैठक हुई। बैठक में जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के पदाधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रीति शेखर ने संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार, जनसंपर्क अभियान एवं आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान नव निर्वाचित विधान पार्षद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर के प्रथम आगमन पर जिला भाजपा परिवार की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया तथा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके निर्वाचन को संगठन की बड़ी उपलब्धि बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री प्रीति शेखर ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसकी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता का आधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। भाजपा का संगठन सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के मूल मंत्र पर कार्य कर रहा है तथा आने वाले समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने कहा कि खगड़िया जिला भाजपा संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। जिले के सभी मंडलों एवं बूथों पर पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। संगठन की मजबूती एवं कार्यकर्ताओं की सक्रियता के बल पर भाजपा आगामी सभी राजनीतिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेगी। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक कार्यक्रमों को गंभीरता से धरातल पर उतारने का आग्रह किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ सशक्तिकरण, पंचायत एवं मंडल स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित नेताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव भी दिए।

### लडकी के अपहरण के मामले में नामजद आरोपित गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नगर थाना पुलिस की टीम ने लड़की के अपहरण के मामले में एक आरोपित को गिरतार कर लिया। टाउन थाना क्षेत्र के गोला मोहल्ला निवासी साहिल कुमार है। इस संबंध में टाउन थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी महिला द्वारा स्थानीय थाने में 11 जून को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दिए गए आवेदन में महिला ने कहा है कि मेरी पुत्री 11 जून को अपरा 3 बजे अपने मामा के घर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। 3 बजकर 50 मिनट के बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। उन्होंने इस संबंध में गोला मोहल्ला निवासी साहिल के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा कि साहिल मेरी लड़की को बहुत दिन से धमकी दे रहा था, कि तुम्हारा वीडियो और फोटो वायरल कर देंगे। उक्त लड़के के साथ उसके चार-पांच मित्र भी मिले हुए थे।

# अज्ञात युवती का मिला शव, इलाके में सनसनी

**दैनिक नवसंदेश**

**स्थानीय लोग जता रहे ऑनर किलिंग का शक**

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**बेलदौर।** एनएच-107 जीरोमाइल से उत्तर एवं बेला नौवाद गांव के दक्षिण स्थित बालू के गड्ढे में सोमवार की सुबह करीब आठ बजे मछली मारने के क्रम में बच्चों ने अज्ञात महिला के शव को देखा। शव देखे जाने की खबर पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना बेलदौर थाने की पुलिस को भी दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम एएसआई संतोष शर्मा की अगुवाई में घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन कर रही है तथा शव की पहचान करवाने का हर संभव कोशिश शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि एनएच 107 में स्थित बालू गड्ढा अपराधियों के लिए सेफ जोन बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक इस जगह का उपयोग अपराधियों द्वारा अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद शव को ठिकाने लगाने में किया जाता है। आशंका जताई जा रही है कि बरामद शव बेला नौबाद पंचायत के ही किसी गांव का हो सकता है। चर्चा के मुताबिक यह ऑनर किलिंग का मामला हो सकता है। हालांकि यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस पदाधिकारी को घटनास्थल पर भेज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया गया है।



घटनास्थल पर जमा स्थानीय लोगों की भीड़।

# करूवा मोड़ हमले में जख्मी पार्वती देवी ने भी दम तोड़ा

**31 मई की रात घर में घुसकर हमलावरों ने दिया था इस खौफनाक वारदात को अंजाम**

**इस मामले में पार्वती देवी के पति जयकांत पासवान और उनकी विवाहिता पुत्री अर्चना कुमारी की पहले ही हो चुकी है मौत**

**वारदात के 15 दिन बाद भी मुख्य आरोपित के पुलिस की पकड़ से बाहर रहने पर पीड़ित परिजन ने दी समाहरणालय परिसर में आमरण अनशन की चेतावनी**

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** करूवा मोड चौक पर 31 मई की रात घर में घुसकर किए गए हमले में जख्मी जयकांत कुमार पासवान की पत्नी पार्वती देवी की भी मौत इलाज के दौरान रविवार को पटना में हो गई। मृतका के शव को पटना में ही पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इधर पीड़ित परिजनों द्वारा एक बार फिर धरना प्रदर्शन की आशंका को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हो गए।

मृतक के संबंधी सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पासवान ने बताया कि धरना प्रदर्शन परिजनों द्वारा नहीं किया जाएगा। हालांकि विनोद पासवान ने इस बात पर नाराजगी जतायी कि वारदात के मुख्य हत्यारे की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि आवेदन के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई भी नहीं की। इतना बड़ा कांड होने के बावजूद क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद ने सिर्फ खानापूरी की, कोई पीड़ित के घर तक नहीं गया। विनोद पासवान ने कहा कि न्याय नहीं मिलेगा तो परिजन समाहरणालय में आमरण अनशन पर बैठ सकते हैं।

विदित हो कि बीते 31 मई को करुआ मोड़ स्थित जयकांत पासवान के घर में घुसकर किए गए हमले में जयकांत पासवान की विवाहिता पुत्री अर्चना कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि जयकांत पासवान एवं उसकी पत्नी का भी गंभीर रूप से गला काट दिया गया था। दोनों इलाज के दौरान दम तोड़ चुके हैं। इस हमले में 8 वर्षीय एक बच्ची भी जख्मी हुई थी जो अभी इलाज के बाद ठीक-ठाक बतायी जा रही है। इस मामले में पुलिस ने अब तक दो आरोपितों को सीसी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है, जबकि कांड का मुख्य अभियुक्त अभी भी फरार चल रहा है।

# नौ करोड़ से संवरेगा राजेंद्र सरोवर, मंत्री ने किया शिलान्यास

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर की हृदय स्थली राजेंद्र सरोवर के बहुप्रतीक्षित सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास खगड़िया के प्रभारी मंत्री मदन सहनी तथा सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने सोमवार को संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नगर सभापति अर्चना कुमारी, उप सभापति शबनम जबीन, जेडीयू नेता दीपक सिन्हा, संदीप केडिया, पंकज पटेल और विभागीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

लगभग 9 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि राजेंद्र सरोवर केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि खगड़िया शहर की ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत है। लंबे समय से नगरवासियों की मांग थी कि इस सरोवर का सौंदर्यीकरण कराया जाए ताकि लोग यहां बेहतर वातावरण में समय व्यतीत कर सकें। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए लगातार विभागीय स्तर पर प्रयास किया गया, जिसका परिणाम आज सामने आया है। विधायक ने बुडको के अधिकारियों से आग्रह किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर आकर्षक एवं आधुनिक पार्क का निर्माण कर जनता को समर्पित किया जाए। विधायक ने कहा कि सौंदर्यीकरण के बाद यह स्थल केवल स्थानीय लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।



शिलान्यास करते मंत्री मदन सहनी, विधायक बबलू मंडल व अन्य।

मौके पर प्रभारी मंत्री मदन सहनी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार शहरों के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है। राजेंद्र सरोवर का जीर्णोद्धार उसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। सरकार की मंशा है कि नगर में लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और पर्यटन की संभावनाओं को भी विकसित किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि परियोजना पूरी होने के बाद राजेंद्र सरोवर खगड़िया की नई पहचान बनेगा। इससे शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर भी सृजित होंगे। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने भी इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से उपेक्षित पड़े राजेंद्र सरोवर का कायाकल्प होने से नगरवासियों को एक बेहतर मनोरंजन एवं पर्यटन स्थल मिलेगा। लोगों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य समय पर पूरा होगा और खगड़िया को एक आधुनिक एवं आकर्षक सार्वजनिक परिसर की सौगात मिलेगी।

# कोठिया में चबूतरा निर्माण कार्य का शुभारंभ

**ठाकुर बैठका परिसर में 8,35,612 रुपये की लागत से बनेगा चबूतरा**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-02 अंतर्गत कोठिया स्थित ठाकुर बैठका परिसर में करीब 8 लाख 35 हजार 612 रुपये की लागत से निर्मित चबूतरा निर्माण कार्य का उद्घाटन नगर सभापति अर्चना कुमारी द्वारा फीता काटकर किया गया। बताया जाता है कि ठाकुर बैठका क्षेत्र लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्तिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता होती है। चबूतरा निर्माण होने से अब लोगों को बैठने, विचार-विमर्श करने तथा सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद केवल सड़क, नाला और पुलिया निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं सामुदायिक आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सार्वजनिक स्थलों का विकास समाज को जोड़ने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। लोगों की आवश्यकताओं और स्थानीय मांगों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का चयन किया जा रहा है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। नगर सभापति ने कहा कि नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में लगातार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। सड़क, नाला, सामुदायिक शौचालय, पोखर सौंदर्यीकरण, पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक स्थलों के विकास जैसी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ठाकुर बैठका में चबूतरा निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। लोगों ने नगर परिषद एवं नगर सभापति अर्चना कुमारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम में उपसभापति प्रतिनिधि मोहम्मद शहाबुद्दीन, महेंद्र ठाकुर, बबलू कुमार, कैलाश यादव, कुंदन यादव, विलास ठाकुर, परमानंद यादव, राधे यादव, श्रीराम यादव, हरिनंदन साह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस विकास कार्य की सराहना करते हुए नगर परिषद के प्रयासों की प्रशंसा की।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** करूवा मोर बदला पथ में जवाहर नगर के पास सोमवार को तेज गति से जा रहे बाइक सवार ने ट्रैक्टर के पीछे ठोक दिया, जिसमें युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय दो युवा जख्मी को चौथम सीएससी ले गए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया। घटनास्थल पर मिले जख्मी युवक के मोबाइल फोन से उसके परिजनों को सूचना दी गई। जख्मी युवक खगड़िया सन्हौली पावर हाउस के पास रहने वाले इंद्रदेव शाह का 40 वर्षीय पुत्र अमित कुमार है। बताया गया कि ट्रैक्टर भरपुरा गांव से मेन रोड पर क्रॉस कर रहा था। सड़क के दोनों किनारे ठठेड़ा का बड़ा-बड़ा ढेर होने के कारण बाइक सवार युवक ट्रैक्टर को देख नहीं पाया, और सीधे ट्रैक्टर के पीछे जाकर ठोक दिया।

## ससुरालवालों पर दर्ज करायी दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पचौत गांव निवासी उत्तम कुमार की18 वर्षीय पत्नी नंदनी कुमारी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है कि उसके ससुराल वाले करीब 10 माह से दहेज के रूप में दो लाख रुपए की मांग करते आ रहे हैं। जब इसका विरोध करते हैं तो मेरे साथ बुरी तरह से मारपीट करते रहते हैं। महिला ने कहा कि मेरे चाचा-चाची के द्वारा ससुराल वालों को कई बार पंचायत के माध्यम से समझाया गया, फिर भी दहेज की मांग करते रहते हैं। इस मामले में 60 वर्षीय मोती चौधरी, 57 वर्षीय दुलारी देवी, 35 वर्षीय ध्रुव चौधरी, 23 वर्षीय उत्तम कुमार और 35 वर्षीय सीता देवी को अभियुक्त बनाया गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता का आवेदन मिला है। मामले को छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का होगा भव्य आयोजन

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 स्वर्णिम वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के जिला इकाई के तत्वावधान में 16 जून को मंडप विवाह भवन में 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया जाएगा।

यह सम्मेलन भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत के नेतृत्व में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा नेता सीए अनुज कुमार सिंह हैं। सम्मेलन में जिले भर से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन, युवा, महिला एवं विभिन्न वर्गो के नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण निषाद भी शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्षो की उपलब्धियों, गरीब कल्याण योजनाओं, आत्मनिर्भर भारत



डॉ. राजभूषण निषाद

अभियान, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, किसान हितैषी नीतियों, आधारभूत संरचना के विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक न्याय तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में किए गए कार्यो पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 12 वर्षों में विकास और सुशासन का नया अध्याय लिखा है। आज देश विश्व पटल पर मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन इन उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के संयोजक अनुज कुमार सिंह ने कहा कि मां कात्यायनी की पावन धरती खगड़िया सदैव सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना का केंद्र रही है। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से सम्मेलन में भाग लेकर विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। आज देश आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इस अभियान से जुड़े और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे।

# अगुवानी घाट का भव्य मंदिर बना श्रद्धा का नया प्रतीक

**मंदिर का डिजाइन कोलकाता के इंजीनियर द्वारा किया गया है तैयार**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के परबत्ता स्थित प्रसिद्ध उत्तरवाहिनी अगुवानी गंगा घाट पर आस्था, भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। गंगा घाट पर भव्य मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गंगा तट पर हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आकार ले रहा यह मंदिर दूर-दूर से आने वाले लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। मंदिर निर्माण कार्य अगुवानी निवासी समाजसेवी सदानंद सिंह के सहयोग से कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पहले यहां गंगा मंदिर निर्माण की नींव रखी गई थी। बाद में अगुवानी गंगा घाट पर आयोजित यज्ञ के दौरान मां गंगा की प्रतिमा बनाई गई थी जो स्थापित कर दी गयी। तभी से यहां नियमित पूजा-अर्चना शुरू हो गई। बताया जाता है कि सदानंद सिंह हर वर्ष छठ पर्व पर गंगा घाट अर्घ्य देने पहुंचते थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने उनसे भव्य मंदिर निर्माण की इच्छा जताई। ग्रामीणों की आस्था और भावनाओं को देखते हुए उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए सहमति दे दी। धीरे-धीरे यह प्रयास अब भव्य धार्मिक स्थल का रूप ले चुका है।



अगुवानी गंगा घाट पर निर्माणाधीन मंदिर।

मंदिर परिसर में मां गंगा और बजरंगबली की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गंगा किनारे स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अहसास कराता है। खास बात यह है कि मंदिर का डिजाइन कोलकाता के इंजीनियर द्वारा तैयार किया गया है। सदानंद सिंह के पुत्र आशुतोष कुमार सिंह उर्फ राजा की विशेष रुचि के बाद आधुनिक और पारंपरिक शैली के मिश्रण से इसका नक्शा तैयार कराया गया, जिस पर तेजी से कार्य चल रहा है। सावन-भादो के दिनों में जब चारों ओर गंगा उफान पर रहती है, तब पानी के बीच खड़ा यह मंदिर किसी दिव्य दृश्य से कम नहीं लगता। दूर से दिखाई देने वाला मंदिर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाता है। मंदिर का गुंबज सुल्तानगंज गंगा घाट से ही दिखाई पड़ती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह स्थल धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में उभर सकता है। खासकर सावन, भादो, छठ पर्व, पूर्णिमा और गंगा आरती के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। आशुतोष कुमार सिंह उर्फ राजा ने बताया कि इस वर्ष के अंत तक मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न हो जाएगा। इसके बाद भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चार दशक से अधिक समय बाद ससुराल वापसी, परिजनों में खुशी की लहर'

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर प्रखंड के चम्पापुर पंचायत अंतर्गत बरियारपुर गांव में एक अनोखा और भावुक पारिवारिक प्रसंग चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव निवासी ललन मिश्रा की पत्नी निर्मला देवी लगभग 48 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुनः अपने ससुराल लौट आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्मला देवी कई दशक पूर्व अपनी इच्छा से ससुराल छोड़कर चली गई थीं। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच किसी प्रकार का पारिवारिक विवाद या मनमुटाव नहीं था। ससुराल छोड़ने के बाद वह पहले अपने मायके, नालंदा जिले के मरोड़ा गांव चली गईं। कुछ समय बाद वहां से नागपुर चली गईं और लंबे समय तक वहीं रहीं।करीब 48 वर्षों के बाद निर्मला देवी के अपने पति के घर वापस लौटने की खबर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। इतने लंबे समय बाद पति-पत्नी का पुनर्मिलन देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ जुट रही है। ग्रामीण इस घटना को भावनात्मक और दुर्लभ पारिवारिक प्रसंग के रूप में देख रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि आज के दौर में जहां रिश्तों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं लगभग आधी सदी बाद एक परिवार का फिर से जुड़ना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। निर्मला देवी के घर लौटने से परिजनों में खुशी का माहौल है तथा गांव में इस अनोखे पुनर्मिलन की चर्चा जोरों पर है।

### भीषण गर्मी के चलते पटना में कक्षा 5 तक के स्कूल 20 जून तक बंद'

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला दंडाधिकारी ड़ त्यागराजन एस़एम़ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 5 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 20 जून 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के अनुसार प्री-स्कूल सहित कक्षा 1 से 5 तक के सभी छात्रों की कक्षाएं 15 जून से 20 जून 2026 तक स्थगित रहेंगी। वहीं कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वा 10रू30 बजे तक ही संचालित की जा सकेंगी। इसके बाद किसी भी प्रकार की कक्षा या शैक्षणिक गतिविधि आयोजित नहीं की जाएगी। जिला दंडाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि वर्तमान में जिले में अत्यधिक तापमान और दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में एहतियातन यह कदम उठाया गया है ताकि विद्यार्थियों को लू और गर्मी से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाया जा सके। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे आदेश के अनुरूप अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण करें तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों को इसकी सूचना समय पर उपलब्ध कराएं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश 15 जून 2026 से 20 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। आदेश के जारी होने के बाद अभिभावकों ने राहत की सांस ली है, वहीं विद्यालय प्रबंधन भी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार व्यवस्था बनाने में जुट गया है।

### देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंडारक थाना पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बटोरन पासवान के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पंडारक थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और बटोरन पासवान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को थाना लाकर पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद हथियार कहां से लाया गया था तथा उसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था।पंडारक थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# विद्युत सेवा आपूर्ति की मांग को लेकर शहर में निकाली गई विरोध मार्च

## विरोध मार्च में शामिल नेता कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि ने किया नारेबाजी

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जमालपुर नगर में नियमित तथा निर्बाध विद्युत सेवा आपूर्ति की मांग को लेकर जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 से 36 के विद्युत उपभोक्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च की अध्यक्षता राजद नेता बमबम यादव ने किया। वार्ड संख्या 31 पानी टंकी के निकट एकत्रित हुए विद्युत उपभोक्ताओं ने धरहरा रोड, शिव साईं धाम मंदिर, फुलवारी होते हुए मसोमात तालाब रोड के समीप हीरा मोड़ पर जमकर आक्रोश प्रकट किया। आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने सांसद एवं विधायक के साथ विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता तथा विद्युत सहायक अभियंता का पुतला दहन किया। पुतला दहन के उपरांत एक सभा को संबोधित करते हुए राजद नेता बमबम यादव ने कहा कि विगत कुछ समय से वार्ड संख्या 29 से वार्ड संख्या 34 को सफियाबाद सब स्टेशन से अलग कर रामचंद्रपुर सब स्टेशन से 11 केवीए को जोड़ कर ग्रामीण फीडर में सम्मिलित कर दिया गया है। जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से वार्ड संख्या 36 तक शहरी क्षेत्र अंतर्गत आता है बावजूद वार्ड संख्या 1 से वार्ड 28 तक की विद्युत सेवा शहरी फीडर में रखा गया है। जबकि वार्ड 29 से वार्ड 36 को ग्रामीण फीडर में शामिल कर विद्युत सेवा की कटौती की जा रही है। आए दिन भीषण गर्मी में दिन में और शाम के समय इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को पावर कट की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। कभी कभार पूरी रात विद्युत सेवा पूरी तरह से बाधित कर दी जाती है। विद्युत पदाधिकारी को फोन करने पर पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया जाता है कि अगले दिन इसकी लिखित सूचना कार्यालय में जाकर करें। तभी इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। मयंक राज उर्फ छोटू डन, बरकत अली, सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, अभय चंद्र, वार्ड प्रतिनिधि दिलीप तांती ने कहा कि सफियाबाद पावर ग्रिड से रामचंद्रपुर पावर सबस्टेशन को ग्रामीण फीडर से अलग करते हुए इसे भी शहरी फीडर में शामिल करने की व्यवस्था की जाए। तथा रामचंद्रपुर पावर सबस्टेशन के लिए प्लास्टिक कोटेड वायर की मदद से 33 केवीए की पृथक व्यवस्था किया जाए। ताकि रामचंद्रपुर पावर सबस्टेशन को 33 केवीए की निर्वाण उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। और पूरे शहर में निर्वात विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। मौके पर उमेश पासवान, अमर यादव, शैलेश कुमार, राजकुमार शर्मा, कामेश्वर साह, परमेश्वर पासवान, शंभू यादव, छोटू कुमार, सूरज कुमार, निशांत कुमार, सियाराम पासवान, उदय कुमार, अमित कुमार सहित दर्जनों विद्युत उपभोक्ता शामिल थे।



विरोध मार्च नेता कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि।

# प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कार्यक्रम को बनाने को लेकर जदयू नेता की बैठक

जमालपुर (मुंगेर) - जमालपुर के वलीपुर में जनता दल यूनाइटेड की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।अध्यक्षता प्रखंडध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने किया मंच का नगर अध्यक्ष रवि रंजन द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 18 जून को मुंगेर के ऐतिहासिक पोलो मैदान में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना है।

विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्षश संकल्प सम्मेलन यह बैठक केंद्र सरकार के ष12 वर्ष विश्वास के, साल विकास के और जन कल्याण केष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले संकल्प सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। बैठक में मौजूद नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार ने विकास की नई उंन्चाइयों को छुआ है।जमालपुर की जनता से आने का पुरजोर आग्रह जदयू नेताओं और पदाधिकारियों ने जमालपुर प्रखंड तथा नगर क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं और प्रबुद्ध जनों से अपील की है कि वे 18 जून को अधिक से अधिक संख्या में मुंगेर पोलो मैदान पहुंचे। प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने संयुक्त रूप से कहा यह सम्मेलन केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि विकास के संकल्प को और मजबूत करने का जरिया है। जमालपुर की जनता हमेशा से विकासपरक नीतियों के साथ रही है, और इस बार भी पोलो मैदान में जमालपुर की भागीदारी सबसे अग्रसर रहेगी। बैठक में मनोज मंडल, गोपाल ष्ण, ओम जय ,संजय कुमार ,दिनेश मंडल ,बिनय पटेल ,अमरजीत कुमार ,राम जीवन मंडल सहित कई मौजूद थे।




बैठक करते जनता दल यूनाइटेड के नेता।

# बिजली संकट के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद जमालपुर क्षेत्र में व्याप्त बिजली संकट के विरोध में सोमवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजकर शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पूर्ववत सफियाबाद विद्युत शक्ति उपकेंद्र से निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई। नगर परिषद क्षेत्र के 36 वार्डो में से अधिकांश वार्डो को सफियाबाद पावर सब स्टेशन से बिजली मिल रही है, जबकि वार्ड संख्या 29 से 36 तथा वार्ड 17 के कुछ हिस्सों के उपभोक्ताओं को रामचंद्रपुर विद्युत शक्ति उपकेंद्र से आपूर्ति दी जा रही है। इससे इन वार्डो के उपभोक्ताओं को प्रतिदिन केवल 12 से 14 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जबकि अन्य शहरी क्षेत्रों में लगभग 24 घंटे आपूर्ति हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि रामचंद्रपुर 33ध11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर ओवरलोडिंग के कारण बार-बार 33 हजार वोल्ट की लाइन काट दी जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक अंधेरे में रहना पड़ता है। वहीं हस्ताक्षर अभियान में शामिल लोगों ने 9 और 10 जून को हुई लंबी बिजली बाधित रहने की घटनाओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीकी खराबियों और लगातार ट्रिपिंग से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हस्ताक्षर अभियान में लोजपा नगर अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल, आईआईपी युवा जिला अध्यक्ष मयंक राज,वार्ड पार्षद प्रियांशु कुमार,राकेश कुमार,रूपेश कुमार, सतेंद्र तांती रूबी कुमारी,पूर्व वार्ड पार्षद नवीन कुमार चंद्रशेखर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। तथा एक स्वर में कहा कि मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।



बैठक करते समाजसेवी सहित प्रतिनिधि।

# समर कैंप के प्रतिभागियों को जमालपुर नेत्रालय में होगा नि:शुल्क जांच

## रीना कला केंद्र के समर कैंप का भव्य ग्रैंड फिनाले संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** रीना कला केंद्र द्वारा आयोजित डांस, ड्राइंग एवं योगा समर कैंप का भव्य ग्रैंड फिनाले हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर लगभग 120 बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बच्चों के शानदार नृत्य, कला एवं मंचीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि जमालपुर नेत्रालय के डक्टर अमन, महेश अंजना, शिक्षक अमरजीत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ग्रैंड फिनाले में बच्चों द्वारा कुल 34 नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्रत्येक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूंज उठा। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक अभिभावक एवं दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि रीना कला केंद्र बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करने का सराहनीय कार्य कर रहा है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मौके पर निदेशक निशांत सर,डांस प्रशिक्षक सनी राज तथा ड्राइंग प्रशिक्षक राजदीप, जतिल, दीपक, रणवीर और साहिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम के दौरान ड़ अमन कुमार ने सभी बच्चों को जमालपुर नेत्रालय में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ लेने हेतु आमंत्रित किया।




बच्चों को पुरस्त करते जमालपुर नेत्रालय के डक्टर अमन।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉलेज जाने निकली युवती रहस्यमय ढंग से लापता

#### अपहरण की प्राथमिकी दर्ज, पिता ने युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के छोटी केशोपुर इलाके से कलेज जाने के दौरान एक युवती के रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर युवती के पिता ने जमालपुर थाना में लिखित आवेदन देकर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की बरामी तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उनकी पुत्री 12 जून की सुबह करीब 11 बजे घर से कलेज में एडमिट कार्ड लेने की बात कहकर निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया। पिता का आरोप है कि फोन पर बात करने के दौरान युवती घबराई हुई लग रही थी और स्पष्ट रूप से कुछ बता नहीं पा रही थी। इसी बीच अचानक मोबाइल बंद हो गया, जिसके बाद परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन शुरू की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि छोटी केशोपुर नालापार निवासी स्वर्गीय जय पासवान का पुत्र गौतम पासवान उर्फ अभिषेक कुमार उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने बताया कि जानकारी जुटाने पर पता चला कि आरोपी युवती को लेकर जमुई जिले के बरमनिया थाना क्षेत्र स्थित अपनी बहन और बहनोई गुड्डू पासवान के घर गया था। परिजन जब उक्त स्थान पर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी युवती को लेकर वहां आया था, लेकिन कुछ समय बाद उसे साथ लेकर कहीं और चला गया। इसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी थानाध्यक्ष साहेब राम ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है। युवती की सकुशल बरामी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस विभिन्न संभावित ठिकानों पर जांच कर रही है तथा मामले के सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही युवती को बरामद कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

#### बिहार एथलेटिक्स चौंपियनशिप में मुंगेर का शानदार प्रदर्शन

**जमालपुर (मुंगेर)।** पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में 10 से 13 जून 2026 तक आयोजित 92वीं बिहार जूनियर एवं सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में मुंगेर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। मुंगेर जिले का नेतृत्व करते हुए छोटी दौलतपुर निवासी सेवानिवृत्त रेलकर्मी मदन प्रसाद की पुत्री श्वेता माधुरी आनंद ने महिला वर्ग की 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया। श्वेता के उत्ष्ट प्रदर्शन ने मुंगेर जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया। वहीं 18 वर्ष आयु वर्ग के डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में रजवाड़ा भलार, दशरथपुर निवासी तथा सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर जमालपुर के छात्रा सह सुशील कुमार सिंह की पुत्री पृथा सिंह तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अर्जित की, जबकि पुरुष वर्ग के डेकाथलन प्रतियोगिता में बड़ी लगमा, हेमजापुर निवासी सेवानिवृत्त आर्मी जवान सुशील कुमार राय के पुत्र प्रीतम कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा 20 वर्ष आयु वर्ग की 110 मीटर हर्डल दौड़ में मोहित कुमार चौथे स्थान पर रहे। वहीं लक्ष्मी कुमारी ने 5000 मीटर एवं 10000 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी भी चौथे स्थान पर रहीं। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की यह सफलता जिले में खेल प्रतिभाओं को नई दिशा देने का कार्य करेगी तथा भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।



पदक जीतने वाले जिले के एथलीट।

### जन शिकायत के प्रति जिलाधिकारी हुए गंभीर

**जमालपुर (मुंगेर)।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आमजनों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।जन सुनवाई में कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में अधिकांश मामले भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण,दाखिल-खारिज संबंधी मामलों से जुड़े थे। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया तथा संबंधित आवेदकों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में संबंधित अंचल अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों तथा अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चकहासिम निवासी नासरीन प्रवीण ने अपने पति की मृत्यु के पश्चात मिलने वाले अनुदान की राशि की मांग की। धरहरा घटवारी निवासी मुन्नी देवी ने दबंगों पर उनकी जमीन को जबरन जोतने की शिकायत की। लल्लू पोखर निवासी रुणा देवी ने अपने बंद राशन कार्ड को खुलवाने एवं राशन दिलाने की मांग की। प्रशांत, फारुख आदि स्वछता साथी ने पूर्व में उनके द्वारा किए गए कार्यो के बकाया राशि भुगतान की मांग की। इसके अलावे भी अन्य आवेदनों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों की गहनता पूर्वक जांच कर संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्रवाई के निदेश दिए।

### अल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन कर्तव्य उदासीनता पर जोरदार प्रदर्शन

**सोनपुर।** अल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन ने आज 15 जून 2026 को भारतीय रेलवे के समस्त 69 डिवीजनों में अभूतपूर्व एकजुटता और अनुशासन के साथ अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर अन-ड्यूटी बैज लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्टेशन मास्टरों की आवाज, उनका संकल्प और उनका अधिकार है। सभी साथियों ने एक स्वर में प्रशासन को यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब समय आ गया है इन मांगों का त्वरित और ठोस समाधान किया जाए। हमारी चार प्रमुख मांगें रू 1 पूरे भारतीय रेलवे में सभी रिक्तपदों को भरकर जीरो वैकेंसी सुनिश्चित की जाए। 2 अमानवीय 12 घंटे के रोस्टर को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। 3 बिना किसी सीलिंग के सभी को नाइट ड्यूटी अलाउंस प्रदान किया जाए। 4 स्ट्रीमलाइन प्रक्रिया के तहत आईआरटी एवं आईडीटी के सभी लंबित मामलों का तुरंत निपटारा कर, स्टेशन मास्टरों को उनके इच्छित स्थानों पर नियुक्त किया जाए। यह सर्वविदित है कि भारतीय रेलवे की रीढ़ स्टेशन मास्टर आज भारी मानसिक और शारीरिक दबाव में कार्य कर रहा है। वह हर परिस्थिति में सुरक्षा और समयपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर रेलवे को चला रहा है, लेकिन इसके बदले उसे मिल रहा हैं मानसिक तनाव, अत्यधिक कार्यभार, पारिवारिक दूरी और सामाजिक अलगाव। आज स्थिति यह है कि स्टेशन मास्टर 100ः सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए भी अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पा रहा है। यह केवल एक कर्मचारी की समस्या नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की चेतावनी है। स्टेशन मास्टर सशक्त होगा, तभी भारतीय रेलवे सुरक्षित, समयबद्ध और सशक्त बनेगी। इसलिए एआईएसएमए प्रशासन से आग्रह ही नहीं, बल्कि ढ़ता से मांग करता है कि इन मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। राणा रत्नेश कुमार सिंह अध्यक्ष अल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन सोनपुर मंडल, शरद चंद्र पुरोहित सेक्रेटरी जनरल अल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन ।

# विकसित भारत और समृद्ध बिहार का सपना उतर रहा धरातल पर : सम्राट

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के नवादा बेन पंचायत स्थित वाणासुर मत्स्य बीज क्षेत्र में 31.21 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। अधिकारियों ने लेआउट प्लान के माध्यम से इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क में बनने वाली संरचना तथा विकसित होने वाले क्षेत्र के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों, मत्स्यपालकों को चाबी एवं किट प्रदान की।



पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री व अन्य।

**मुख्यमंत्री ने वाणासुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का किया शिलान्यास**

**32 एकड़ क्षेत्र में बनेगा इंटीग्रेटेड एक्व पार्क**

**मछली पालन के अलावा इको टूरिज्म को भी किया जाएगा विकसित**

**बाबू वीर कुंवर सिंह की धरती बनेगी शिक्षा का केंद्र**

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत विकसित होने वाले इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क में कार्य हैचरी स्ट्रिक कैटफिश हैचरी, हुका इन्क्यूबेशन यूनिट, ओवरहेड टैंक कक्रीट रियरिंग टैंक, ईटी पाइपलाइन, विभिन्न प्रकार के तालाब, बायो लॉक इकाइयां आरएएस, फीड मिल एवं मशीनरी, छात्रावास, अतिथि गृह, प्रशासनिक भवन, प्रयोगशाला एवं प्रशिक्षण परिसर जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला, रोग निदान प्रयोगशाला तथा क्वारंटाइन टैंक एवं वेट लैब सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार का सपना धरातल पर उतर रहा है। आज ही हमने गयाजी में टेक्नोलॉजी पार्क का शिलान्यास किया है। कृषि, मत्स्यपालन और पशुपालन ही बिहार की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। दक्षिण बिहार पशुपालन के लिए जाना जाता है, जबकि उत्तरी बिहार में मत्स्यपालन बड़े पैमाने पर होता है। यह जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार में मछली उत्पादन में तीन गुनी बढ़ोतरी हुई। यहां बाणासुर मत्स्यबीज प्रक्षेत्र की 32 एकड़ भूमि पर मछली पालन के अलावा इको टूरिज्म विकसित किया जाएगा। इस स्थल के एक तरफ रेलवे ट्रैक है जबकि दूसरी तरफ फोरलेन सड़क है।

कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह एवं जीतन राम मांझी, भोजपुर जिला के प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, मंत्री संजय सिंह टाइगर, श्रेयसी सिंह, सांसद सुदामा प्रसाद, डॉ. अभिलक्ष लिखी और शीर्षत कपिल अशोक ने भी सम्बोधित किया। मौके पर विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, राधाचरण साह, महेश पासवान, राकेश रंजन, विधान पार्षद जीवन कुमार एवं सोनू कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह एवं संजय कुमार सिंह, प्रमंडलीय आयुक्त मयंक वरवड़े, डीआईजी डॉ. सत्य प्रकाश, डीएम तनय सुल्तानिया, एसपी श्री राज सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## मनेर से बक्सर तक गंगा के किनारे मरीन ड्राइव की तर्ज पर बनेगी सड़क

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीन ड्राइव की तर्ज पर मनेर से बक्सर तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिसका नामकरण महर्षि विश्वामित्र के नाम पर होगा। वर्ष 2030 में जब मैं आप सभी के बीच वोट मांगने आऊंगा, तब आपके बगल में मरीन ड्राइव ऐसा होगा जो आपको तथा आपके खेत को पानी से सुरक्षित रखेगा। पहले बिहार को सोन नदी का पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता था। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में समझौता हुआ कि सोन नदी का दो तिहाई पानी बिहार को मिलेगा, जबकि एक तिहाई पानी झारखंड इस्तेमाल करेगा। मनेर के पास एक बराज बनाया जाएगा, जो सोन नदी के पानी को गंगा नदी में जाने से रोकेगा। पूरे बिहार में खराब पड़े 70 हजार चापाकलों को 15 जून तक दुरुस्त करने का लक्ष्य निर्धारित था, जिनमें से 65 हजार को दुरुस्त कर लिया गया है।

### ढाई लाख लोगों के घरों की छतों पर लगेंगे सोलर पैनल

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 से बिहार के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। अब हमलोगों ने ढाई लाख लोगों के घरों की छतों पर सोलर युक्त बिजली मुहैया कराने हेतु सोलर पैनल लगाने का काम शुरू किया है। नवादा जिले में डैम पर सोलर पंप स्टोरेज सिस्टम लगाने का काम शुरू किया गया है। पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली आपूर्ति करने वाला राज्य बिहार है।

### ना सोना है, ना सोने देना है सरकार सदैव आपके साथ है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने आमलोगों की सुविधा के लिए पंचायतों में सहयोग शिविर कार्यक्रम शुरू कराया है। प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें अपनी समस्याओं के निष्पादन हेतु लोग आवेदन देते हैं। आवेदन देने के 30वें दिन के अंदर आवेदन का निष्पादन नहीं किया जाता है, तो 31वें दिन संबंधित पदाधिकारी स्वतः निलंबित हो जायेंगे। ना सोना है और ना सोने देना है। सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पति से झगड़े के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर गांव में रविवार की रात पति से झगड़ा के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर गांव निवासी भीम महतो की 28 वर्षीया पत्नी पिंकी देवी है।

### देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाने की पुलिस ने देशी शराब के धंधेबाज को गौसगंज के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 7.900 लीटर देसी शराब बरामद की गयी। गिरफ्तार धंधेबाज गौसगंज मोहल्ले का निवासी नीतीश कुमार है। बताया जाता है कि टाउन थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि गौसगंज में एक व्यक्ति देशी शराब की खरीद-बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया। टाउन थाने में पुलिस ने उसके खिलाफ बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### इसुआपुर में पैक्स प्रबंधक को चाकू मार 5.60 लाख रुपये और बाइक लूटी

**इसुआपुर (दैनिक नवसंदेश)।** एसएच 90 स्थित चहपुरा देवी स्थान से बजरहियां ग्रामीण सड़क पर सोमवार की सुबह करीब 9.30 बजे अपराधियों ने दिनदहाड़े केरवां पैक्स के प्रबंधक को चाकू मारकर घायल कर दिया और उनसे 5 लाख 60 हजार रुपये और मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार परसा गांव निवासी स्व. सोभी साह के पुत्र पैक्स प्रबंधक छोटेलाल साह अपने घर से 5.60 लाख रुपये लेकर रामपुर अटौली पैक्स डोईला मिल पर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपाची बाइक पर सवार तीन अज्ञात लुटेरों ने उनकी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को रोक लिया। अपराधियों ने बाइक की चाबी निकालकर रुपये और मोटरसाइकिल छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर अपराधियों ने उनके साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। हमले में छोटेलाल साह की पीठ पर छह, बाएं हाथ पर तीन तथा पैर पर चाकू के एक वार किए गए जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद लुटेरों ने मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखे रुपए और बाइक लेकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 19 जून से चलेगी छपरा-दिल्ली एक्सप्रेस, रेलमंत्री करेंगे शुभारंभ

**छपरा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)।** 19 जून को छपरा-दिल्ली (आनंद विहार) एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। सारण के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सारण की लंबे समय से चली आ रही मांगों के अनुरूप क्षेत्र को एक और महत्वपूर्ण रेल सौगात मिलने जा रही है। 19 जून को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं बिहार के मुख्यमंत्री छपरा में छपरा-दिल्ली (आनंद विहार) एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस नई रेल सेवा के प्रारंभ होने से सारण एवं आसपास के जिलों के यात्रियों को दिल्ली से सीधा एवं सुविधाजनक संपर्क प्राप्त होगा। सांसद ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पटना आगमन के बाद सोनपुर होते हुए छपरा पहुंचेंगे तथा नई रेल सेवा का उद्घाटन करेंगे। सांसद रूडी ने कहा कि सारण में रेल सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास को लेकर रेल मंत्रालय लगातार सकारात्मक पहल कर रहा है। उन्होंने रेल मंत्री को छपरा एवं सारण क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न रेल परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं तथा लंबित मांगों की भी जानकारी उपलब्ध कराई है।

### 16 से 18 जून तक छपरा के हर प्रखंड में लगेंगे विशेष शिविर

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, मानसून एवं संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने तथा विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों में तेजी लाने को लेकर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक समन्वय बैठक में अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में विकास योजनाओं, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 जून को जिले की 40 पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16, 17 एवं 18 जून को सभी प्रखंडों में प्रखंड सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी तथा अन्य आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व में प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति लाभुकों को बताई जाए तथा नए आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में न्यायालय से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय पर स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट एवं आवश्यक प्रतिवेदन दाखिल करने का निर्देश दिया। वहीं अभियान बसेरा के तहत पात्र परिवारों को वास भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया गया। आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को आपदा संपूर्ति पोर्टल पर परिवारों की सूची अद्यतन करने का निर्देश देते हुए कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं सहायता वितरण के लिए सटीक डाटा अत्यंत आवश्यक है। साथ ही सड़क निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े अधिकारियों को संभावित जलजमाव वाले स्थलों की पहचान कर वहां जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी अंचलाधिकारियों को तटबंधों के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों के लिए विस्तृत संचार योजना तैयार कर जिला आपदा शाखा को उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सूचना एवं राहत कार्य सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) की रोकथाम को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग को संध्या चौपालों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने, शिक्षा विभाग को विद्यालयों में स्लोगन लेखन एवं अभिभावक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा जीविका एवं आईसीडीएस के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला उद्योग केंद्र परिसर में शीघ्र टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित कर उसे क्रियाशील बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय उद्यमियों और युवाओं को तकनीकी संसाधनों एवं प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं को लेकर उन्होंने सभी बीडीओ को विशेष अभियान चलाकर लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण का शेष कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को कुंवर सिंह की प्रतिमा भेंट करते डीएम तनय सुल्तानिया।

## धर्मावती नदी पर बने पुल का उद्घाटन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के सहजौली एवं हिरखी पिपरा गांव के बीच धर्मावती नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन पूर्व विधायक राहुल तिवारी ने किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की करीब तीन दशक पुरानी मांग आज पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि पुल के दोनों ओर पक्की सड़क निर्माण के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। ताकि लोग वर्षभर इसका लाभ उठा सकें। पूर्व विधायक ने कहा कि इस पुल के निर्माण से मत्स्य पालन एवं सब्जी की खेती करने वाले किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। शाहपुर प्रखंड मुख्यालय से सुहियां भागड़ की दूरी अब मात्र छह किलोमीटर रह गई है। जबकि पहले लोगों को लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। दूरी कम होने से समय और परिवहन खर्च दोनों की बचत होगी, जिससे लोगों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पुल का निर्माण उनके विधायक निधि कोष से लगभग 15 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया बीरबल सिंह, बलिराम यादव तथा पूर्व मुखिया जनमेजय यादव ने कहा कि पुल बनने से हजारों किसानों एवं आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में शंकर यादव, जुबेर खान, राजनाथ चौधरी, सुरेमन चौधरी, परशुराम यादव, बरमेश्वर यादव, हरिशंकर यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



नवनिर्मित पुल का उद्घाटन करते पूर्व विधायक राहुल तिवारी व अन्य।

**तीन दशक पुरानी मांग हुई पूरी, सहजौली-हिरखी पिपरा के बीच हुआ आवागमन आसान**

## समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के तहत तीन गांवों में लगा स्वास्थ्य शिविर

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। एचडीएफसी बैंक द्वारा वित्तपोषित एवं भारतीय जन उत्थान परिषद, बिहारशरीफ द्वारा क्रियान्वित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम परियोजना के तहत करनामेपुर, ईश्वरपुरा एवं प्रसौन्डा गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य शिविर में कुल 480 लोगों की शुगर एवं रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार मुत दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया। कार्यक्रम में प्रखंड आंगनबाड़ी सेविका संघ की अध्यक्ष गीता पांडे, सत्यनारायण कुमार, टिंकू मिश्रा, दीपक उपाध्याय, चंद्रभूषण समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## धारदार हथियार से गला रेत महिला की हत्या, सनसनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गड़हनी थाना के शिवपुर गांव में सोमवार की सुबह धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की हत्या कर दी गई। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप अपने दामाद पर लगाया। गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया। मृतका शिवपुर गांव निवासी संतोष कुमार सिंह की 35 वर्षीया पत्नी सरिता देवी है। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव निवासी मृतका के पिता गुरु गोविंद सिंह ने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी वर्ष 2013 में संतोष कुमार सिंह से की थी। शादी के पांच साल तक सब कुछ ठीक चला। उसके बाद पति दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा और बेटी को अपने साथ रखने से इंकार कर दिया। बेटी सरिता देवी ने वर्ष 2018 में अपने पति पर दहेज प्रताड़ना का केस भी किया था। पति संतोष असम में प्राइवेट काम करता है। केस के सिलसिले से ही शिवपुर गांव वापस लौटा था। 10 जून की शाम उनकी फोन पर बेटी से बात हुई थी। दामाद 10 जून को उसके पास गया था और हत्या कर फरार हो गया। 15 जून को बंद कमरे से दुर्गंध आने पर हत्या का पता चला।

**मृतका के पिता ने दामाद पर लगाया आरोप**

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, छह जख्मी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में सोमवार की सुबह जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों से सगे भाई समेत छह लोग जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए बिहिया पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक पक्ष के बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी सोमारू यादव के 42 वर्षीय पुत्र निर्मल यादव, 37 वर्षीय पुत्र शंकर यादव, 40 वर्षीय पुत्र अजय यादव एवं 35 वर्षीया बहू आशा देवी शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी बबन सिंह के 33 वर्षीय पुत्र श्रीकांत एवं 28 वर्षीय पुत्र आनंद मोहन मुन्ना शामिल है। इधर, एक पक्ष के श्रीकांत ने बताया कि उनका घर के बगल में परती जमीन है। जिस पर निर्मल यादव और शंकर यादव द्वारा जबरन घर बनाया जा रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो लोगों द्वारा लाठी-डंडों एवं लोहे के रड से उनकी पिटाई कर दी गई। जबकि दूसरे पक्ष के निर्मल यादव ने बताया कि छह डिसमिल जमीन को लेकर कुछ महीनो से बबन यादव से विवाद चल रहा है। इसे लेकर करीब पांच-सात बार सरकारी एवं प्राइवेट अमीन द्वारा जमीन की मापी की जा चुकी है। बावजूद इसके उन लोगों के द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा जमाया जा रहा है।

### बढ़ रहे तापमान के कारण शैक्षणिक गतिविधियों पर 20 तक रोक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले में बढ़ रहे तापमान, विशेष रूप से दोपहर में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। उक्त के आलोक में भोजपुर के सभी निजी सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल सहित) में वर्ग-05 तक के कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर तक पूर्णरूपेण एवं वर्ग-06 से वर्ग-08 तक के कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाहन 10:30 बजे के बाद प्रतिबंधित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन को निदेश दिया गया है कि वे उल्लिखित आदेश के अनुरूप शैक्षंणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करेंगे। उपर्युक्त आदेश 16 से 20 जून तक लागू रहेगा।

## रेलगाड़ी से गिरकर रिटायर्ड आर्मी मैन के पुत्र की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगजीवन हाल्ट के समीप रविवार की रात ट्रेन से गिरकर रिटायर्ड आर्मी मैन के पुत्र की मौत हो गई। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी त्रिभुवन राम का 37 वर्षीय पुत्र युधेश्वर कुमार है। वह पहले बीएसएफ में था।

### युवक का शव दूसरे दिन मिला

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बबुरा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में घर से मछली मारने के लिए निकले युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव बबुरा सूअरमरवा स्थित सोन नदी किनारे से रविवार की देर शाम बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक बबुरा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी शिव बिहारी बिन का 27 वर्षीय पुत्र वकील कुमार है।

### अधेड़ का शव छठे दिन बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चौरी थाने के विश्वंभरपुर गांव में घर से निकले अधेड का शव छठे दिन बरामद हुआ। शव सड़ी-गली अवस्था में थाना क्षेत्र के बेरथ गांव स्थित कुएं से सोमवार की सुबह बरामद हुआ। परिजन ने हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का आरोप लगाया है। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के विश्वंभरपुर गांव निवासी स्व. भगवान सिंह के 55 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र सिंह हैं।

## बैंक मित्र के माध्यम से घर-घर पहुंचेगी बैंकिंग सुविधा

**जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड अंतर्गत हरीगांव पंचायत के मेदापुर गांव में महिला मेदापुर दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति में सहकारिता में सहकार योजना अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। उद्घाटन गौतम कुमार सिंह तथा अध्यक्षता चेयरमैंन सत्येंद्र नारायण सिंह ने की। मुख्य महाप्रबंधक बिहार श्री सिंह ने दुग्ध उत्पादन समिति में बैंक मित्र के माध्यम से घर-घर तक बैंकिंग सुविधा दिए जाने की घोषणा की। साथ ही राज्य स्तर से समिति के माध्यम से मवेशी क्रय किए जाने हेतु सस्ता ऋण आधारभूत संरचना निर्माण हेतु सहयोग सहकारी बैठक के माध्यम से दिए जाने की घोषणा की। बैठक को सेंट्रल कोअपरेटिव बैंक आरा-बक्सर के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सत्यदेव ओझा, त्रिवेणी प्रसाद सिंह निदेशक, श्रीमती सुरभि महाप्रबंधक नाबार्ड, भोला प्रसाद सिंह उप महाप्रबंधक नाबार्ड, शाहनवाज आलम प्रबंध निदेशक कोअपरेटिव बैंक आरा, राणा प्रताप कुशवाहा निर्देशक सेंट्रल कोअपरेटिव बैंक आरा ने भी संबोधित किया। बैठक में शाखा प्रबंधक राकेश कुमार गुप्ता, समिति सुपरवाइजर वीरेंद्र सिंह, श्रीमती चंदा देवी अध्यक्ष महिला मेदापुर दुग्ध उत्पादन समिति, श्रीमती पूजा देवी, लाल बाबु सिह, धनेलाल सिंह विनोद सिंह,कुवर सिंह, गौरी शंकर सिंह राधा मोहन सिंह, बालेश्वर सिंह,गोधन सिंह, बुधराम सिंह, जवाहर सिंह आदि बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम में सबसे पहले आगत अतिथियों को अंग वस्त्र एवं फूल का गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। संचालन वरीय प्रबंधक कुमार राजीव रंजन ने किया।



**दुग्ध उत्पादक समितियां की भूमिका पर विशेष गोष्ठी का किया गया आयोजन**

## बाइक की ठोकर से 60 वर्षीया महिला की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-सलेमपुर मार्ग पर बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मृतका संदेश थाना क्षेत्र के रेपूरा गांव निवासी राधामोहन राम की 60 वर्षीया पत्नी धनवंती देवी है। मृतका के पति राधा मोहन राम ने बताया कि श्रद्धकर्म में शामिल होने के लिए वे अपनी पत्नी धनवंती देवी के साथ शनिवार को अपने ससुराल बभनौली गांव आए थे। लौटने के क्रम में जब उनकी पत्नी अटो पर बैठने के लिए सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान तेज रतार में आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार में सपा ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।


लोगों की समस्याएं सुनते एसपी।

### ब्रह्मभोज में मजदूरी के कार्य करने गए मजदूर की हुई संदिग्ध मौत



**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नैनसुख बीघा गांव में ब्रह्मभोज में मजदूरी का कार्य करने गए एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्था थाना क्षेत्र के सचई मठिया गांव निवासी विगान दास के 35 वर्षीय पुत्र नागेश दास जो मजदूरी कर अपने परिवार का जिबकोपार्जन करता था। बीती रात नैनसुख विगहा गांव निबासी नॉलेश शर्मा के यहाँ ब्रह्मभोज का कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में नागेश दास मजदूरी करने गया था तभी देर रात नागेश दास की मौत की सूचना उनके परिजनों को मिली। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन नैनसुख बीघा गांव पहुंचे। इस संबंध में मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि जब मैं नयनसुख विगहा गांव गया तो देखा कि मेरा पति का मृत शरीर एक चौकी पर पड़ा था। ग्रामीण हार्ट अटैक से मौत तो कोई बिजली के करंट से मौत की बात बता रहे थे। हालांकि कुर्था थाने की पुलिस आनन-फानन में शब को अपने कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए अरवल सदर अस्पताल भेज दी थी। वही मृतक के पत्नी सुनीता देवी ने कुर्था थाने में आवेदन देकर उक्त घटना को लेकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि देर रात नैनसुख बीघा गांव से एक मजदूर की मौत की सूचना मिली थी। आनन फानन में उस मजदूर को देर रात अरवल सदर अस्पताल भेज अंतपरीक्षण कराया। हालांकि परिजनों द्वारा उक्त मामले को लेकर आवेदन आया है। मामले की तहकीकात की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृश्टया यह मामला हार्ट अटैक से हुई मौत प्रतीत होता है।

### मानिकपुर थाने की पुलिस में किया एक वारंटी को गिरफ्तार भेजा जेल


गिरफ्तार वारंटी।

**कुर्था (एनएसबी)** अरवल पुलिस अधीक्षक डॉ0 नवजोत सिमी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत मानिकपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान मानिकपुर थाना क्षेत्र के निघवा गांव से एक एनबीडब्ल्यू बारंटी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि अरवल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे है। छापेमारी अभियान के तहत मानिकपुर थाना क्षेत्र के निघवा पंचायत के कृपाबिगहा गाब से एक एन बी डब्ल्यू वारंटी सत्येंद्र यादव पिता नरेश यादव को इनके घर से विधिवत गिरफतार कर जेल भेज दी गई। छापामारी अभियान में थानाध्यक्ष के अलावे एस आई दिनेश कुमार, अंकित कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### अग्नि सुरक्षा मानकों की होगी सख्त निगरानी, अस्पतालों व होटलों में विशेष जांच अभियान शुरू

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, होटलों, लॉज एवं गेस्ट हाउसों में विशेष अग्नि सुरक्षा जांच अभियान प्रारंभ किया है। हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई अग्निकांड की घटनाओं के मद्देनजर यह कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी के संयुक्त नेतृत्व में विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन निकास मार्गों, सीढ़ियों, गलियारों तथा फायर टेंडर के आवागमन मार्गों की गहन जांच की जा रही है। अस्पतालों में विद्युत भार, वायरिंग, अर्थिंग, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर एवं ऑक्सीजन मैनिफोल्ड क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की विशेष समीक्षा की जा रही है। वहीं होटलों एवं लॉज में एलपीजी गैस सिलिंडरों के सुरक्षित उपयोग, भंडारण एवं वैध अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

### जनता दरबार में 39 मामलों की सुनवाई, जिला पदाधिकारी ने दिया त्वरित निष्पादन का आश्वासन

**जहानाबाद (एनएसबी)।** "सबका सम्मान, जीवन आसान" संकल्प के तहत सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय ने आमजनों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान कुल 39 आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनता दरबार में अतिक्रमण से संबंधित 13, भूमि विवाद के 4, बंदोबस्ती पर्चा का 1, नली-गली निर्माण के 2, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 3, सड़क निर्माण के 2, राशन कार्ड के 3 तथा परिमार्जन के 3 मामलों सहित विभिन्न जनसमस्याएं प्राप्त हुईं। जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद, अतिक्रमण एवं बंदोबस्ती पर्चा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अंचल पदाधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। राशन कार्ड संबंधी मामलों के समाधान हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, विद्युत समस्याओं के लिए कार्यपालक अभियंता, नल-जल योजनाओं के लिए पीएचईडी तथा पेंशन मामलों के लिए सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार में अपर समाहर्ता राजस्व अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव सिन्हा, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### श्रम विभाग की योजना बनी किरण देवी का संबल, मृत्यु हित-लाभ योजना से मिली दो लाख रुपये की सहायता

**जहानाबाद (एनएसबी)।** रतनी फरीदपुर प्रखंड की निवासी श्रीमती किरण देवी के जीवन में श्रम विभाग की एक कल्याणकारी योजना नई आशा लेकर आई है। उनके पति स्वर्गीय प्रविंद दास निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक थे और परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे। उनके असामयिक निधन के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया तथा बेटी के भविष्य और विवाह की चिंता ने किरण देवी को परेशान कर रखा था।

# डीएम ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक

**अरवल (एनएसबी)।** 16. 17 एवं 18 जून को आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक - जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 16, 17 एवं 18 जून, 2026 को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने शिविर के सफल एवं प्रभावी आयोजन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल स्थापित किए जाएं तथा प्रत्येक स्टॉल पर विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की सूची प्रमुखता से प्रदर्शित की जाए, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके।


बैठक करते डीएम।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी तथा आवश्यक निष्पादन की कार्रवाई प्रखंड स्तर पर ही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना के लिए पृथक काउंटर की व्यवस्था की जाए तथा संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही लाभुकों की सुविधा, पेयजल, छायादार प्रतीक्षालय, बैठने की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, तकनीकी सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा विभिन्न सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार, लाभुकों की अधिकतम भागीदारी तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं


लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 10 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। समस्याएँ मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, कब्जा, मापी, आवास योजना, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, उप विकास आयुक्त कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, थाना प्रभारी कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। कुर्था प्रखण्ड स्थित ग्राम सैदपुर निवासी मो आसिक अंसारी द्वारा बताया गया कि मेरे नीजी जमीन पर अवैध रूप से दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है तथा मापी भी नहीं करने दिया जाता है। अंचलाधिकारी कुर्था द्वारा मापी के लिए टाल मटोल किया जा रहा है, मापी करवाने हेतु आदेश निर्गत करवाने की कृपा की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी कुर्था को मापी हेतु नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए 07 दिनों के अन्दर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम पंचायत शहर तेलपा वार्ड नं0 08 के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि 42 घरों का नाली का पानी जहाँ गिरता था वहाँ पर जमीन वाले मिट्टी भरकर अवरूध कर दिया गया है, जिससे गंदगी पानी से बिमारी फैलने की अशंका है। नाली का समाधान यथा शीघ्र करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त अरवल, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी मनरेगा अरवल को नियमानुसार उड़ाही हेतु निदेशित किया गया तथा अंचलाधिकारी करपी को नापी कर सरकारी जमीन चिन्हित करने हेतु नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम पहड़पुरा निवासी जयराम शर्मा द्वारा बताया गया कि मेर नीजी जीमन में नाली का पानी गिराया जा रहा है जिससे प्रत्येक साल काफी नुकसान किया जा रहा है। नाली निर्माण करवाने की कृपा की जाए ताकि नुकसान से बचाया जा सके। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी एवं प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी करपी को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

## बहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने भ्रमण के दौरान दिए आवश्यक निर्देश

**अरवल (एनएसबी)।** बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्वारा विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण, बच्चों के कल्याण एवं संरक्षण को लेकर दिए आवश्यक निर्देश दिनांक 15 जून, 2026 को बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पटना के अध्यक्ष डॉ अमरदीप का जिला आगमन हुआ। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष द्वारा जिले के विभिन्न बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण से संबंधित संस्थानों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, पुरानी अरवल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि केंद्र पर कुल 35 नामांकित बच्चों में से 20 बच्चे उपस्थित थे।अध्यक्ष द्वारा सेविका एवं महिला पर्यवेक्षिका को बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने हेतु आवश्यक प्रयास करने तथा अभिभावकों के साथ सत्तत संपर्क बनाए रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं एवं बच्चों को प्रदान की जा रही सेवाओं की भी समीक्षा की गई।

विहार सरकार तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा बाल कल्याण समिति, अरवल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विगत एक वर्ष में समिति के समक्ष आए मामलों के निष्पादन की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त मामलों के निष्पादन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों, अन्य सहयोगी विभागों से प्राप्त समन्वय एवं सहयोग तथा बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष द्वारा सभी संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए बाल हितों के संरक्षण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत अध्यक्ष ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, अरवल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में संस्थान की कार्यप्रणाली, दत्तक ग्रहण की प्रक्रियाओं तथा बच्चों के पुनर्वास सबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया एवं इसके महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार पंचायत एवं ग्रामीण स्तर तक किया जाए, ताकि ऐसे बच्चों को एक सुरक्षित, स्नेहपूर्ण एवं समुचित पारिवारिक वातावरण प्राप्त हो सके। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान माननीय अध्यक्ष द्वारा सदर अस्पताल, अरवल स्थित विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एसएनसीयू में कुल 08 नवजात शिशुओं का उपचार चल रहा था। माननीय अध्यक्ष ने चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों से नवजात शिशुओं के उपचार, उपलब्ध सुविधाओं, संसाधनों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यह भी जानने का प्रयास किया कि बच्चों के उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई या अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता तो नहीं है तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए। अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के अधिकारों का संरक्षण, उनका समुचित पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना समाज एवं प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष के साथ सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, राजन कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) श्रीमती माला कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते अध्यक्ष।

## कला, साहित्य और समाजसेवा के साधकों का हुआ सम्मान



**जहानाबाद (एनएसबी)।** नागरिक विकास मंच, जहानाबाद द्वारा स्थापित जहानाबाद साहित्यिक काव्य गोष्ठी सह पारिवारिक केंद्र के तत्वावधान में गांधी मैदान स्थित को-ऑपरेटिव बैंक परिसर में कला प्रेमी सम्मान समारोह, श्रद्धांजलि सभा एवं पाक्षिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के वीर सपूत फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, वयोवृद्ध कवि स्वर्गीय राम विनय शर्मा ह्यविनयह्ल तथा स्वर्गीय रामहित प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**श्रद्धांजलि सभा में याद किए गए शहीद शुभम, कविवर राम विनय शर्मा विनय और रामहित प्रसाद**

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षाविद् डॉ. एस.के. सुनील ने की, जबकि संचालन नागरिक विकास मंच के सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार-साहित्यकार संतोष श्रीवास्तव ने किया। स्वर्गीय रामहित प्रसाद की 31वीं पुण्यतिथि तथा स्वर्गीय राम विनय शर्मा ह्यविनयह्ल की पुण्य स्मृति को समर्पित इस आयोजन में साहित्य, कला, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले आठ रचनाकारों और समाजसेवियों को "राम विनय शर्मा 'विनय' सम्मान" से अलंकृत किया गया। सम्मानित होने वालों में वयोवृद्ध साहित्यकार सत्येंद्र पाठक, साहित्यकार एवं पंजाब नेशनल बैंक के अवकाशप्राप्त अधिकारी सत्येंद्र मिश्र, शिक्षाविद् डॉ. एस.के.



सुनील,वरिष्ठ पत्रकार वरीय साहित्यकार संतोष श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार सुधाकर राजेन्द्र , मगही विकास मंच के सचिव अरविंद कुमार आंजाश, शब्दाक्षर की जिलाध्यक्ष एवं कवयित्री सावित्री सुमन, कवयित्री ममता प्रिया, कवयित्री डॉ. मानसी सिंह सहित अन्य साहित्य साधक शामिल रहे। सभी को स्मृति चिह्न एवं ह्यमगही मयंकह्ल पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं, बल्कि उसकी आत्मा भी है। स्वर्गीय राम विनय शर्मा ह्यविनयह्ल और रामहित प्रसाद जैसे व्यक्तित्वों ने जीवनभर साहित्य, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वहीं फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार के अदम्य साहस और राष्ट्रसेवा को नमन करते हुए उन्हें जिले का गौरव बताया गया।

## निसरपुरा दोहरा हत्याकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक दिन में दो ने किया सरेंडर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** भेलावर थाना कांड संख्या-194/26 के तहत चर्चित निसरपुरा दोहरा हत्याकांड में जहानाबाद पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि मामले के कुल 17 नामजद अभियुक्तों में से अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं सोमवार को दो अभियुक्तों ने माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय के आदेश पर फरार अभियुक्त अंकित यादव (पिता-उदय यादव) के घर की विधिवत कुर्की की गई। पुलिस की लगातार दबिश और कानूनी कार्रवाई के दबाव में एक अन्य आरोपी नीतीश ने भी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले पांच फरार अभियुक्तों के घरों की कुर्की की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पीड़ित परिवार की सुरक्षा को देखते हुए उनके घर पर स्थायी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस जल्द ही मामले में आरोप पत्र दाखिल कर स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की दिशा में कार्रवाई करेगी। जहानाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।




**एक आरोपी के घर हुई कुर्की**

## यातायात थाना का एसपी ने किया निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान जहानाबाद ने सोमवार को यातायात थाना का विधिवत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यातायात थाना प्रभारी, संबंधित अनुसंधानकर्ता (आईओ) एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक ने थाना के विभिन्न अभिलेखों, लंबित कांडों, कार्यालय व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्था का जायजा लेते हुए अभिलेखों के अद्यतन संधारण तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात संचालन को और अधिक व्यवस्थित बनाने हेतु सतर्कता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा और बेहतर यातायात प्रबंधन जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।




## अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, होटलों एवं लॉज में विशेष अग्नि सुरक्षा जांच अभियान शुरू

**जहानाबाद (एनएसबी)।** राज्य में हाल के दिनों में हुई अग्निकांड की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बिहार अग्निशमन सेवा एवं जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, होटलों, लॉज तथा गेस्ट हाउसों में विशेष अग्नि सुरक्षा जांच अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी के संयुक्त नेतृत्व में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान के दौरान अग्नि सुरक्षा उपकरणों, विद्युत व्यवस्था, आपातकालीन निकास मार्गों, सीढ़ियों, गलियारों तथा फायर टेंडर पहुंच मार्गों की गहन जांच की जा रही है। अस्पतालों को विद्युत भार, वायरिंग, अर्थिंग एवं ऑक्सीजन मैनिफोल्ड क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं होटलों एवं लॉज में एलपीजी गैस सिलिंडरों के सुरक्षित उपयोग एवं भंडारण की विशेष जांच की जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों से अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा निरीक्षण दल को आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।